RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 9 अंक 102
नई दिल्ली, बुधवार, 17 फरवरी, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



अक्षर पटेल की शानदार गेंदबाजी
स्पोर्ट्स-10

# पीछे हटने लगीं भारत-चीन की सेनाएं

● एलएसी पर फिंगर 4 और पैंगोंग झील के तटीय इलाके से वापस जा रहा चीन, सप्ताहांत तक प्रक्रिया पूरी होने की उम्मीद

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



फाइल फोटो

**सीमा** पर गतिरोध दूर करने के लिए हुए समझौते का पालन करते हुए भारत और चीन दोनों ने ही पूर्वी लद्दाख में पंगोंग त्सो (झील) के पास तनाव वाले बिंदुओं से अपने सैनिकों और युद्धक टैंकों को हटाना शुरू कर दिया है।

भारतीय सेना द्वारा मंगलवार को जारी किए गए वीडियो और तस्वीरों में साफ देखा जा सकता है कि चीनी सेना तेजी से अपने टेंट हटा रही है और फिंगर 4 पर निर्मित अस्थायी संरचनाएं जैसे बंकर आदि को ध्वस्त कर रही है। यदि वर्तमान स्थिति जारी रही तो उम्मीद है सप्ताह के आखिर तक भारतीय और चीनी सेनाएं पैंगोंग झील में टकराव वाली साइट से पूरी तरह हट जाएंगी। तनाव कम करने के लिए सेनाएं पीछे हटाने की यह प्रक्रिया 10 फरवरी को शुरू हुई थी। यह लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर दस महीने से चले आ रहे तनाव को समाप्त करने की लंबी प्रक्रिया का पहला चरण है। समझौते के अनुसार चीन के सैनिक अब फिंगर 8 के पूर्व में पैंगोंग झील के उत्तरी किनारे पर तैनात रहेंगे जबकि भारतीय सेना फिंगर 3 के पास धन सिंह थापा पोस्ट पर अपने स्थायी ठिकाने पर तैनात रहेगी। इनके बीच का इलाका नो मैंस लैंड रहेगा। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने 11 फरवरी को संसद में बयान दिया था कि एक बार पैंगोंग झील के दक्षिणी और उत्तरी किनारे से सैनिकों के पूरी तरह हट जाने के बाद 48 घंटों के भीतर दोनों सेनाओं के कोर कमांडर संयुक्त रूप से स्थिति की समीक्षा करेंगे। उन्होंने कहा कि सैन्य और राजनयिक स्तर की कई दौर की बातचीत के बाद दोनों पक्षों के बीच समझौता हुआ। इसके अनुसार दोनों देशों की सेनाएं व्यवस्थित और शांतिपूर्ण ढंग से पीछे हटेंगी। राजनाथ ने संसद में यह भी कहा कि भारत ने इस समझौते में कुछ भी नहीं खोया हैं। भारतीय सेना द्वारा जारी किए गए नवीनतम वीडियो और तस्वीरों में पैंगोंग झील क्षेत्र के दक्षिण तट से भारतीय और चीनी टैंकों को वहां से जाते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में चीनी सेनाओं को टेंट और बंकरों को ध्वस्त करने के साथ पहाड़ी इलाकों की ओर जाते हुए दिखाया गया है। बड़ी संख्या में चीनी सैनिकों को एक पहाड़ी के पास ट्रकों की ओर जाते हुए देखा जा रहा है। ये ट्रक उन्हें यहां से दूर ले जाने के लिए खड़े हैं। यही नहीं, चीनी अर्थ मूवर मशीनें भूमि को समतल भी कर रही हैं। फिंगर 8 और फिंगर 3 के बीच का क्षेत्र नो मेंस लैंड रहेगा यानी इस जमीन पर किसी भी देश की सेना अपना हक नहीं जताएगी।

जब तक सैन्य और राजनयिक स्तर पर कुछ अन्य मुद्दों का हल नहीं निकल जाता तब तक दोनों देशों की सेनाएं वहां गश्त नहीं कर पाएंगी। चीनी सैनिकों ने फिंगर 8 से फिंगर 4 के बीच भारी ढांचा तैयार कर लिया था। यहां भारतीय सैनिकों की पोजिशन स्पष्ट नजर आ रही थी। अगस्त के अंत में पैंगोंन्ग त्सो के दक्षिण किनारे पर कार्रवाई के बीच भारतीय सेना ने भी सामरिक लाभ हासिल करने के लिए फिंगर 4 के आसपास अपनी पोजिन मजबूत कर ली थी। एक बार पैंगोंग झील के किनारों से दोनों देशों की सेनाएं पूरी तरह हटने के बाद अगले सप्ताह होने वाली कोर कमांडर वार्ता में अगले चरण पर चर्चा होगी। इस बैठक में गोगरा और हॉट स्प्रिंग्स में तनाव वाले बिंदुओं पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। दोनों पक्षों के बीच विवाद का सबसे बड़ा मुद्दा डेपसांग होगा, जहां चीनी सेना भारतीय सेना को पीपी 10 से 13 तक गश्त करने से रोक रही है।

# भारत में दक्षिण अफ्रीकी व ब्राजीलियाई स्ट्रेन की एंट्री

● कोरोना के दक्षिण अफ्रीकी स्वरूप से चार ब्राजील के वैरिएंट से एक व्यक्ति पाया गया संक्रमित

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



नई दिल्ली के हिन्दूराव अस्पताल में मंगलवार को कोरोना का टीका लगवाती एक महिला

**भारत** में यूके कोविड-19 वैरिएंट के 123 मामले सामने आने के बाद दक्षिण अफ्रीकी स्ट्रेन के चार और ब्राजीलियाई स्ट्रेन का एक केस देश में पाया गया है। आईसीएमआर के महानिदेशक बलराम भार्गव ने कहा कि भारत में बाहर से लौटे चार लोगों के कोरोना वायरस के दक्षिण अफ्रीकी स्वरूप से संक्रमित होने की पुष्टि हुई।

संक्रमितों में से दो लोग दक्षिण अफ्रीका से लौटे थे जबकि एक-एक व्यक्ति अंगोला और तंजानिया से लौटा था। सभी यात्रियों और उनके संपर्क में आए लोगों की जांच कर उन्हें पृथकवास में रखा गया है। उन्होंने कहा कि आईसीएमआर-एनआईवी इन चार संक्रमित लोगों के नमूनों से दक्षिण अफ्रीकी स्वरूप को अलग करने और अन्य जानकारी जुटाने का प्रयास कर रहा है। फरवरी के पहले सप्ताह में ब्राजील से लौटे एक व्यक्ति के वायरस के ब्राजीलियाई स्वरूप से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। भार्गव ने कहा कि वायरस के स्वरूप को आईसीएमआर-एनआईवी, पुणे में सफलतापूर्वक अलग किया गया है। उन्होंने कहा कि टीके की प्रभावशीलता का आकलन करने के लिए प्रयोग किए जा रहे हैं। भार्गव ने वायरस के दोनों स्वरूपों की चर्चा करते हुए कहा कि दक्षिण अफ्रीकी स्वरूप का पहली बार मध्य दिसंबर में पता लगा। यह स्वरूप 44 देशों में फैल गया है।

वायरस के ब्राजीलियाई स्वरूप का पता जनवरी में लगा और यह अब तक 15 देशों में फैल चुका है। इस बीच, देश में कोरोना वायरस के ब्रिटेन वाले स्वरूप से संक्रमित लोगों की संख्या बढ़कर 187 हो गई है। लेकिन किसी की मृत्यु नहीं हुई है। उन्होंने जोर दिया कि नए स्वरूपों पर पैनी नजर रखी जा रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने कहा कि ब्रिटिश स्वरूप वाले वायरस का पता लगने के बाद उड़ानों के संबंध में जो रणनीति अपनाई गई थी, वही रणनीति दक्षिण अफ्रीकी और ब्राजीलियाई स्वरूपों का पता लगने के बाद भी अपनाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि हमने ब्रिटेन से आने वाले यात्रियों के लिए आरटी-पीसीआर परीक्षण अनिवार्य किया है। संक्रमित लोगों का जीनोम अनुक्रमण किया जा रहा है। यह एक अच्छी रणनीति है। नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) वीके पॉल ने लोगों (शेष पेज 9)

# पुडुचेरी में अल्पमत में आई कांग्रेस सरकार

● विधायक जॉन कुमार ने दिया इस्तीफा, विपक्ष ने मुख्यमंत्री से मांगा त्यागपत्र

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/पुडुचेरी

**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा विधानसभा चुनाव अभियान की शुरुआत करने से एक दिन पहले मंगलवार को केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में कांग्रेस विधानसभा में अल्पमत में आ गई। पार्टी के विधायक ए जॉन कुमार ने अपना इस्तीफा स्पीकर वीपी सिवाकोलन्थू को सौंप दिया। विपक्ष ने अब सदन में विश्वास मत परीक्षण कराने की मांग की है। पिछले कुछ महीनों में कांग्रेस अपने चार विधायकों को गंवा चुकी है, इनमें से दो ने पिछले दो दिनों में इस्तीफा दिया है। मौजदा सदन में कांग्रेस नीत गठबंधन के अब 14 विधायक रह गए हैं। इस मौके का लाभ उठाते हुए विपक्ष ने मुख्यमंत्री वी नारायणसामी से (शेष पेज 9)

## पुडुचेरी के उपराज्यपाल पद से हटीं किरण बेदी



**नई दिल्ली।** किरण बेदी को पुडुचेरी की उपराज्यपाल के पद से हटा दिया गया है। इसकी जानकारी राष्ट्रपति भवन के प्रवक्ता ने मंगलवार देर रात यह जानकारी दी। इसके साथ ही तेलंगाना की राज्यपाल तमिलिसाई सौंदर्यराजन को पुडुचेरी के उपराज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। राष्ट्रपति के प्रेस सचिव अजय कुमार ने जारी एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति ने निर्देश दिया है कि किरण बेदी (शेष पेज 9)

# चुनावी राज्य पश्चिम बंगाल में भी सभाएं करेंगे किसान नेता

**पायनियर समाचार सेवा।** रोहतक

**केंद्र** के तीन नए कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन के बीच किसान नेताओं ने मंगलवार को कहा कि वे चुनावी प्रदेश पश्चिम बंगाल में भी सभाएं करेंगे। वहीं एक किसान नेता ने संकेत दिया कि वे जनता से ऐसे लोगों को वोट नहीं देने को कहेंगे जो हमारी आजीविका छीन रहे हैं। किसान नेताओं ने यहां गढ़ी सांपला में किसान महापंचायत से इतर संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि कि कई अन्य राज्यों की तरह वे जल्दी ही पश्चिम बंगाल का भी दौरा करेंगे। भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) नेता राकेश टिकैत ने एक सवाल के जवाब में कहा कि हम पूरे देश का दौरा करेंगे, हम पश्चिम बंगाल भी जाएंगे। पश्चिम बंगाल में भी किसान समस्याओं का सामना कर रहे हैं। उन्हें अपनी फसलों के लिए अच्छी कीमतें नहीं मिल रही हैं। उन्होंने महापंचायत को संबोधित करते हुए कहा कि हम देश भर में पंचायतों का आयोजन करेंगे। हम गुजरात, महाराष्ट्र, अन्य स्थानों पर (शेष पेज 9)

# कृषि सुधारों का लाभ छोटे किसानों को ज्यादा होगा: प्रधानमंत्री

● प्रधानमंत्री ने विपक्ष पर नए कृषि कानूनों को लेकर दुष्प्रचार का आरोप लगाया

**पायनियर समाचार सेवा।** बहराइच



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को विपक्ष पर केन्द्र के नए कृषि कानूनों को लेकर दुष्प्रचार का आरोप लगाते हुए दावा किया कि देश के कृषि बाजार में विदेशी कंपनियों को बुलाने के लिए कानून बनाने वाले लोग आज देसी कंपनियों के नाम पर किसानों को डरा रहे हैं।

मोदी ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से महाराजा सुहेलदेव के स्मारक और चित्तौरा झील के विकास कार्य की आधारशिला रखने के बाद अपने संबोधन में कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों पर इन कानूनों के खिलाफ दुष्प्रचार करने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि किसानों ने अब इस दुष्प्रचार में शामिल लोगों को बेनकाब करना शुरू कर दिया है। अन्य पार्टियों ने भी पूर्व में इसी तरह की कृषि सुधारों की पैरवी की थी लेकिन वे इन्हें लागू करने में नाकाम रही। प्रधानमंत्री ने नए कृषि कानूनों का बचाव करते हुए कहा कि छोटे और सीमांत किसानों को इन सुधारों का सबसे ज्यादा लाभ होगा।

उन्होंने कहा कि देश में अनेक ऐसे सेनानी हैं, जिनके योगदान को वह सम्मान नहीं दिया गया जिसके वे हकदार थे। नए कृषि कानूनों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, नए कृषि सुधारों का लाभ छोटे और सीमांत किसानों को सबसे अधिक हो रहा है और उत्तर प्रदेश में नए कानूनों के बाद जगह-जगह से किसानों के बेहतर अनुभव भी सामने आने लगे हैं। उन्होंने कहा कि नए कानूनों के लागू होने के बावजूद उत्तर प्रदेश में इस बार पिछले साल की तुलना में दोगुना धान खरीदा गया। उन्होंने कहा कि गन्ना किसानों को दिक्कत ना हो, इसलिए उन्हें हर संभव मदद दी गई है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश के करीब 2.5 करोड़ किसानों के बैंक खाते में पीएम किसान सम्मान निधि के माध्यम से रुपए जमा किए जा चुके हैं और राज्य में बेहतर होती आधारभूत सुविधाओं का सीधा लाभ किसानों, गरीबों, ग्रामीणों को हो रहा है। कृषि उत्पादक संघों के गठन का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि एक या दो बीघा जमीन वाले करीब 500 किसान परिवार, जब संगठित होकर बाजार में उतरेंगे तो वे बड़े किसानों से भी ज्यादा ताकतवर होंगे। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर देश के कई स्वतंत्रता सेनानियों को उचित सम्मान ना देने के लिए पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधा और कहा कि महाराजा सुहेलदेव के साथ भी (शेष पेज 9)

# मध्य प्रदेश में नहर में गिरी बस, 47 लोगों की मौत



● छह लोग तैरकर सुरक्षित नहर से बाहर आने में सफल रहे

**पायनियर समाचार सेवा।** भोपाल/सीधी/रीवा

**मध्य प्रदेश** के सीधी जिले में रामपुर नैकिन थाना क्षेत्र में यात्रियों से भरी एक बस मंगलवार सुबह पुल से नहर में गिर गई। हादसे में 20 महिलाओं सहित 47 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, छह लोग तैरकर सुरक्षित नहर से बाहर आने में सफल रहे। रीवा के संभागीय आयुक्त राकेश जैन ने घटना की जानकारी देते हुए कहा कि हादसे की जांच मजिस्ट्रेट से कराने का आदेश दिया गया है। उन्होंने बताया, बचाव दलों ने बाणसागर नहर से अभी तक 45 शवों को बाहर निकाला लिया है। मृतकों में 20 महिलाएं, 24 पुरुष एवं एक बच्चा है। उन्होंने बताया कि हादसे के बाद छह लोग तैरकर सुरक्षित नदी से बाहर आ गए हैं। जैन ने बताया, इस घटना के मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश दे दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह हादसा सीधी जिला मुख्यालय से करीब 80 किलोमीटर दूर पटना गांव में हुई। बस सीधी से (शेष पेज 9)

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 52,104 | 49 | |
| निफ्टी | 15,313 | 01 | |
| सोना | 46,900 | 09 | /10g |
| चांदी | 69,530 | 95 | /kg |

## क्विक न्यूज

### भारत ने दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड को 317 रन से हराया

**चेन्नई।** अक्षर पटेल और रविचंद्रन अश्विन ने मनमाफिक परिस्थितियों में इंग्लैंड को अपने स्पिन जाल में फंसाकर भारत को दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में मंगलवार को यहां चौथे दिन ही 317 रन से रिकार्ड जीत दिलाई जिससे चार मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर हो गई। पटेल ने 60 रन देकर पांच विकेट लिए। वह नौवें भारतीय है जिन्होंने अपने पदार्पण मैच में पांच विकेट लिए। भारत की दूसरी पारी में शतक जड़ने वाले अश्विन ने 53 रन देकर तीन विकेट हासिल किए जबकि कुलदीप यादव (25 रन देकर दो) ने बाकी बचे दो विकेट लिए। इससे इंग्लैंड की टीम 482 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए चौथे दिन लंच के कुछ देर बाद 164 रन पर ढेर हो गई। भारत की यह रनों के लिहाज से पांचवी सबसे बड़ी जीत है। (विस्तृत पेज 10 पर)

# मिथुन से मिले भागवत, भाजपा में शामिल होने की चर्चा गरम

● संघ प्रमुख और अभिनेता के बीच दो घंटे बातचीत, बंगाल में बदल सकते हैं समीकरण

● मिथुन ने पारिवारिक मुलाकात बताया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/मुंबई



**राष्ट्रीय** स्वयं सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत मंगलवार को फिल्म अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती से मुंबई के मलाड स्थित उनके घर मिलने पहुंचे। इसके साथ पश्चिम बंगाल में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव में मिथुन चक्रवर्ती के भाजपा में शामिल होने के कयास तेज हो गए हैं। हालांकि अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती ने भाजपा में शामिल होने की खबर से फिलहाल इनकार किया है। सूत्रों के मुताबिक संघ प्रमुख मोहन भागवत और अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती के बीच दो घंटे मुलाकत हुई और दोनों ने सुबह का नाश्ता भी साथ किया। संघ प्रमुख मोहन भागवत की अभिनेता मिथुन (शेष पेज 9)

# अचानक तीव्र सूखा पड़ने की घटनाओं में होगी वृद्धि

● आईआईटी गांधीनगर ने हालिया अध्ययन में किया दावा, आपदाओं में 7-8 गुना हो सकती है बढ़ोतरी

● मानसून के मौसम में अत्यधिक शुष्क और गर्म अवधि व ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन को माना जा रहा कारण

**अर्चना ज्योति।** नई दिल्ली



चमोली में आई आपदा के बाद ध्वस्त तपोवन बैराज में निर्माण कार्य करते कर्मचारी

**भारत** जिस समय ऊपरी हिमालय क्षेत्र में ग्लेशियर टूटने से भयानक बाढ़ और तबाही का सामना कर रहा है, इसी दौरान आईआईटी गांधीनगर के षोध में कहा गया है कि इस सदी के आखिर में तीव्र सूखे की प्रवृत्ति में 7-8 गुना वृद्धि हो जाएगी। अध्ययन में इस स्थिति के लिए मॉनसून के मौसम के दौरान अत्यंत शुष्क और गर्म अवधि बढ़ने तथा ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन को जिम्मेदार बताया गया है। अध्ययन में यह भी चेताया गया है कि अत्यधिक सूखा पड़ने का सबसे बुरा असर फसल उत्पादन पर पड़ेगा, क्योंकि इससे मिट्टी में नमी कम होगी और मानसून सीजन में परिवर्तनशीलता आ जाएगी।


क्लाइमेट एंड एटमोस्फेरिक साइंस जरनल में प्रकाशित शोध में कहा गया है कि एंथ्रोपोजेनिक वार्मिंग और अंतर-मौसमी मानसून के कारण भारत में तीव्र सूखे का खतरा बढ़ जाएगा। तीव्र सूखा सामान्य सूखे की अपेक्षा बहुत अधिक तेजी से आता है और कृषि, इको सिस्टम और जल उपलबधता के लिए संकट खड़ा हो सकता है। शोधकर्ताओं ने बताया कि जहां पारंपरिक सूखा अपने चरम पर पहुंचने में महीनों और कभी-कभी वर्षों का समय ले लेता है, वहीं दूसरी ओर तीव्र गति से पड़ने वाला सूखा कुछ ही हफ्तों से लेकर कुछ महीनों में छा जाता है। इस तरह के सूखे एक विशिष्ट क्षेत्र में भी सीमित रह सकते हैं और व्यापक होकर देष के बड़े भाग को भी प्रभावित कर सकते हैं।

शोधकर्ता विमल मिश्रा, शांति स्वरूप महतो और सरन अधार 1951 और 2016 के बीच भारत में आए तीव्र सूखे के कारणों का अध्ययन करने के बाद इन निष्कर्षों पर पहुंचे हैं। उन्होंने बताया कि 1979 में आये सबसे तीव्र सूखे का असर देश के 40 प्रतिशत से अधिक हिस्से पर पड़ा था। इसी आधार पर वैज्ञानिक भविश्य के खतरों से आगाह करते हैं। लगातार गर्म और शुष्क मौसमों में लगभग पांच गुना वृद्धि होने का अनुमान है। इससे 1979 की जैसे सूखे में 21वीं सदी के (शेष पेज 9)

# चार साल से गन्ने पर नहीं बढ़ी एक पाई : टिकैत

## भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता बोले, पर रोजाना बढ़ रही महंगाई

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



किसानों को संबोधित करते भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत।

महंगाई के लगातार आसमान छूने और गन्ने की कीमत में बढ़ोतरी न करने पर भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश गन्ना उत्पादन करने वाला प्रमुख राज्य है। 2017 से भाजपा के सत्ता में आने के बाद केवल 10 रूपए गन्ना मूल्य बढ़ाया गया और इस बात को भी चार साल हो गए। साथ ही बोले कि महंगाई रोज बढ़ रही है, लेकिन गन्ने का दाम नहीं बढ़ा। गन्ने की फसल आधी से ज्यादा मिलों में पहुंचने के बाद सरकार ने पुराने ही दाम की घोषणा कर दी है।

राकेश टिकैत ने कहा कि खाद के दाम बढ़ रहे हैं, डीजल के दाम बढ रहे हैं, गैस सिलेंडर के दाम बढ़ रहे हैं, बच्चों की फीस बढ़ रही है, हर चीज पर महंगाई की मार है। यही नहीं, सरकार ने खाद का कट्टा 50 किलो से कम करके 45 किलो का कर दिया और उसकी कीमत बढ़ गई। पेस्टीसाइड महंगे हो रहे हैं, लेकिन उत्तर प्रदेश में चार वर्षो से गन्ने के भाव में एक पाई नहीं बढ़ाई, जबकि गन्ना संस्थान ने पिछले साल के मुताबिक गन्ने का लागत मूल्य 10 रुपए बढ़ जाने की बात की है।

उन्होंने कहा कि गन्ना संस्थान ने वर्ष 2019-20 के लिए जहां गन्ने का लागत मूल्य 287 रूपए प्रति क्विंटल बताया था वहीं वर्ष 2020-21 के लिए 297 रूपए होने की बात कही है, लेकिन गन्ना संस्थान की बात भी सरकार नहीं मानती। राकेश टिकैत ने कहा कि गन्ना किसानों का 12 हजार करोड़ रूपए बकाया है, पहले तो गन्ना किसानों को भाव नहीं मिल रहा और फिर जो पैसा बनता है उसके भुगतान का भी कुछ पता नहीं रहता। ऐसे में गन्ना किसान फांके के कगार पर हैं। यहां तक कि बच्चों के ब्याह शादियां तक करने के लिए उसे कर्ज लेना पड़ रहा है और सरकार समय से भुगतान कराने के बजाय किसानों को कर्ज देने में ज्यादा दिलचस्पी ले रही है।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के वर्तमान मुख्यमंत्री क्या मायावती और अखिलेश यादव से भी कमजोर मुख्यमंत्री हैं जो किसानों के लिए उनके बराबर भी नहीं कर पा रहे हैं।

### चार राज्यों से समर्थन देने पहुंचे किसान

आंदोलन में किसानों का आना लगातार जारी है। पश्चिमी यूपी और हरियाणा के साथ ही अन्य राज्यों से भी किसान आंदोलन में पहुंच रहे हैं। मंगलवार को तेलंगाना, राजस्थान, पंजाब और केरल से किसान आंदोलन में अपना समर्थन देने पहुंचे। उन्होंने साफ कहा कि यह आंदोलन यूपी, हरियाणा और पंजाब का ही नहीं है यह पूरे देश का आंदोलन है। सभी राज्यों से किसान यहां पर जुटेंगे।

## यूपी गेट पर ही किसान मनाएंगे होली, किया ऐलान

**गाजियाबाद।** मंगलवार को भाकियू की युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव टिकैत के नेतृत्व में बसंत पंचमी का पर्व मनाते हुए हवनकर होली की स्थापना की गई। साथ ही किसान नेता छोटू राम की जयंती पर उन्हें याद किया। गौरव ने बताया कि बसंत पंचमी का पर्व किसानों के लिए अहम पर्व है। ऐसे में आज आंदोलन स्थल पर बसंत पंचमी के पावन पर्व पर हवन का आयोजन किया गया है साथ ही होली की स्थापना भी की गई है।

गौरव टिकैत ने कहा कि जब तक कि सरकार किसानों की मांगे नहीं मानेगी तब तक किसानों का आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि सरकार निरंतर किसानों और मजदूरों के हितों की अवहेलना कर उद्योगपतियों को लाभ देने का प्रयास कर रही है। जिसे देश का किसान किसी हालत में बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि आज यहां होली की स्थापना कर दी गई है और अब किसान होली भी यूपी गेट पर ही मनाएगा।

# सभी बूथों पर फास्टैग वाले वाहन होंगे पास

### फास्टैग न लगाने पर देना होगा दोगुना चार्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित लुहारली टोल प्लाजा पर 16 फरवरी से टोल के सभी बूथों से फास्टैग लगे वाहन पास किए जाएंगे। बिना फास्टैग वाहन से दोगुना चार्ज लेने के बाद ही पास किया जाएगा। इसके लिए टोल प्रबंधन ने 20 अतिरिक्त मार्शल व चार हेंड मशीन लेकर आपरेटर लगाए गए हैं। लुहारली टोल प्लाजा पर 16 फरवरी से फास्टैग प्रणाली को पूरी तरह से लागू कराने के लिए सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। टोल मैनेजर अमरेंद्र कुमार झा ने बताया कि टोल प्लाजा पर वाहनों को निकलने के दोनों तरफ से पांच-पांच बूथ बने हैं। सभी बूथों से फ स्टैग वाहन निकलेंगे। बिना फ स्टैग वाहन से दोगुना टोल टैक्स लेने के बाद ही पास किया जाएगा। टोल प्लाजा के दोनो तरफ फास्टैग लगाने के लिए आठ कंपनियों के कर्मचारी लगे हैं। जो तत्काल वाहनों में फ स्टैग लगाकर चालू कर देंगे। टोल से रोजाना करीब 27 हजार वाहन निकलते हैं। जिनमें फास्टैग लगे 13 हजार, सात हजार लोकल व दो हजार सरकारी वाहन निकलते हैं। अब सभी वाहन फास्टैग लगे होंगे।

टोल प्लाजा पर जाम न लगे इसके लिए टोल बूथों पर अलग दोनों तरफ दो-दो आपरेटर हेंड मशीन लेकर टोल वसूलेंगे। जिससे टोल पर जाम न लगे। लोकल वाहनों के आने जाने के लिए टोल प्लाजा से पांच किलोमीटर तक का क्षेत्र रखा गया है और अतिरिक्त दूरी बढ़ाने के लिए आला अधिकारियों को प्रस्ताव भेजा गया है।

उधर, वाहन चालक प्रेमवीर का कहना है कि इस टोल पर आए दिन जाम से जूझना पड़ता है। टोल प्रबंधन की लापरवाही का खामियाजा वाहन चालक को समय बर्बाद कर चुकाना पड़ रहा है। सलीम खान का कहना है कि वह करीब आधा घंटे से जाम में फंसे हैं।

### 24 अतिरिक्त कर्मचारी संभालेंगे मोर्चा

**नोएडा।** 15 फरवरी से पूरे देश में फास्टैग अनिवार्य कर दिया गया है। हालांकि अब भी भारी तादाद में वाहनों में यह सुविधा नहीं है। राष्ट्रीय राजमार्ग-91 पर दादरी के लुहारली टोल प्लाजा पर 24 अतिरिक्त कर्मचारियों को काम पर लगाया गया है। यह सभी टोल से पहले ही बिना फास्टैग वाले वाहनों से दोगुना टैक्स वसूल लेंगे। इससे टोल प्लाजा पर जाम की स्थिति नहीं बनेगी। दरअसल, केंद्र सरकार ने 15 फरवरी की रात 12:00 बजे से पूरे देश में इसे अनिवार्य कर दिया है। बिना फास्टैग वाले वाहनों से दोगुना टैक्स वसूला जाएगा। इस बारे में टोल प्लाजा के प्रबंधक अमरेंद्र कुमार झा ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि टोल पर 20 नए मार्शल और 4 मुख्य मशीन ऑपरेटर को तैनात किया गया है।

# मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार आरोपी अस्पताल से हो गया फरार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



जनपद में चार साल के बच्चे के अपहरण और हत्या के मामले में गिरफ्तार आरोपी उपचार के दौरान मंगलवार को अस्पताल से फरार हो गया। थाना सूरजपुर पुलिस के साथ सोमवार को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। आरोपी पर 25 हजार रुपए का इनाम था।

पुलिस उपायुक्त (जोन द्वितीय) हरिश चंदर ने बताया, थाना सूरजपुर क्षेत्र के कस्बा सूरजपुर में चार वर्षीय ऋतिक का 24 जनवरी को अपहरण हुआ था। मामले में पुलिस ने 13 फरवरी को एक आरोपी अनिल को गिरफ्तार किया और उससे मिली जानकारी के आधार पर बच्चे का शव बरामद किया था। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला था कि इस घटना में विजय नामक बदमाश भी शामिल था। बच्चे को फिरौती के लिए अगवा किया गया था।

डीसीपी ने बताया कि सोमवार देर रात पुलिस ने मामले में फरार चल रहे 25 हजार रुपए के इनामी बदमाश विजय को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि उपचार के लिए विजय को नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था लेकिन, मंगलवार सुबह करीब नौ बजे वह अस्पताल से फरार हो गया। पुलिस उसे पकड़ने के लिए तलाश कर रही है। डीसीपी ने कहा कि उपचाराधीन बदमाश की सुरक्षा में कुछ पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे और जिन पुलिसकर्मियों को लापरवाही का जिम्मेदार पाया जाएगा, उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

## हादसा रोकने को पुलिस ने खुद ही हटाए सड़क पर बिखरे बालू

**नोएडा।** थाना नॉलेज पार्क पुलिस ने किसी तरह के हादसे से बचने के लिए सोमवार देर रात सड़क पर बिखरे बालू को खुद हटाने का काम किया। पुलिस के इस कदम की सराहना हो रही है।

थाना नॉलेज पार्क के प्रभारी वरुण पंवार ने बताया, सोमवार देर रात को गश्त के दौरान यमुना एक्सप्रेस-वे के पुल के नीचे सड़क पर बालू पड़ा हुआ दिखाई दिया। बालू की वजह से वाहनों के फिसलने की आशंका रहती है।

अधिकारी ने बताया कि मजदूर तलाशने का प्रयास किया गया लेकिन रात अधिक होने के कारण मजदूर नहीं मिले। इसके बाद पीआरवी तथा थाने की अन्य गाड़ियों पर तैनात पुलिसकर्मियों की मदद से उन्होंने खुद फावड़े से बालू हटाया। उन्होंने बताया कि सड़क हादसे की आशंका को देखते हुए उन्होंने पुलिसकर्मियों की मदद से खुद ही यह कार्य करने का फैसला किया। थाना प्रभारी के इस कदम की काफी सराहना हो रही है और इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

# पटरी पर काम करने के दौरान ट्रेन की चपेट में आए दो मजदूर

### एक की मौत, दूसरे की हालत नाजुक

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

थाना दादरी क्षेत्र के बोड़ाकी गांव के पास मंगलवार सुबह रेलवे पटरी पर काम करते समय दो मजदूर ट्रेन की चपेट में आ गए। इस घटना में एक मजदूर की मौके पर मौत हो गई, जबकि दूसरे की हालत अत्यंत नाजुक बनी हुई है।

वहीं, थाना दादरी क्षेत्र में एक अन्य जगह पर ट्रेन की चपेट में आने से एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। थाना दादरी के प्रभारी निरीक्षक राजवीर सिंह चौहान ने बताया, बोड़ाकी गांव के पास मंगलवार सुबह रेलवे पटरी पर कुछ मजदूर मरम्मत का काम कर रहे थे। इसी बीच दिल्ली से हावड़ा की तरफ जा रही एक ट्रेन वहां से गुजरी। मजदूरों ने भागने का प्रयास किया लेकिन दो मजदूर ट्रेन की चपेट में आ गए।

थाना प्रभारी ने बताया कि अशोक नामक एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि विजय नामक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत अत्यंत नाजुक बनी हुई है।

## फर्जी प्रमाणपत्र बनाने वाले गैंग का सदस्य गिरफ्तार

**नोएडा।** विभिन्न कॉलेजों के फर्जी अंकपत्र और अन्य दस्तावेज बनाने वाले गिरोह के एक सदस्य को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। थाना फेस-2 की प्रभारी निरीक्षक अनीता चौहान ने बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर गाजियाबाद निवासी अब्दुल समद को गिरफ्तार किया गया।

उन्होंने बताया कि पुलिस ने आरोपी के पास से विभिन्न कॉलेजों के फर्जी अंकपत्र, वकालत की फर्जी डिग्री, डी फार्मा की फर्जी डिग्री तथा कोविड-19 की फर्जी जांच रिपोर्ट बरामद की है। चौहान ने बताया कि हालांकि, उसका एक सहयोगी मौके से भागने में कामयाब रहा।

# वाहनों के जाम से लोगों को जल्द मिल जाएगा छुटकारा

### ट्रैफिक पुलिस ट्रायल के बाद बंद करेगी यू-टर्न

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

शहर को जाम मुक्त बनाने के लिए जिला ट्रैफिक पुलिस एक साथ कई प्रयोग कर रही है। दरअसल, किसान आंदोलन शुरू होने के बाद से ज्यादातर मुसाफिर नोएडा के रास्ते दिल्ली आवागमन कर रहे हैं। इस वजह से शहर में जाम की समस्या आम हो गई है। इसका दबाव पुलिस-प्रशासन पर भी है।

लोगों को जाम मुक्त सड़कें देने की जिम्मेदारी यातायात पुलिस पर है। इसी सिलसिले में सेक्टर-60 अंडरपास के ऊपर बने यू-टर्न को बंद कराने की तैयारी की जा रही है। इसके अलावा फेज-3 थाने के सामने कट को भी बंद किया जाएगा। हालांकि इसे मूर्त रूप देने से पहले जल्दी ही इसका ट्रायल शुरू होगा। अब वाहन चालकों को सेक्टर-67 की तरफ जाकर यू-टर्न लेकर वापस आना होगा। डीसीपी ट्रैफिक गणेश प्रसाद साहा ने बताया कि यू-टर्न दूर होने की वजह से वाहन नहीं रुकेंगे और न ही गाड़ियों की रफ्तार कम होगी। हालांकि लोगों को थोड़ी लंबी दूरी तय करनी होगी।

## आईटीएस कॉलेज में धूमधाम से मनाई गई वसंत पंचमी

**नोएडा।** मंगलवार को आईटीएस कॉलेज में सभी छात्रों और शिक्षकों ने वसंत पंचमी का पर्व बड़े ही श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया। कॉलेज के डायरेक्टर डॉ बीसी शर्मा ने सरस्वती वंदनाकर, द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

डॉ बीसी शर्मा ने बताया कि मान्यता है कि इस दिन ज्ञान और स्वर की देवी मॉ सरस्वती की उत्पत्ति हुई थी, इसलिए यह दिन विद्यार्थियों, कला और संगति के क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए बहुत मायने रखता है।

# एचसीएल फाउंडेशन ने की एनजीओ को 16.5 करोड़ रु. अनुदान देने की घोषणा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

एचसीएल टेक्नालॉजीज लिमि. की कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी सीएसआर वाली शाखा एचसीएल फ उंडेशन ने मंगलवार को एचसीएल ग्रांट के छठवें चक्र के विजेताओं की घोषणा की। एचसीएल ग्रांट इस फ उंडेशन का एक प्रमुख कार्यक्रम है, जो राष्ट्र.निर्माण में जुटे गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) के फिफ्थ इस्टेट को मजबूती प्रदान करने की दिशा में समर्पित है।

पर्यावरण, स्वास्थ्य और शिक्षा के विकास में कार्यरत इन तीनों क्षेत्रों के एक-एक एनजीओ को तीन से पांच साल तक चलने वाले प्रोजेक्ट के लिए 5 करोड़, छह लाख 85,000 रुपए प्राप्त होंगे। इसके अलावा प्रत्येक श्रेणी के अंतिम दौर में पहुंचने वाले 2-2 एनजीओ को एक साल के लिए 25 लाख रुपए 34,000 का अनुदान मिलेगा। इस प्रकार अनुदान की कुल राशि 16.5 करोड रुपए हो जाती है। समुदायों को सुदृढ़ एवं सशक्त बनाने की दिशा में काम करने का एक दशक पूरा होने के उपलक्ष्य में एचसीएल फाउंडेशन इस साल राष्ट्र के विकास चक्र में अपना योगदान देने हेतु समर्पित है।

# अब घर बैठे ही होगी खाद्य पदार्थों की जांच

## डीएम ने फूड सेफ्टी ऑन व्हील को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

जिले में नकली खाद्य पदार्थों की जांच गली-मोहल्ले में भी हो सकेगी। इसी उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ अजय शंकर पांडे ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर से फूड सेफ्टी ऑन व्हील को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य मिलावटी खाद्य पदार्थों के प्रति आमजनमानस को जागरूक करना एवं खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच के लिए घरेलू विधि की जानकारी प्राप्त कर सकें। मोबाइल वैन में विभाग के प्रभारी अधिकारी उमाशंकर सिंह को बनाया गया है। मोबाइल वैन जनपद में 16 फरवरी से 19 फरवरी तक विभिन्न स्थानों पर जाकर खाद्य पदार्थो की गुणवत्ता की त्वरित जांच कर मिलावट की जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

16 फरवरी को मॉडल टाउन ईस्ट व विजयनगर जोन, 17 को इन्दिरापुरम, 18 को मोहननगर जोन व 19 फरवरी को कविनगर जोन में रहेगी। डीएम ने लोगों से आह्वान किया है कि मोबाइल वैन का सदुपयोग अपने खाद्य पदार्थों की जांच करा सकते हैं। इस दौरान खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम के साथ आरडब्ल्यूए, गाजियाबाद के अध्यक्ष कर्नल तेजन्दरपाल त्यागी, संध्या त्यागी आदि उपस्थित थे।


## बिहार सरकार

कार्यपालक अभियन्ता–सह–स्थानिक अभियन्ता का कार्यालय

बिहार भवन, नई दिल्ली।

अल्पकालिन निविदा

पत्र सं0– 284/स्था0अभि0, दिनांक–15/02/2021

बिहार भवन एवं बिहार निवास चाणक्यापूरी, नई दिल्ली हेतु निम्नलिखित कार्यो के लिए समुचित श्रेणी में बिहार लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारो भवन निर्माताओ से बिहार लोक निर्माण विभाग एफ–2 एकरारनामा में हाने वाले कार्यो के लिए मुहरबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती है।

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता :– स्थानिक अभियन्ता, बिहार भवन,चाण्क्यापूरी नई दिल्ली
2. परीमाण विपत्र के बिक्री की तिथि :– 23–02–2021 (कार्यालय अवधि तक)
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– 24–02–2021 (अपराहण 3:00 बजे तक)
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 24–02–2021 (अपराहण 3:00 बजे से 5:00 बजे तक)
5. परिमाण विपत्र निर्गत का स्थान :– 1. स्थानिक अभियन्ता कार्यालय बिहार निवास चाण्क्यापुरी, नई दिल्ली। 2. उपस्थानिक अभियन्ता, कार्यालय बिहार निवास चण्क्यापुरी नई दिल्ली ।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– स्थानिक अभियन्ता कार्यालय बिहार निवास चाण्क्यापुरी, नई दिल्ली।

| क्रमांक | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन राशि | बी.ओ.क्यू. राशि | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Renovation of staff toilet at entry gate (including its door and stairs there) the Bihar Niwas for the year 2020-21 | 350000.00 | 7000.00 | 750.00 | 15 दिन |

शर्तेः–

7. निविदा के साथ अद्यतन निर्बधन आयकर प्रमाण–पत्र वाविज्य कर प्रमाण– पत्र,चरित्र प्रमाण–पत्र, पैन कार्ड आदि की छाया प्रति जो राजपत्रित पदाधिकारी से अभिप्रमाणित हो संलग्न करना होगा।
8. अग्रधन रशि डाकघर के एन.ए.सी /सावधि जमा के रूप में संलग्न की जानी है जो स्थानिक अभियन्ता चाणक्यापुरी बिहार भवन नई दिल्ली के नाम से निविदा प्रकाशन के तिथि के बाद के तिथि में विधिवत प्लेज्ड हो ।
9. निविदाकारों को भरतीय मानक विनिर्देश के अनुसार कार्य हेतु अपेक्षित सामग्री की खुद व्यवस्था करना होगा।
10. बिना कारण बताए निविदा स्थगित एवं रद्ध करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।
11. प्राक्कलन की रशि घट– बढ़ सकती है।

उक्त कार्य के संबंध में किसी प्रकार की जानकारी हेतु अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से कार्यालय अवधि में संपर्क कर प्राप्त किया जा सकता है।

हस्ता/–

कार्यपालिका अभियन्ता – सह –

स्थानिक अभियन्ता

बिहार भवन, नई दिल्ली।



## एस सी एग्रोटेक लिमिटेड

(पूर्वतः शील इंटरनैशनल लिमिटेड के नाम से प्रसिद्ध)

सीआईएन : एल01122डीएल1990पीएलसी042207

पंजी. पता : आरजैड–1484/28, भू तल, तुगलकाबाद एक्सटेंशन, नई दिल्ली–110019

ई–मेल : sheel102@gmail.com, वेबसाइट : www.scagrotech.com, फोन : 9654056648

31–12–2020 को समाप्त तिमाही एवं नौ माह हेतु अ–लेखापरीक्षित पृथक्कृत वित्तीय परिणाम का विवरण (रू. लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | तिमाही समाप्त 31–12–2020 | नौ माह समाप्त 31–12–2020 | संगत 03 माह समाप्त 31–12–2019 | वर्ष समाप्त 31–03–2020 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | परिचालन से कुल आय | 18.03 | 67.88 | 18.00 | 72.10 |
| 2 | कुल व्यय | 17.08 | 64.45 | 16.79 | 67.02 |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पूर्व) | 0.95 | 3.43 | 1.21 | 5.08 |
| 4 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर पूर्व (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 0.95 | 3.43 | 1.21 | 5.08 |
| 5 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 0.95 | 3.43 | 1.21 | 5.08 |
| 6 | अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) सम्मिलित है] | 0.95 | 3.43 | 1.21 | 5.08 |
| 7 | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य रू. 10/– प्रत्येक) | 599.50 | 599.50 | 599.50 | 599.50 |
| 8 | प्रति शेयर अर्जन (रू. 10/–प्रत्येक का) | | | | |
| | मूल और तनुकृत प्रति शेयर अर्जन (रू. में) | - | | | - |

1. उपरोक्त विवरण सेबी एलओडीआर 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्ज में प्रस्तुत किए गए तिमाही वित्तीय परिणाम के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। तिमाही वित्तीय परिणाम का पूर्ण विवरण (www.scagrotech.com) स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट नामतः www.bseindia.com पर तथा सूचीबद्ध संस्था की वेबसाइट पर उपलब्ध है।
2. 31 दिसम्बर, 2020 को समाप्त तिमाही और नौ माह के परिणाम का पुनरीक्षण लेखापरीक्षा समिति द्वारा और अनुमोदन निदेशक मंडल द्वारा दिनांक 14–02–2021 को आयोजित उनकी बैठक में किया गया था।

बोर्ड के आदेश द्वारा वास्ते एससी एग्रोटेक लिमिटेड

हस्ता./–

(नितिन माहेश्वरी)

कार्यकारी निदेशक (डीआईएन : 03459767)

स्थान : नई दिल्ली

तिथि : 14–02–2021


## संक्षिप्त समाचार



आईएसआई मार्का हेलमेट पहनने के लिए लोगों को जागरूक करते अधिकारी।

### आईएसआई मार्का हेलमेट पहनने को किया जागरूक

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के मद्देनजर मंगलवार को रोयल विंगस, रोड सेफ्टी (ट्रैक्स) की तरफ से लोकल हेलमेट के खिलाफ लोगों को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम किया गया। जिसमें आरटीओ व पुलिस विभाग के अधिकारियों ने राहगीरों को रूकवाकर उनका हेलमेट कितना सुरक्षित है इसकी जांच की। इस दौरान जिनके हेलमेट टूटे हुए मिले उन्हें आईएसआई मार्का हेलमेट दिए गए। साथ उन्हें लोकल व ओरिजनल हेलमेट में फर्क बताकर फायदे और नुकसान के बारे में जानकारी दी गई। एसपी ट्रैफिक रामानंद कुशवाहा ने कहा कि संस्था द्वारा हेलमेट के प्रति राहगीरों को जागरूक किया जा रहा है।



स्कूल के स्थापना दिवस पर आयोजित हवन में भाग लेते सिल्वर लाइन प्रेस्टिज स्कूल के चेयरमैन डॉ. सुभाष जैन व स्कूल स्टॉफ।

### सिल्वर लाइन प्रेस्टीज स्कूल ने मनाया स्थापना दिवस

**गाजियाबाद।** बुलंदशहर रोड औद्योगिक क्षेत्र स्थित सिल्वर लाइन प्रेस्टीज स्कूल का स्थापना दिवस मंगलवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पूरे विद्यालय को पीले फूलों से सजाया गया था। समारोह का शुभारम्भ स्वस्तिवचन व मंत्रोच्चारण के साथ किया गया, जिसके पश्चात हवन हुआ जिसमें सभी शिक्षकों व कर्मचारियों ने भाग लिया और आहुति देकर मां सरस्वती से सभी पर अपनी कृपा बनाए रखने का आहवान किया। स्कूल के चेयरमैन डॉ. सुभाष जैन ने बताया कि बसंत पंचमी के पावन पर्व पर ही सिल्वर लाइन प्रेस्टीज स्कूल मात्र 17 विद्यार्थियों के साथ बीज-रूप में प्रारंभ हुआ था, आज लगभग 3000 से भी अधिक छात्र-छात्राओं के साथ वृक्ष रूप में मजबूती से खड़ा है। स्कूल ने शिक्षा ही नहीं खेल व अन्य गतिविधियों में भी पूरे देश में अपनी अलग पहचान बनाई है।

### नोएडा में कोविड-19 के छह नए केस मिले

**नोएडा।** जनपद गौतमबुद्धनगर में कोविड-19 के छह नए मामले आने से मंगलवार को संक्रमितों की संख्या 25,442 हो गई। जिला निगरानी अधिकारी डॉक्टर सुनील दोहरे ने बताया कि पिछले 24 घंटे के दौरान छह लोगों में संक्रमण की पुष्टि हुई। उन्होंने बताया कि शहर के विभिन्न अस्पतालों में 43 संक्रमित मरीजों का उपचार चल रहा है। वहीं, पांच और मरीजों को स्वस्थ होने के बाद अस्पतालों से छुट्टी दे दी गई। दोहरे ने बताया कि नोएडा में अब तक 25,305 मरीजों को छुट्टी मिल चुकी है। कोविड-19 के संक्रमण की वजह से 91 लोगों की मौत हुई है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 17 फरवरी, 2021



## केजरीवाल सरकार 3.0 का पहला साल

# मुख्यमंत्री ने गिनाए काम, जनता से मांगा आशीर्वाद

- होम आइसोलेशन, प्लाज्मा बैंक और ऑक्सीमीटर जैसे कामों की दुनिया में हो रही चर्चा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी की सरकार के तीसरे कार्यकाल के एक साल पूरे होने पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाई। उन्होंने कहा कि एक साल पहले लोगों ने उन्हें फिर से सेवा करने का मौका दिया।

यह एक कठिन वर्ष होने के बावजूद, कोविड-1 महामारी से निपटने के लिए मिलकर काम किया। सरकार ने प्रदूषण को रोकने के लिए किसानों को पूसा इंस्टीट्यूट के बायो डीकम्पोजर को दिया।

इससे पराली उनके खेत में ही गलकर खाद बन गई। कोरोना वायरस के खिलाफ दिल्ली सरकार के होम आइसोलेशन, प्लाज्मा बैंक और ऑक्सीमीटर जैसे कामों की पूरी दुनिया में चर्चा हो रही है। अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में दिल्ली सरकार ने लॉकडाउन के दौरान लाखों लोगों को खाना खिलाया, मुफ्त राशन बांटा और रास्ते में फंसे मजदूरों को उनके घर पहुंचाया। इसके अलावा तमाम चुनौतियों के बीच मुफ्त बिजली व पानी योजना को जारी रखा और सरकारी स्कूलों के बच्चों ने बोर्ड परीक्षा में 98 प्रतिशत रिजल्ट लाकर दिल्ली वालों का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया। यह दो करोड़ दिल्ली वासियों की सरकार है, जो चौबस घंटे लोगों का जीवन आसान बनाने के लिए काम करती है और करती रहेगी।

केजरीवाल ने कार्यकाल के एक साल पूरे होने वीडियो संदेश जारी किया। इसमें उन्होंने कहा कि एक साल पहले आप सबने एक बार फिर अपने बेटे को सेवा करने का एक और मौका दिया। यह बहुत कठिन साल था, लेकिन हम सब दिल्ली वालों ने मिलकर एक परिवार की तरह काम किया और पूरी दुनिया में दिल्ली का नाम रौशन किया।

आम आदमी पार्टी की सरकार ने इस साल प्रदूषण से निपटने के लिए किसानों को पराली का समाधान भी दे दिया है। अब किसानों को पराली जलानी नहीं पड़ती है।

दिल्ली की तरक्की के इन 6 सालों में गरीब परिवारों के बच्चों को अच्छी शिक्षा मिलने लगी है। हर बीमार को अच्छा इलाज मिलने लगा है और 24 घंटे बिजली आने लगी है।



### राजधानी में लाखों राशन कार्ड लंबित: कांग्रेस

*नई दिल्ली।* *दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री हारुन यूसूफ ने कहा कि केजरीवाल सरकार का एक वर्ष का कार्यकाल ऐतिहासिक विफलता का काल रहा जो दिल्ली ही नहीं देश के इतिहास पर भी काला धब्बा है। यूसूफ ने कहा कि कोविड-19 से पूरे साल लड़ने और कोविड महामारी पर दिल्ली मॉडल की बात करना पूरी बेमानी है क्योंकि केजरीवाल खुद कोविड के शुरुआती दौर में पूरे दो महीने तक दिल्ली की जनता को भगवान भरोसे छोड़कर अपने सरकारी बंगले में बंद थे। पिछले 6 वर्षों में 11.49 लाख परिवारों के नए राशन कार्ड बनाने के आवेदन किए वो लम्बित पड़े हैं।*

## भाजपा ने पेश किया दिल्ली सरकार का रिपोर्ट कार्ड

- साल के सफर की बात करें तो नाकामी के सिवा कुछ नहीं है: आदेश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

केजरीवाल सरकार के एक साल पूरे होने पर प्रदेश भाजपा ने उसके तमाम कामकाज का रिपोर्ट कार्ड पेश किया।

पार्टी नेताओं का कहना है कि मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल को सत्ता में आए छह साल हो चुके हैं लेकिन दिल्ली वाले आज भी बिजली, साफ पानी, वेब कैमरा, वाईफाई, इलेक्ट्रिक बसे, प्रदूषण मुक्त वातावरण, साफ सुथरी यमुना और अच्छे स्वास्थ्य सेवा का इंतजार कर रहे हैं। सरकार के पास पिछले एक साल में नाकामी के सिवा कुछ नहीं है। दिल्ली को शून्य से पीछे ले जाने का काम आम आदमी पार्टी की ने ही किया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता व नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने केजरीवाल सरकार के एक साल पूरा होने पर कहा कि केजरीवाल अपने कार्यकाल का एक वर्ष पूरा होने पर अपनी एक भी उपलब्धि बताने में नाकाम हैं।

खुद को सेक्यूलर कहने वाले केजरीवाल अपनी स्वार्थ के लिए झूठ और दिखावे का सहारा लेते रहते हैं। रामभक्त रिंकू शर्मा की हत्या पर मौन धारण किए हुए हैं लेकिन, 55 किलोमीटर दूर जाकर एक विशेष वर्ग के लिए एक करोड़ रुपये दे आते हैं।

## 'ब्रेन-ड्रेन रोकने पर काम करें विश्वविद्यालय'

- गुरुगोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय में संवाद कॉन्फ्रेंस में सिसोदिया ने कहा कि शिक्षा का न्यूनतम मानदंड तय करना जरूरी



मनीष सिसोदिया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने नई शिक्षा नीति के सलाह से बने शिक्षा मंत्रालय का स्वागत करते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति ने यह मान लिया कि शिक्षा का काम केवल मानव को संसाधन मात्र बनाना नहीं है। अब तक का शिक्षा मॉडल बच्चों को एक संसाधन के रूप में ढाल रहा था। उन्हें टूल के रूप में तैयार कर रहा था जबकि उसका असल मकसद बच्चों को एक अच्छा मानव और नागरिक बनाना है। संसाधन नहीं।

सिसोदिया ने यह बात भारतीय विश्वविद्यालय संघ, उत्तरी जोन द्वारा गुरुगोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय वर्चुअल उपकुलपति संवाद कॉन्फ्रेंस के समापन समारोह में कही।

मनीष सिसोदिया ने वर्तमान में उच्च शिक्षा के 4 चुनौतियों का जिक्र करते हुए कहा कि देश के विश्वविद्यालयों के सामने आज सबसे बड़ी चुनौती विस्तार करने की है। पिछले दो दशकों में स्कूलों से बड़ी संख्या में बच्चे पास होकर निकल रहे है, लेकिन विवि के पास उन्हें उच्च शिक्षा देने के लिए पर्याप्त संसाधन नहीं है। इसलिए उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए विवि के विस्तार की जरूरत है। शिक्षा मेंत्री ने बताया कि आजादी के बाद शिक्षा पर कार्य हुए, लेकिन उसका फायदा सिर्फ 5 प्रतिशत छात्रों को ही मिला, जबकि शेष 95 प्रतिशत बच्चों को अच्छी शिक्षा नहीं मिल पाई।

सरकारों की नीतियां और प्राथमिकताएं चाहे जो भी रही हों, लेकिन आउटकम पर नजर डालें तो यही दिखेगा कि 95 प्रतिशत बच्चे अच्छी शिक्षा से वंचित रह गए।

इसलिए आज यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि हम शिक्षा का एक न्यूनतम मानदंड जरूर तय करें। विश्वविद्यालयों के सामने अपनी पहचान बनाए रखने की चुनौती है। अपनी पहचान को बनाए रखने के लिए उन्हें अनुसंधानों एवं नवाचारों और पाठ्यक्रमों में उद्यमिता को शामिल करने की जरूरत है।

विवि को यह समझना होगा कि उनका भूतकाल उनका भविष्य नहीं बन सकता। भविष्य की मांगों को ध्यान में रखते हुए उन्हें अपने ढाँचे में बदलाव लाना होगा। आज देश से ब्रेन-ड्रेन हो रहा है।

अमेरिका और यूरोप के देश विकासशील देशों की प्रतिभाओं को ढूंढ कर अपने देशों में ले जाते है। हमें यह समझने की जरूरत है कि हमारे विद्यार्थी उन देशों की ओर क्यों आकर्षित हो रहे हैं। शैक्षिक संस्थाएं छात्रों की प्रतिभा निखारने में तो कामयाब हो रहे है, पर राष्ट्र निर्माण में उन प्रतिभाओं को शामिल करने में विफल रहे हैं।

## यमुना नदी को साफ कर विश्व में मिसाल पेश करेंगे : सत्येंद्र जैन



- कोरोना काल के 13.66 लाख लोगों के पानी का बिल जीरो रहा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आप आदमी पार्टी की सरकार ने दावा किया है कि अगले तीन सालों में यमुना नदी को प्रदूषण से मुक्त करके दुनिया के सामने मिसाल पेश करेगी। दिल्ली वालों को 24 घंटे पानी भी मुहैया कराएंगे। शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में जो कार्य किए जा रहे हैं, उसको और आगे बढ़ाएंगे।

स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने दिल्ली सरकार के तीसरे कार्यकाल के एक साल पूरा होने के अवसर पर कहा कि जैसे दिल्ली में बिजली 24 घंटे मिलती है, वैसे अब पानी भी मुहैया कराएंगे। कोरोना काल के दौरान एक साल जो बर्बाद हुआ है, उससे सरकार के काम पर कोइ असर नहीं पड़ेगा। उनकी सरकार द्वारा किया गया यमुना को साफ करने का वादा, आने वाले तीन सालों में पूरा करके दिखाएंगे।

जैन ने इलेक्ट्रिक व्हीकल्स पॉलिसी का उपयोग करके राजधानी को प्रदूषण मुक्त बना सकते हैं। सरकार 100 ईवी चार्जिंग स्टेशन बनाएगी। जसमें 500 चार्जिंग पॉइंट उपलब्ध होंगे। होम आइसोलेशन की प्रक्रिया दिल्ली में बहुत ही कारगर रही है और 3 लाख 12 हजार लोगों को होम आइसोलेशन में ठीक किया गया। कोरोना के हल्के-फुल्के लक्षण वाले मरीजों को होम आइसोलेशन में रखा जाता था और एंबुलेंस सिर्फ एक कॉल पर मरीजों को अस्पताल पहुंचाने के लिए उपलब्ध कराई गई।

इसके साथ ही दिल्ली सरकार ने सभी कोरोना के मरीजों को घर पर पल्स-ऑक्सीमीटर मुहैया कराया और दिन में दो बार डॉक्टर द्वारा फोन के माध्यम से बातचीत करके उनका हालचाल जाना।

# हिंसा, कोविड-19 और किसान आंदोलन में पुलिस की भूमिका सराहनीय: रेड्डी

- सीलमपुर, करोल बाग और मोती नगर बना सर्वश्रेष्ठ थाना




जवानों को सलामी देते केंद्रीय गृहराज्यमंत्री जी किशन रेड्डी। फोटो: रंजन डिमरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

केंद्रीय गृहराज्यमंत्री जी किशन रेड्डी ने मंगलवार को दिल्ली पुलिस के स्थापना दिवस पर एंटी-दंगा दस्ते, सशस्त्र पुलिस, महिला पुलिस, पुलिस कमांडो, डॉग स्क्वायड, माउंटेड पुलिस, ट्रैफिक स्क्वायड, मोबाइल साइबर लैब, स्वाट, आरक्षक, वज्र और नव शामिल जनसम्पर्क वाहन और प्रबोधिनी की टुकड़ियों का निरीक्षण और जवानों में उन्हें सलामी दी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस तत्परता से लोगगों की सेवा कर रही है और दिल्ली हिंसा, कोविड-19 और किसान आंदोलन में बखूबी निभाई भूमिका निभा रही है।

मुख्य अतिथि ने वीरता के लिए 75 पुलिस कर्मियों, विशिष्ट सेवा के राष्ट्रपति पदक, मेधावी सेवा के लिए पुलिस पदक, जीवन रक्षा पदक और मेधावी प्रशिक्षण सेवा पदक प्रदान दिए। उन्होंने बेस्ट पुलिस स्टेशन की ट्रॉफी करोल बाग, सीलमपुर और मोती नगर को दी। पुलिस आयुक्त एसएन श्रीवास्तव ने दिल्ली पुलिस के गणतंत्र दिवस मार्चिंग दस्ते को बधाई दी। जिसने 14 साल के अंतराल के बाद सर्वश्रेष्ठ मार्चिंग की ट्रॉफी जीती।

लोगों को जन संपर्क वाहन और प्रबोधिनी वाहिन समर्पित करते हुए श्रीवास्तव ने जवानों की सीए-विरोधी विरोध प्रदर्शनों से निपटने के लिए सराहना की। उन्होंने कहा कि दंगों में 755 मामले दर्ज किए हैं। पुलिस ने स्वतंत्र रूप से और निष्पक्ष तरीके से जांच को आगे बढ़ाया। आरोपियों की पहचान कर उनको गिरफ्तार किया। जन संपर्क वाहन को पुलिस-जनसंपर्क को मजबूत करने और दिल्ली के नागरिकों के लिए विभिन्न आनलाइन सेवाओं, मोबाइल अनुप्रयोगों, हेल्पलाइन नंबरों और अन्य सुविधाओं के प्रचार के उद्देश्य से लांच किया गया। इस वाहन पर एक एलईडी स्क्रीन लगाई गई है।

## दीप सिद्धू की पुलिस हिरासत 7 दिन बढ़ी

**नई दिल्ली।** लाल किले में हिंसा होने के मामले में अभिनेता-कार्यकर्ता दीप सिद्धू की पुलिस हिरासत की अवधि सात दिन के लिए बढ़ा दी है। पुलिस की हिरासत की अवधि समाप्त होने के बाद सिद्धू को मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया था। पुलिस ने सिद्धू से हिरासत में पूछताछ के लिए और समय दिए जाने की अपील की थी और कहा था कि इस मामले में आगे की जांच और अन्य आरोपियों की पहचान के लिए हिरासत अवधि को बढ़ाए जाने की जरूरत है। अदालत ने नौ फरवरी को सिद्धू को सात दिनों के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया था। पुलिस का आरोप है कि सिद्धू किसानों की ट्रैक्टर परेड के दौरान लाल किले पर हुई हिंसा को उकसाने के मुख्य आरोपियों में से एक है। पुलिस ने कहा था कि ऐसे वीडियो हैं, जिसमें सिद्धू को कथित तौर पर घटना स्थल पर देखा जा सकता है।

### कोरोना संक्रमण के 94 नए मामले, 1 की मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली में मंगलवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 94 नए मामले सामने आए जो गत नौ महीनों में सबसे कम है। शहर में संक्रमण की दर कम होकर 0.17 प्रतिशत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

इस महामारी से एक और व्यक्ति की मौत होने से मृतकों की संख्या बढ़कर 10,894 पर पहुंच गई। दिल्ली में 27 जनवरी को कोरोना के 96 मामले दर्ज किए गए थे जो नौ महीनों में सबसे कम थे। नौ महीनों के अंतराल के बाद राष्ट्रीय राजधानी में नौ फरवरी को संक्रमण से किसी की भी मौत नहीं हुई थी। कोविड-19 के मामलों की संख्या बढ़कर 6,37,181 पर पहुंच गई है।

## औद्योगिक क्षेत्रों में सभी मंजिलों पर फैक्ट्री लाइसेंस को मंजूरी

- रोजगार के अवसर पैदा होंगे और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण को बल मिलेगा : महापौर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उत्तरी दिल्ली नगर निगम ने अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले औद्योगिक क्षेत्रों में सभी मंजिलों पर फैक्ट्री लाइसेंस को मंजूरी दे दी है। इसका मकसद रोजगार के अधिक अवसर पैदा करने व मौजूदा औद्योगिक बुनियादी ढांचे के उपयोग का इस्तेमाल किया जा सकेगा। कोई भी औद्योगिक इकाई धारक एनडीएमसी की वेबसाइड पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। महापौर जय प्रकाश ने बताया कि उत्तरी दिल्ली नगर निगम ने मध्यम, हल्के और सेवा उद्योगों के लिए सभी मंजिलों पर फैक्ट्री लाइसेंस देने को वही मंजूरी दी है जहां भूतल निर्धारित भवन निर्माण मानदंडों के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि काफी समय से औद्योगिक क्षेत्र के प्रतिनिधियों द्वारा यह मांग की जा रही थी जिसे आज उ पूरा कर दिया है।

## संक्षिप्त समाचार



अत्याधुनिक फिजियोथैरेपी यूनिट का उद्घाटन करतीं शिखा गंगल।

### अत्याधुनिक फिजियोथैरेपी यूनिट का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन द्वारा रेलवे हैल्थ यूनिट में एक अत्याधुनिक फिजियोथैरेपी यूनिट का उद्घाटन किया गया। संगठन की अध्यक्षा शिखा गंगल ने उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक, आशुतोष गंगल, अपर महाप्रबंधक, नवीन गुलाटी, प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक, एन.के. यादव तथा अन्य विभागाध्यक्ष गणों की उपस्थिति में फिजियोथैरेपी यूनिट का उदघाटन किया। उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन रेलवे अधिकारियों की पत्नियों द्वारा चलाए जाने वाला एक स्वैच्छिक संगठन है जो रेल कर्मचारियों और उनके आश्रितों की सहायता के लिए कल्याणकारी और खेल-कूद संबंधी गतिविधियों के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

### वर्चुअल होगा चौथा ग्लोबल आयुर्वेद फेस्टिवल

नई दिल्ली। ग्लोबल आयुर्वेद फेस्टिवल (जीएएफ 2021) का आयोजन 12-19 मार्च तक होगा और इससे अब तक 100 से ज्यादा देशी-विदेशी वैज्ञानिक जुड़ चुके हैं, 1000 से ज्यादा शोध-पत्रों की प्राप्ति हुई है और 60 देशों से करीब 10,000 नुमाइंदे पंजीकृत हो चुके हैं। इसकी जानकारी केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री वी मुरलीधरन ने दी। आयोजन में शोधकर्ता अपने शोध-आख्यान पेश करेंगे, जिसमें डॉ डेनियल ई फोस्ट , डॉ क्रिस्टिन केस्सलर (चैरिटी यूनिवर्सिटी, जर्मनी) रॉबर्ट शेनिडर (महर्षि इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, अमेरिका), डॉ एंटोनिला डेलिफेव, हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के संकाय-प्रमुख आदि हैं। महोत्सव के महासचिव एवं रमैया इंडिक स्पेशलिटी आयुर्वेद के निदेशक आयुर्वेदाचार्य प्रोफेसर डॉ जीजी गंगाधरन ने बताया कि वैद्य राजेश कोटेचा , डॉ भूषण पटवर्द्धन , आयुष मंत्रालय की ओर से मनोज नेसरी, डी सी कटोच, डॉ धीमान और जयंत देव पुजारी और आयुर्वेद विश्वविद्यालयों के कुलपति एवं राष्ट्रीय औषध पादप बोर्ड के सीईओ जेएलएन शास्त्री अपने विचार रखेंगे।

### वृक्ष प्रतिरोपण के लिए वन विभाग ने मांगा प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** दिल्ली वन विभाग ने वृक्ष प्रतिरोपण के लिए एजेंसियों के मनोनयन को लेकर प्रस्ताव आमंत्रित किए हैं। सरकार की नई वृक्ष प्रतिरोपण नीति के बाद एजेंसियों को सूची में सम्मिलित करने के उद्देश्य से ये प्रस्ताव मांगे गए थे। पिछले साल अक्टूबर में दिल्ली सरकार ने विकास कार्यों की वजह से पेड़ों की कटाई रोकने के उद्देश्य से वृक्ष प्रतिरोपण की एक नीति को मंजूरी दी थी।

## असंतुष्टों को चुप कराने के लिए राजद्रोह कानून नहीं: अदालत

**किसान प्रदर्शन**

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

एक अदालत ने कहा कि उपद्रवियों का मुंह बंद कराने के बहाने असंतुष्टों को खामोश करने के लिए राजद्रोह का कानून नहीं लगाया जा सकता।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश धर्मेंद्र राना ने किसानों के चल रहे प्रदर्शन के दौरान फेसबुक पर फर्जी वीडियो डालकर कथित रूप से राजद्रोह और अफवाह फैलाने के आरोप में दिल्ली पुलिस द्वारा गिरफ्तार दो व्यक्तियों- देवी लाल बुरदक और स्वरूप राम- को जमानत देने के दौरान यह टिप्पणी की। अदालत ने कहा कि समाज में शांति के लिए सरकार के हाथ में राजद्रोह का कानून एक शक्तिशाली औजार है। लेकिन उपद्रवियों का मुंह बंद करने के बहाने असंतुष्टों को खामोश करने के लिए इसे लागू नहीं किया जा सकता। कानून ऐसे किसी भी कृत्य का निषेध करता है जिसमें हिंसा के जरिए सार्वजनिक शांति को बिगाड़ने या गड़बड़ी फैलाने की प्रवृत्ति हो। हिंसा या उकसावे के जरिए आरोपियों के द्वारा सार्वजनिक शांति में किसी तरह की गड़बड़ी या अव्यवस्था फैलाने के अभाव में मुझे संदेह है कि आरोपी पर धारा 124 (ए) के तहत कार्रवाई की जा सकती है।

### ऑनलाइन सुनवाई को लेकर रिपोर्ट तलब

**नई दिल्ली।** उच्च न्यायालय ने निचले कोर्टों से इस संबंध में रिपोर्ट देने को कहा कि पारंपरिक रूप से कोर्ट कक्ष में आमने सामने की सुनवाई और ऑनलाइन सुनवाई साथ-साथ करने के लिए क्या उनके पास आधारभूत संरचना।

न्यायमूर्ति ने उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल को कहा कि वह अधीनस्थ अदालतों के जिला एवं सत्र न्यायालयों से रिपार्ट प्राप्त करें। उन्होंने यह निर्देश कई वकीलों की तरफ से दायर एक याचिका पर दिया जिसमें कहा गया है कि वे कई गंभीर बीमारियों से ग्रस्त वरिष्ठ नागरिक हैं एवं कोविड-19 महामारी की दौरान अदालत कक्ष में सुनवाई में पेश होने को लेकर कई आशंकाएं हैं।

## जेएनयू मामला: कन्हैया के खिलाफ आरोप पत्र पर कोर्ट ने लिया संज्ञान

- आरोपियों को दिल्ली की अदालत ने 15 मार्च को किया तलब

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने 2016 के राजद्रोह मामले में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ (जेएनयूएसयू) के पूर्व अध्यक्ष कन्हैया कुमार और नौ अन्य के खिलाफ दिल्ली पुलिस द्वारा दायर आरोप पत्र पर संज्ञान लिया और 15 मार्च को उन्हें तलब किया है।

मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट (सीएमएम) पंकज शर्मा ने दिल्ली पुलिस को मामले में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी मिलने के करीब एक साल बाद सोमवार को आरोप पत्र का संज्ञान लिया। कुमार के अलावा मामले के आरोपियों में जेएनयू के पूर्व छात्र उमर खालिद और अनिर्बान भट्टाचार्य शामिल हैं। उन पर भारत विरोधी नारे लगाने का आरोप है। मामले में जिन सात अन्य आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया गया है उनमें कश्मीरी छात्र आकिब हुसैन, मुजीब हुसैन, मुनीब हुसैन, उमर गुल, रईया रसूल, बशीर भट और बशारत शामिल हैं। उनमें से कुछ जेएनयू, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय और जामिया मिल्लिया इस्लामिया के छात्र हैं। भाकपा नेता डी राजा की बेटी अपराजिता, शेहला रशीद (तत्कालीन जेएनयूएसयू उपाध्यक्ष), रमा नागा, आशुतोष कुमार, बनोज्योत्सना लाहिड़ी (सभी जेएनयू के पूर्व छात्र) समेत 36 अन्य के नाम आरोप पत्र के 12वें कॉलम में हैं, क्योंकि उनके खिलाफ पर्याप्त सबूत नहीं हैं।

आरोपियों पर भारतीय दंड संहिता की धारा 124 ए (राजद्रोह), 323, 471, 143 , 149, 147 और 120 बी के तहत आरोप लगाए गए हैं। भाजपा के तत्कालीन सांसद महेश गिरी और आरएसएस की छात्र इकाई अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की शिकायत पर 11 फरवरी 2016 को वसंत कुंज थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

# प्रकृति के रंग-बिरंगे उपहार से सजेगा गार्डेन टूरिज्म फेस्टिवल

- तीन दिन की बजाय इस बार तीन सप्ताह का होगा महोत्सव

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

पिछले तीन दशक से गार्डेन टूरिज्म फेस्टिवल दिल्ली की समृद्ध विभिन्न फूलों की बागवानी (फलोरीकल्चर) पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के साथ ही लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

ऋतुराज बसंत के मौसम में पुष्प प्रेमियों को गार्डेन ऑफ फाइव सेंसेस में 'प्रकृति के रंग' (कलर्स ऑफ नेचर) की थीम पर तीन सप्ताह का एक विशेष उपहार मिलने वाला है। दिल्ली पर्यटन ने तीन दिवसीय महोत्सव के प्रति लोगों के उत्साह को देखते हुए इस बार इसे बढ़ाकर तीन सप्ताह का कर दिया है, ताकि सोशल डिस्टेंसिंग के साथ दर्शकों के लिए यह यादगार अनुभव बन जाए।

दिल्ली पर्यटन की एमडी व सीईओ श्वाति शर्मा ने बताया कि इस बार गार्डेन ऑफ फाइव सेंस में 50 हजार से अधिक रंग-बिरंगे फूलों के पौधों को लोग देखेंगे, जो सभी के लिए जींवत और रोमांचित करने वाला अनुभव होगा। गार्डेन टूरिज्म फेस्टिवल में दोस्तों व परिवार के साथ सुखद अनुभूति के साथ ही बागवानी के शौकीनों के लिए हॉर्टिकल्चर वर्कशॉप और गार्डेन बाजार समेत बहुत कुछ मिलेगा। श्वाति शर्मा ने बताया 34वां गार्डेन फेस्टिवल का शुभारंभ 19 फरवरी को दिल्ली के उपमुख्यमंत्री व पर्यटन मंत्री मनीष सिसोदिया करेंगे। पिछले कई वर्षों से यह राजधानी का सबसे बड़ा पुष्प महोत्सव है जिसमें बड़ी नर्सरी, बागवानी और फूलों की खेती करने वाले समुदाय और बागवानी यंत्र, बीज-खाद का व्यवसाय करने वाले भाग लेते हैं। सरकार की विभिन्न एजेंसी और निजी संगठन और व्यापारिक घराने फलावर विशेष थीम पर पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन करेंगे। बड़ी संख्या में मौसमी व अतिविशिष्ट फूल का प्रदर्शन अलग अलग श्रेणी की प्रतियोगिता में किया जाएगा। महोत्सव की हर शाम आगंतुकों के मनोरंजन के लिए विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रमों से त्योहार का वातावरण तैयार किया जाएगा।



फाइल फोटो

### नगर निगम ने प्रदर्शनी, स्वच्छता रैली, फिल्म के जरिए किया जागरूक

**नई दिल्ली।** दक्षिणी निगम के नजफगढ़ जोन कार्यालय में स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के मद्देनजर स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

स्थायी समिति के अध्यक्ष राजदत्त गहलोत, जोन की अध्यक्ष सुमन डागर और अतिरिक्त आयुक्त ने स्वच्छ सर्वेक्षण पर आयोजित फिल्म प्रतियोगिता के विजेताओं और स्वच्छ सर्वेक्षण में योगदान देने वाले सफाई सैनिकों को पुरस्कृत किया। उन्होंने स्वच्छता रैली को भी हरी झंडी दिखाकर क्षेत्र में रवाना किया ताकि लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा सके। उपायुक्त ने बताया कि नजफगढ़ जोन स्वच्छ के लिए कई नये और अनूठे कार्य कर रहा है।

नौएडा
नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण
मुख्य प्रशासनिक भवन, सैक्टर-6, नौएडा-201301, उ.प्र.
वैबसाइट: www.noidaauthorityonline.in

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

UPLC लखनऊ में पंजीकृत फर्मो/ठेकेदारों से निम्न जॉब संख्याओं हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जिन्हें निम्नानुसार तिथियों तक अपलोड किया जा सकता है एवं प्राप्त ई-निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शायी गई तिथियों पर खोला जायेगा। निविदा संबंधी समस्त विवरण व शर्तें नौएडा प्राधिकरण की वेबसाईट www.noidaauthorityonline.in एवं UPLC की वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाईट देखते रहें।

| क्रम सं0 | जॉब नं0 | कार्य का नाम | Amount |
|---|---|---|---|
| 1. | 17/मैनेजर सिस्टम/ Photocopier/2020-21 | Photocopier Machine क्रय करने के सम्बन्ध में। | Rs. 23,99,200/- |

जिन्हें दिनांक 02.03.2021 को 5.00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालिफिकेशन दिनांक 03.03.2021 को प्रातः 11.00 बजे खोली जायेंगी।

प्रबंधक (सिस्टम)

स्वच्छ, हरित, सकुशल, सुरक्षित नौएडा

# विधायक सुधीर सिंगला ने सामूहिक विवाह में दिया जोड़ों को आशीर्वाद

### सनातन धर्म सभा की ओर से गीता भवन में किया गया 9 जोड़ों का विवाह

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**मंगलवार** को यहां न्यू कालोनी स्थित गीता भवन में श्रीसनातन धर्म सभा की ओर से सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देने पहुंचे।

यहां 9 जोड़ों का सामूहिक विवाह संस्था की ओर से कराया गया। अपने संबोधन में विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि गरीब, जरूरतमंद बेटे-बेटियों के सामूहिक विवाह कराकर संस्था ने अच्छा कार्य किया है। वैसे तो समय-समय पर धार्मिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करती रहती है। समाज में जागरुकता लाने के कार्यक्रम, धर्म-कर्म से जुड़े कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में नई चेतना जागृत शहर में संस्थाएं कर रही हैं।



गुरुग्राम के न्यू कालोनी स्थित गीता भवन में सामूहिक विवाह समारोह में जोड़ों को आशीर्वाद देने पहुंचे विधायक सुधीर सिंगला।

विधायक ने कहा कि शहर की संस्थाओं ने हमेशा ही समाजहित में कार्य किए हैं। सामूहिक विवाह जैसे कार्यक्रम समय-समय पर किए जाते हैं। इससे उन गरीबों, जरूरतमंदों को सहारा मिलता है, जो कि आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण अपने स्तर पर अपने बेटे-बेटियों का विवाह नहीं कर पाते।

इस मौके पर विधायक सुधीर सिंगला ने संस्था प्रमुख सुरेंद्र खुल्लर, पार्षद सीमा पाहुजा, रमेश कालड़ा, बीडी पाहुजा, मुनीष खुल्लर, अरविंद गुप्ता, यूवी ग्रोवर, तरुण चावला, गुलशन मेहता आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे। विधायक सुधीर सिंगला ने सभी समाजसेवियों की मौजूदगी में कहा कि शहर में बहुत सी संस्थाएं इस तरह के पुण्य के कार्य कर रही हैं। अधिक से अधिक संस्था इस सामाजिक कार्य को आगे आकर गरीबों का सहारा बनें, ताकि हर किसी घर में खुशियों का पदार्पण हो।

# 1857 की क्रांति से जुड़ी वस्तुओं दें गैलरी को दान

### वस्तुएं देने वाले व्यक्ति का नाम और पता भी होगा अंकित

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**1857** की क्रांति की याद में वीर जवानों की बहादुरी एवं शहादत को नमन करने के लिए हरियाणा राज्य के अंबाला शहर में 22 एकड़ भूमि पर लगभग 300 करोड़ रूपए की लागत से भव्य और विशाल स्मारक का निर्माण किया जा रहा है।

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के प्रवक्ता ने आमजन से अपील की है कि अगर किसी भी व्यक्ति के पास उनके पूर्वजों की धरोहर के रूप में 1857 की क्रांति से संबंधित कोई भी वस्तु जैसे राइफल, बंदूक, पिस्टल, बंदूक की गोली (मस्कट कार्टरिज), वर्दी, तलवार, चाकू, बैज, मेडल, दस्तावेज, 1857 की क्रांति पर जारी हुई पोस्टल स्टाम्प (डाक टिकट), पत्र या पत्र व्यवहार, मूल रूप में कोई समाचार पत्र, उस दौर की पेंटिंग, कोई मानचित्र या अन्य कोई भी वस्तु जो 1857 की क्रांति से संबंधित हो, को हरियाणा सरकार को धरोहर के लिए दे सकते हैं। प्रवक्ता ने कहा कि अगर दी गई वस्तु, दस्तावेज या अन्य चीजें प्रामाणिक पाए जाते हैं तो उसे दिए जाने वाले व्यक्ति के नाम व पते सहित गैलरी में दशायज़् जाएगा। आमजन द्वारा दिए जाने वाले इस सहयोग के लिए सरकार आभारी रहेगी और पूरे सम्मान के साथ दी गई निधि को अंबाला में बन रहे युद्ध स्मारक में बनाई जाने वाली गैलरी में संजोकर रखा जाएगा। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि इस संदर्भ में मोबाइल नंबर-9463437252 अथवा 9888009339 पर संपर्क किया जा सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### थाना सारन पुलिस ने एक माह में निपटाये 254 मामले

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त ओपी सिंह के दिशा-निर्देश पर कार्यवाही करते हुए थाना सारन पुलिस ने एक माह में करीबन 254 मामले को निपटाने में सफलता हासिल की है। इस कार्य में सारन पुलिस की पूरी टीम ने संतोषजनक कार्य किया है। थाना सारन के अतिरिक्त प्रभारी वेदप्रकाश ने बताया कि पुलिस आयुक्त ओपी सिंह के दिशा-निर्देश व डीसीपी एनआईटी डा. अर्पित जैन के मार्गदर्शन में पिछले एक माह में उनकी पूरी टीम ने करीबन 254 मामले संतोषपूर्वक निपटने में सफलता हासिल की है। उन्होंने बताया कि पुलिस आयुक्त ओपी सिंह द्वारा पुलिस सुधारीकरण कार्य के तहत थाने में आने वाली शिकायत तथा गंभीर अपराधों पर मुकदमे दर्ज उन्हें गंभीरता से लोगों की समस्याओं का निपटा करने के निर्देश दिए हुए है। जिसकी पालना करते हुएथाना सारन पुलिस की पूरी टीम ने एक माह के दौरान क्रमश: एनडीपीएस एक्ट के दो मामले दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एक्साईज एक्ट के 11 मुकदमों में आरोपियों को गिरफ्तार किया। गैम्बलिंग एक्ट के 10 मुकदमें दर्ज कर 67910 रूपए बरामद किए है। आर्म्स एक्ट का एक मुकदमा दर्ज कर एक देशी पिस्तौल बरामद की है। पीओ एक्ट के मुकदमें में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। महिला विरूद्ध अपराध के चार मुकदमें व धारा 346 आईपीसी-6 के मुकदमें, परिवाद निपटारा के 182 तथा सीएम विन्डो के 42 मामलों को संतोषपूर्वक निपटारा गया है। थाना सारन के अतिरिक्त प्रभारी वेदप्रकाश ने बताया कि थाने में शिकायत लेकर आने वाले लोगों के लिए फ्रैन्डली माहौल है। जिसके तहत वह अपनी शिकायत आईओ को देकर समस्याओं का निपटारा तथा गंभीर अपराधों में जल्द से जल्द कार्यवाही उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन में की जा रही है।



### बसंत पंचमी के मौके पर स्कूल में हुआ कार्यक्रम

**फर्रूखनगर।** कैम्ब्रिज स्कूल में बसंत पंचमी का उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वसंत ऋतु के आगमन पर स्कूल में स्पेशल असेंबली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डायरेक्टर सुचेता ठक्कर व प्रिंसिपल परमदेव सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर, सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के साथ मां सरस्वती का पूजन किया। वसंत के आगमन पर स्कूल के विद्यार्थियों ने श्लोक, सरस्वती वंदना, स्पीच व गीत के माध्यम से देवी मां शारदा की स्तुति की। इस पावन अवसर पर बसंत उत्सव के महत्व को समझाते हुए स्कूल के प्रिंसिपल परमदेव सिंह ने सभी विद्यार्थियों व शिक्षक शिक्षिकाओं को बसंत ऋतु की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बसंत पंचमी ऋतु परिवर्तन का त्योहार है जो अपने साथ विभिन्न परिवर्तन लेकर आता है। उसी तरह सभी बच्चे अपने छात्र जीवन में अभूतपूर्व परिवर्तन लाकर अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सफलता की बुलंदियों को छूएं, समाज व देश का नाम रोशन करें।

### युवा सिंगर लक्ष्य ने दिल वाली गल गीत से मचाई धूम

**गुरुग्राम।** युवा गायक लक्ष्य शर्मा का गाना-दिल वाली गल आजकल छाया हुआ है। संगीत प्रेमियों को ये गाना बेहद पसंद आ रहा है। इस गाने का संगीत होमी दिल्लीवाला और एआरबी ने मिलकर दिया है। इसे लिखा है दीपक शर्मा ने, जबकि वीडियो आदित्यपुर और सुधीर भल्ला ने शूट किया है। दिल वाली गल गाने में मॉडल याना ने अभिनय किया है। बता दें कि गुरुग्राम निवासी लक्ष्य शर्मा इससे पहले भी चार गाने रिकॉर्ड करवा चुके हैं। वेलेनटाइन-डे के अवसर पर लॉन्च किए गए इस गाने के बारे में लक्ष्य शर्मा ने बताया कि इस एल्बम का पिक्चराइजेशन गोवा के बिग डैडी कसीनो और अन्य खूबसूरत लोकेशंस पर हुआ है। ये गाना पूरी तरह प्यार को और प्यार करने वालों को डेडिकेट किया गया है। इस गाने ने यूट्यूब पर भी धूम मचा दी है।



### गुरुग्राम में कुमार विश्वास 11 अप्रैल को करेंगे कविता पाठ

**गुरुग्राम।** नववर्ष प्रतिपदा 2078 पर 11 अप्रैल को गुरुग्राम में प्रसिद्ध कवि कुमार विश्वास कविता पाठ करेंगे। कार्यक्रम में शिरकत करने को विशेष तौर पर पास सिस्टम बनाया जाएगा, ताकि लोगों को परेशानी ना हो। इस कार्यक्रम को लेकर यहां राजेंद्रा पार्क में भारतीय नववर्ष आयोजन समिति की बैठक आयोजित की गई। समिति के मीडिया प्रभारी राजीव मित्तल ने बताया कि इस बार भारतीय नव वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा 2078 आगमन पर भव्य आयोजन की योजना बनाई गई। भारतीय नव वर्ष आयोजन समिति की इस बैठक की अध्यक्षता कर रहे हरियाणा कला परिषद के पूर्व निदेशक अजय सिंहल ने कहा कि इस बार गुरुग्राम में नववर्ष का आगाज भव्य होगा। कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय कवि कुमार विश्वास का तीन घन्टे का भारतीय संस्कृति से ओत-प्रोत रोमांचक व्याख्यान होगा। इस बैठक में प्रख्यात चित्रकार सुधीर त्रिपुरारी, अशोक घोराई, सिया शर्मा, सत्यवान शर्मा, अंकित गर्ग, सचिन जिन्दल, सन्तोष शर्मा, गोपीनाथ पण्डा, मुकेश बंसल, अक्षय ओझा, राम बहादुर सिंह, इन्दु जैन, मीनाक्षी सक्सेना, वेद सैनी, रंजन शर्मा, प्रदीप शर्मा, रजनीश वर्मा, मोहनीष लारोइया, श्याम तिवारी ने हिस्सा लिया।

# दहेज लोभी मां-बेटे को उम्रकैद, सवा-सवा लाख का जुर्माना भी

### दहेज की मांग करते हुए विवाहिता की कर दी थी हत्या

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**दहेज** के लोभियों को सबक सिखाते हुए गुरुग्राम की जिला अदालत ने मां व बेटे यानी विवाहिता के पति व सास को दोषी ठहराते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई गई। मंगलवार को अदालत के इस निर्णय की काफी चर्चा रही। दोषियों को सजा के अलावा सवा-सवा लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है।



बता दें कि रेवाड़ी के विष्णु सिंह ने एक जून 2016 को गुरुग्राम के सेक्टर-5 पुलिस थाना में शिकायत दी थी कि उसने अपनी बहन रेखा की शादी दयानंद कालोनी के भूपेंद्र स्वामी से 25 जुलाई 2015 को हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार की थी। सामर्थ्यअनुसार दान-दहेज भी दिया था लेकिन ससुराल वाले इस दान-दहेज से खुश नहीं थे। उसकी बहन के साथ मारपीट कर उसे घर से यह कहकर निकाल दिया था कि 10 लाख रुपये लिए बिना घर नहीं आना। उसे सूचना मिली थी कि ससुराल वालों ने उसकी बहन की हत्या कर दी है। इस हत्या के षड़यंत्र में उसकी बहन का पति, सास-ससुर व ननद सुमन, ननदोई सुरेश भी शामिल हैं। ससुर, ननद व ननदोई को पुलिस ने जांच में निकाल दिया था। मंगलवार को अदालत ने निर्णय सुनाते हुए पति व सास को उम्रकैद की सजा सुनाई है।

## दुकान का ताला तोड़ 40 हजार की नकदी और सामान चोरी

**सोहना।** नगर के अस्पताल मार्ग पर बिजली की दुकान का रात के समय में ताला तोड़कर 40 हजार रुपये की नकदी समेत हजारों रुपये का कीमती सामान चोरी हो गया। दुकानदार की शिकायत पर सिटी थाना पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर लिया है।

जिला नूंह का गांव किरनज निवासी सतीश यादव ने बताया कि तीन दिन पहले रात के समय में उसकी दुकान का ताला तोड़कर चोर 40 हजार रुपये की नकदी और हजारों रुपये का कीमती सामान चोरी कर ले गए। दुकान में चोरी होने की सूचना उसके पडोसी बिजली दुकानदार राजेन्द्र ने फोन करके दी थी। जब उसने आकर देखा तो उसकी दुकान में अंदर सामान बिखरा पड़ा था। गल्ले में रखी नकदी गायब थी। इससे पहले 12 फरवरी की रात को शहर के शामलात मार्केट में बनी 8 दुकानों के ताले व शटर तोड़कर चोर करीब 4 लाख रुपये का सामान चोरी करके ले गए थे, लेकिन पुलिस अभी तक किसी भी चोरी का खुलासा नहीं कर सकी है।

# पांच अधिकारियों की गठित कमेटी करेगी फार्म हाउसों की पड़ताल

### हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाने वाले फार्म हाउस मालिकों को मिलेगा सुनवाई मौका

एन. रोहिल्ला। सोहना

**अरावली** पहाड़ी के अंसल क्षेत्र में बनें फार्म हाउसों की पड़ताल के लिए गठित पांच सदस्यी टीम सुनवाई करेगी। ये कमेटी हाई कोर्ट के आदेश पर नगर निगम गुरुग्राम के नेतृत्व में गठित की गई है। जो जल्द ही हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाने वाले फार्म हाउस मालिकों को सुनाई के लिए नोटिस देगी।

करीब आठ माह पहले नगर परिषद सोहना ने अरावली पहाड़ी के अंदर क्षेत्र में बनें फार्म हाउसों को एनजीटी के आदेश पर नोटिस जारी किए थे। इन नोटिस मिलने के साथ ही फार्म हाउस मालिकों की नींद बेचैन हो गई थी। करीब 50 फार्म हाउस मालिकों ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। करीब 150 फार्म हाउस मालिकों ने नोटिस का जबाव तैयार करके नगरपरिषद कार्यालय में दायर कर दिया था, लेकिन इन जबावों को नगर परिषद अधिकारी जांच पड़ताल नहीं कर सके थे। हाईकोर्ट ने याचिका दायर करने वाले फार्म मालिकों की अपील सुनने के बाद नगर परिषद को ही जांच पड़ताल करने के निर्देश जारी किए थे। जांच पड़ताल कमेटी बनाकर आदेश दिए थे। हाई कोर्ट के आदेशों से करीब 6 माह के बाद नगर निगम आयुक्त विनय प्रताप के दिशा निर्देश पर कमेटी का गठन कर लिया गया है। इस कमेटी में नगरपरिषद के कार्यकारी अधिकारी, परिषद एक्सइएन, परिषद एमई, विकास एनसीजी व सटेलाइट एक्सपर्ट को नियुक्त किया है।

#### सुनवाई के लिए दिया जाएगा नोटिस

**पांच** सदस्यी कमेटी अब फिर से अंसल क्षेत्र में फार्म हाउस मालिकों को नोटिस जारी करेगी। जिसमें हाई कोर्ट में याचिका दायर करने वालों तथा नगरपरिषद में अपना जबाव दायर करने वाले फार्म हाउस मालिक शामिल हैं। ताकि उनके सामने उनके दिए गए जबावों की सुनाई पाक साफ हो सकें।

#### क्या कहते हैं परिषद अधिकारी

**परिषद** के कार्यकारी अधिकारी संदीप मलिक ने बताया कि नगरपरिषद 200 के करीब फार्म हाउस मालिकों के दूसरे चरण में नोटिस देगी। पहले चरण में उन फार्म हाउस मालिकों को नोटिस दिए जा रहे है। जिन्होंने अपना जबाव परिषद कार्यालय में नहीं दिया था तथा नहीं वो अदालत में परिषद के नोटिस की ऐवज में गए थे।

## दो मामलों में 11 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज

**पलवल।** अलग-अलग थाना क्षेत्र के अंतर्गत लाठी-डंडा से हमला करने व जान से मारने की धमकी देने के दो मामले प्रकाश में आए हैं।

पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत पर 11 नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस प्रवक्ता संजय कादयान के अनुसार गांव बड़ौली निवासी रामरतन ने शिकायत दर्ज कराई है कि दस दिसंबर वर्ष 2020 को वह अपनी मां श्यामवती के साथ घर से बाहर निकला।चौपाल के पास पहुंचे ही थे कि गांव निवासी जुगन, राजबीर, अनूप, राकेश, संदीप, राहुल, बिरम सिंह व सुखबीर ने मिलकर लाठी-डंडा व लोहे की रॉड से हमला कर दिया। शोर सुनकर बचाने के लिए बहन राजेश, ब्रजेश व भाई जयवीर आए तो उन पर हमला कर दिया। जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

# मां सरस्वती की आराधना कर छात्र-छात्राओं ने मनाया बसंतोत्सव

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**बसंत** पंचमी के अवसर पर यहां साउथ सिटी स्थित सुगम एनजीओ के स्कूल में बच्चों ने मां सरस्वती की अराधना कर बसंत उत्सव मनाया। बच्चों ने लघु नाटिका के माध्यम से शिक्षा का दीप जलाने का संदेश दिया। सुगम एनजीओ की संचालिका मोनिका शर्मा के मुताबिक हर वर्ष स्कूल में बसंत उत्सव धूमधाम से मनाया जाता है।

इस बार कोविड प्रोटोकाल की पालना करते हुए इसे कुछ सीमित किया गया है। स्कूल के बच्चों ने मां सरस्वती के समक्ष दीप चला कर सरस्वती वंदना कर कार्यक्रम की शुरुआत और शिक्षा का दीप हमारे में समाज को रोशन करे इसके लिए एक लघुनाटिका के माध्यम से संदेश भी दिया। मोनिका ने बताया की उनकी एनजीओ पिछले 11 सालों से बच्चों को निशुल्क शिक्षा उपलब्ध करा रही है। जिसमें बच्चों की कॉपी किताब व खाने की व्यवस्था भी सस्था द्वारा की जाती है।



गुरुग्राम स्थित साउथ सिटी में बसंत उत्सव के दौरान मां सरस्वती की आराधना करते शिक्षक, बच्चे और अतिथि।

इस वर्ष के दाखिले मिलाकर उनके स्कूल में 500 बच्चे शिक्षा ले रहे हैं। इस वर्ष से बच्चों को कुछ टैक्निकल शिक्षा देने का भी प्रयास सस्था द्वारा किया जा रहा है ताकि बच्चे स्वावलबी बन अपना रोजगार कर सके। मोनिका ने बताया कि उनकी सस्था की और से एक प्रयास किया जा रहा है कि बच्चों व उनके परिवार की आय बढ़ाने का काम भी किया जा जाए। जिसके लिए अभी सस्था 360 परिवारों के साथ उनकी आय बढ़ाने का प्रयास कर रही है। इस मौके पर स्कूल की सभी टीचर व कुलदीप शर्मा, राजीव शर्मा, दीपक शर्मा, सुभाष शर्मा सहित बच्चों के अभिभावक मौजूद रहे।

# कैंपेन आई केयर के तहत वजीराबाद में आई कैंप आज

### कैंपेन में अगले 11 महीने में एक लाख से अधिक लोगों की नेत्र जांच का है लक्ष्य

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**जिलावासियों** को आंखों की देखभाल के बारे में जागरूक करते हुए नेत्र विकारों का नि:शुल्क इलाज मुहैया करवाने के उद्देश्य से जिला में शुरू की गई आई केयर गुरुग्राम नामक मुहिम के तहत आज बुधवार को गांव वजीराबाद की पीएचसी में मुफ्त जांच शिविर लगाया जाएगा। गुरुग्राम के मंडलायुक्त राजीव रंजन के मुताबिक इस मुहिम के तहत अलग-अलग स्थानों पर शिविर लगाकर लोगों की आंखों की नि:शुल्क जांच करके दृष्टि संबंधी रोगों का इलाज भी मुफ्त किया जाएगा।

मंडलायुक्त ने कहा कि मुहिम के तहत 17 फरवरी को प्रात: 9 बजे से गांव वजीराबाद की पीएचसी में और 19 फरवरी को गांव नाथुपुर की पीएचसी में आंखों की दृष्टि की नि:शुल्क जांच के लिए कैंप लगाए जाएंगे। मंडल आयुक्त रंजन ने सभी लोगों से अपील की है कि तारीख नोट करके अपने नजदीकी कैंप में जाकर अपनी आंखों की मुफ्त जांच करवाकर कैम्प का पूरा लाभ उठाएं। जिन्हें चश्मा की जरूरत होगी उन्हें चश्मा दिया जायेगा। जिन्हें ऑपरेशन की जरूरत होगी, उनका आधुनिक तकनीक से किया जायेगा। जिसके लिए उन्हें तारीख तय करके अस्पताल में बुलाया जायेगा। स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थी भी इन कैम्पों में आकर अपनी आँखों की दृष्टि की मुफ्त जांच करवाकर इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।

# चमोली में प्रभावितों को चिकित्सा और पुनर्वास में मदद देंगे डा. प्रदीप

### सिक्स सिगमा हेल्थकयर की ओर से डा. प्रदीप भारद्वाज ने उत्तराखंड सरकार को भेजा प्रपोजल

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम



उत्तराखंड के चमोली में ग्लेशियर प्रभावित क्षेत्र में अपनी टीम के साथ सिक्स सिगमा हेल्थेकयर के सीईओ डा. प्रदीप भारद्वाज।

**कोई** आपदा चाहे चंद मिनट की हो, लेकिन वह वर्षों का दर्द इंसान को दे जाती है। इंसान इतना प्रभावित हो जाता है कि वह वर्षों पीछे चला जाता है। ऐसा ही हुआ है उत्तराखंड के चमोली में 7 फरवरी 2021 को ग्लेशियर फटने की घटना के बाद। लोगों की समस्याओं को नजदीक से देखने वाले सिक्स सिगमा हेल्थकेयर के डा. प्रदीप भारद्वाज ने चिकित्सा के साथ अब प्रभावित लोगों के पुनर्वास को लेकर भी चिंता जताई है। साथ ही उत्तराखंड सरकार को इसका प्रपोजल तैयार करके भेजा है।

सिक्स सिगमा हेल्थ केयर के माध्यम से दुर्गम क्षेत्रों में चिकित्सा की सेवाएं देने वाले हरियाणा के झज्जर निवासी डा. प्रदीप भारद्वाज का कहना है कि यह जरूरी नहीं कि कोई आपको जिम्मेदारी दे तभी, आप उस काम को करें। कुछ काम फर्ज समझकर भी किए जा सकते हैं। उत्तराखंड के तपोवन, चमोली में आई आपदा में बेशक वे चिकित्सा सेवाएं दे रहे हों, लेकिन चिकित्सा के साथ-साथ अन्य सुविधाओं के लिए भी उन्होंने बारीकी से सोचा है। इस पर बिना देरी किए काम करते हुए उत्तराखंड सरकार को प्रपोजल भेज दिया। डा. प्रदीप भारद्वाज के मुताबिक घटना तो हो गई, लेकिन इस घटना में प्रभावित लोगों के सामने रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि का संकट खड़ा हो गया है। क्षेत्र के सबसे अधिक प्रभावित 17 गांवों के लोगों को यह सुविधाएं देने के लिए सरकार को भी जरूरी कदम उठाने चाहिए।

**मेडिकल सेंटर, टेलिमेडिसिन सेंटर भी हों स्थापित :** अपने प्रपोजल में स्वास्थ्य को लेकर उन्होंने कहा है कि यहां लोगों को गाइडेंस, उनकी काउसंलिंग जरूरी है। मानसिक रूप से लोग बहुत प्रभावित हैं। हादसे के प्रत्यक्षदर्शी को बहुत अधिक मानसिक तनाव झेल रहे हैं। इसलिए उनकी काउंसलिंग करनी जरूरी है। साथ ही सैटेलाइट हाई एल्टीट्यूड मेडिकल सेंटर भी स्थपित किया जाना जरूरी है। प्रभावित पहाड़ी क्षेत्र में लोग कहीं आ-जा नहीं सकते। बहुत जगहों पर संपर्क खत्म हो गया है।

# रतन लाल रोहिल्ला हुए सेवानिवृत

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**नगर** निगम के अतिरिक्त आयुक्त इन्द्रजीत कुल्हड़िया ने कहा है कि नगर निगम के क्षेत्रिय एवं कर अधिकारी रतन लाल रोहिल्ला की समय से पूर्व स्वैच्छिक सेवानिवृति निगम प्रशासन के लिए एक अपूरणीय क्षति है।

म्युनिस्पिल कारपोरेशन ईम्पलाईज फैडरेशन फरीदाबाद के द्वारा निगम मुख्यालय में देर सायं रोहिल्ला के सम्मान में आयोजित किये गये एक भावभीनी विदाई समारोह में उपस्थित सैंकड़ों कर्मचारियों व अधिकारियों को संबोधित करते हुए अतिरिक्त निग्मायुक्त ने कहा कि एक बेदाग, कर्मठ, अत्यधिक मेहनती व ईमानदार अधिकारी रोहिल्ला के सेवामुक्त होने से जो स्थान रिक्त हुआ है उसकी भरपाई करने में समय लगेगा। इसलिये जरूरत पड़ने पर निगम प्रशासन की उनकी सेवाओं को लेता रहेगा। उन्होंने निगमायुक्त यशपाल यादव और निगम प्रशासन की ओर से रोहिल्ला को उनके सुखमय, शांतिमय व समृद्धिमय भविष्य की कामना करते हुए पैंशन पेमेंट आर्डर सहित सभी प्रकार के सेवानिवृति लाभों का भुगतान मौके पर ही किया। इससे पूर्व निगम की लगभग सभी शाखाओं के कर्मचारियों की ओर से रोहिल्ला का बुक्के व फूलों की मालायें पहनाकर के और उपहार देकर अभिनंदन किया।



इस अवसर पर अतिरिक्त निग्मायुक्त के इलावा निगम के वरिष्ठ वास्तुकार भूपेन्द्र सिंह ढ़िल्लो, वरिष्ठ नगर योजनाकार महीपाल सिंह, अधीक्षण अभियंता अषोक कुमार रावत, उप नगर योजनाकार जयप्रकाष चंदीला, क्षेत्रिय एवं कर अधिकारी प्रेम प्रकाष, विजय सिंह, सुनीता कुमारी, सृष्टि बब्बर, षषि आर्या, विकास कन्हैया, सुमन मल्होत्रा व सीमा भाटिया भी उपस्थित थी।

# उत्कर्ष स्माल फाइनेंस बैंक ने किया मास्टरकार्ड के साथ टाईअप

### इस लॉन्च के साथ ही बैंक ने सफलतापूर्वक अपना चार साल का कार्यकाल भी पूरा किया है

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**उत्कर्ष** स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (स्न्नक्क) ने आज मास्टरकार्ड के साथ डेबिट कार्ड लॉन्च करने की घोषणा की। यह कार्ड उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक के ग्राहकों को अंतर्राष्ट्रीय लाभ और सुविधाएं प्रदान करेगा। साथ ही खरीदारी और रेस्टोरेंट में भोजन करने पर भी विशेष लाभ देगा। यह सहयोग मास्टरकार्ड की तकनीकी विशेषज्ञता और उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक के मजबूत ग्राहक आधार को एक साथ लाएगा।

इस पार्टनरशिप के साथ, कार्डधारकों को मास्टरकार्ड के लाभ जैसे लाउंज एक्सेस, दुनिया भर में स्वीकृति, बीमा कवरेज, कैशबैक ऑफ़र, कंसीयज ऑफर और मर्चेंट ऑफर भी मिलेंगे। मास्टरकार्ड डिजिटल भुगतान सुरक्षा के क्षेत्र में अग्रणी रहा है।इन कार्डों में धोखाधड़ी की निगरानी के लिए अपनी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा के उपाय जैसे कि सुरक्षा नेट आदि दिए जाएंगे। इस टाई अप पर उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक एमडी और सीईओ श्री गोविंद सिंह ने कहा, इस टाई अप के माध्यम से, यूएसएफबी का डेबिट कार्ड हमारे ग्राहकों के लिए महत्वपूर्ण लाभ लाएगा। ग्राहक अब अपने पसंदीदा गंतव्य पर बिना किसी बंधन के लेन-देन करने में सक्षम होंगे। उन्हें सर्वश्रेष्ठ ऑफर्स और सुरक्षा भी मिलेगी। डेमोग्राफिक्स, सेगमेंट और हमारी ग्राहक प्रोफाइल को ध्यान में रखते हुए सभी की जरूरत के मुताबिक तैयार किए गए समाधान, हमारे ग्राहकों के बैंकिंग और लेन-देन के अनुभव को निश्चित ही बेहतर बनाएंगे। ग्राहकों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता के कारण हम अपने मूल्यवान ग्राहकों की जरूरतों और सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए उनके लिए तत्परतापूर्वक काम करते रहेंगे। मास्टरकार्ड के मुख्य परिचालन अधिकारी श्री विकास वर्मा ने इस पार्टनरशिप के बारे में कहा, मास्टरकार्ड उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक के साथ पार्टनरशिप करने के लिए उत्साहित है, जिसके ग्राहक ज्यादातर टियर 2 और 3 बाजारों के हैं। मास्टरकार्ड प्रौद्योगिकी और विशेषज्ञता के साथ भुगतान करने के लिए सुरक्षित और अधिक सुविधाजनक तरीके विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। मास्टरकार्ड छोटे व्यापारियों और उपभोक्ताओं के साथ जुड़ने के लिए उन्हें डिजीटल भुगतान के लाभों के बारे में शिक्षित करने के लिए अथक प्रयास कर रहा है। यह पार्टनरशिप उन्हें टियर 2 और 3 बाजारों में इस संबंध को मजबूत करने का अवसर प्रदान करती है। मास्टरकार्ड भारत में डिजिटल भुगतान के लिए लोगों में स्वीकृति पैदा करने की दिशा में सक्रिय रूप से काम कर रहा है। कंपनी व्यापारियों और भुगतान एग्रीगेटरों के लिए भुगतान करने की प्रक्रिया को आसान बनाने का प्रयास कर रही है ताकि उन्हें अपने व्यवसायों को कुशलतापूर्वक विकसित करने में मदद मिल सके।

# एम्स की जर्जर इमारत में चल रहा जच्चा-बच्चा केन्द्र

## इमारत की छत से दिख रहीं हैं सरिया

**कविता।** फरीदाबाद

**अखिल** भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली (एम्स) की बल्लभगढ़ शाखा में सिविल अस्पताल भी चल रहा है। यहां वर्ष 2017 में 10 करोड़ रुपये की लागत से नई ओपीडी बनाई गई थी। जिसमें ओपीडी का कुछ हिस्सा तो शिफ्ट कर दिया गया, लेकिन आज भी पुरानी इमारत में जच्चा-बच्चा केन्द्र, नेत्र रोग ओपीडी, लैब, एम्स और हरियाणा सरकार के अंतर्गत कार्यरत चिकित्सकों के ऑफिस मौजूद है। पुरानी इमारत की हालत इतनी जर्जर हो चुकी है कि यहां छत्त से प्लॉस्टर झड़ चुका है और सरिये तक दिखाई देने लगे है। लेकिन फिर भी जच्चा-बच्चा केन्द्र को यहां से शिफ्ट नहीं किया गया। एम्स के विभागाध्यक्ष प्रो. शशिकांत ने कुछ भी बताने से साफ इंकार कर दिया। अस्पताल के रखरखाव की जिम्मेदारी प्रदेश सरकार की है। जबकि सुविधाओं की जिम्मेदारी एम्स अस्पताल के क्षेत्राधिकार में आती हैं।





### जर्जर इमारत

**पुरानी** इमारत में जच्चा-बच्चा केन्द्र, नेत्र रोग ओपीडी, लैब, एम्स और हरियाणा सरकार के चिकित्सकों के कक्ष मौजूद है। छत्त का प्लास्टर झड़ने से यहां बैठने वाला स्टाफ डर-डर के काम करने को मजबूर हो रहा है।

छत्त के सरियें यहां साफ बाहर निकले हुए देखे जा सकते हैं। यहां गर्भवती महिलाओं के लिए बने दवा काउंटर के बाहर निकला छत्त का छज्जा भी जर्जर है। जिसकी दरारे साफ देखी जा सकती है।

### नई है इमारत का हाल

**एम्स** बल्लभगढ़ शाखा में 10 करोड़ रुपये की लागत से नई ओपीडी वर्ष 2017 में बनाई गई थी। नई ओपीडी का 11 जुलाई 2017 में एम्स के निदेशक एमके मिश्रा ने उद्घाटन किया था। उद्घाटन के बाद कुछ विभाग नई इमारत में भेज दिए गए। लेकिन नई इमारत भी एक साल बाद जर्जर हो जाने डॉक्टर नई ओपीडी में बैठने से डरते हैं। इसकी शिकायत एम्स के निदेशक से की गई। जिस पर ओपीडी की मरम्मत के लिए 43 लाख रुपये का बजट मंजूर कर दिया। ठेकेदार ने बाहरी हिस्से के प्लास्टर को हटा दिया और प्लास्टर करने करके खानापूर्ति कर दी गई।

### आते हैं हजारों मरीज

**यहां** 20 कॉलोनी, करीब आठ सेक्टरों के साथ 40 से 50 गांव के बड़ी संख्या में मरीज उपचार कराने के लिए आते हैं। इतना ही नहीं राष्ट्रीय राजमार्ग व अन्य सड़क दुर्घटनाओं में होने वाले घायल भी अस्पताल में आते हैं। वहीं ग्रामीण व कालोनियों समेत सेक्टरों की महिलाएं यहां गर्भावस्था की जांच व डिलीवरी के लिए रोजाना आती है लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

## क्रिकेट खिलाड़ियों को विपुल गोयल ने दी शुभकामनाएं

**फरीदाबाद।** सेक्टर 79 नहर पार एरिया में सीए एसोसिएशन द्वारा आयोजित क्रिकेट टुर्नामेंट कुल चार टीमों के बीच आपस में खेला गया। जिसमे पहला मैच फरीदाबाद चेयरमैन बनाम वाइस चेयरमैन और दूसरा मैच सेक्रेटरी बनाम ट्रेजरार की टीम के बीच खेला गया।

जिसमें से पहले मैच मे वाइस चेयरमैन की टीम विजेता रही। क्रिकेट टूर्नामेंट में बतौर मुख्य अतिथि हरियाणा के पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल ने कार्यक्रम में शिरकत कि और फरीदाबाद के उद्योगो के मुख्य स्तम्भ के रूप मे विकसित होने वाले सीए छात्रों को उज्ज्वल भविष्य कि शुभकामनाएं देते हुए संबोधित किया और साथ ही विजेता टीम के सभी खिलाड़ियों को बधाई दी।

## संक्षिप्त समाचार

### दीनबंधु सर छोटू राम की मनाई जयंती



**फरीदाबाद।** गांव खेड़ी कलां में ग्रामवासी व किसानों द्वारा रहबरे आजम दीनबन्धु सर छोटू राम की जयंती मनाई गई। जिसमें मुख्यथिति जिला पार्षद चैयरमेन विनोद चौधरी थे। इस मोके पर चेयरमैन विनोद चौधरी ने व मेजर सूबेदार देशराज नरवत ने सर छोटू राम की प्रीतिमा पर फूल माला पहनाकर अनावरण किया और सभी उपस्थित समूह को मिठाई बांटी गई। जयंती समारोह की व्यवस्था किसान नेता सत्यपाल नरवत द्वारा की गई। जयंती में मुख्य रूप से पूर्व सरपंच जिलेसिंह, पंडित भवानी प्रशाद, राजेंदर सोलंकी, नवल सिंह जिला अध्यक्ष किसान सभा फरीदाबाद, धर्मवीर, राजपाल, महिंदर, कमल सिंह, राकेश, भरतलाल, भुलेराम, प्रभुदयाल, बेदपाल, प्रकाशचन्द, चन्दर सिंह, कृष्ण पहलवान, भजनलाल, लाला, राजेश सोलंकी, पंडित ज्ञानी, रामकिशन, किशन, गिर्राज, तेजपाल, बिंदर, शीशपाल आदि उपस्थित थे। इस मौके पर किसान आंदोलन में शहीद हुए लगभग 200 किसानों को 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। विनोद चौधरी ने कहा की सर छोटूराम किसी एक बिरादरी के नेता नहीं थे, वह सर्वसमाज व किसानो के नेता थे उनके कार्यों की सभी जाति के लोग और सभी राजनैतिक पार्टिया प्रशंशा करते है। किसान नेता सत्यपाल नरवत ने सरकार से अपील की कि किसानो की और अधिक परीक्षा न ले। सर छोटूराम का अनुसरण करके बातचीत के माध्यम से समस्या का समाधान किया जाये। जिससे देश को और आर्थिक नुकसान होने से बचाया जा सके।

### जनहित सेवा संस्था ने हर्षोल्लास से मनाया बसंतोत्सव

**फरीदाबाद।** सेक्टर-दो स्थित अपने कार्यालय पर सामाजिक संस्था जनहित सेवा संस्था ने पर्व बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर हंस वाहिनी ज्ञान व विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना की। इस शुभ अवसर पर सामूहिक यज्ञ का भी आयोजन किया गया।



कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संस्था के प्रधान सन्तसिंह हुड्डा ने कहा कि ऋतुराज वसंत के आगमन का पर्व बसंत पंचमी के पर्व का माता सरस्वती के जन्मदिवस के रूप में पूरे भारतवर्ष में धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया जाता है। इसे अलग-अलग राज्यो में विभिन्न नामो से मनाया जाता है। शास्त्रों में बसंत पंचमी को ऋषि पंचमी भी कहा जाता है। बसंत ऋतु आते ही प्रकृति का कण-कण खिल उठ जाता है। मानव व पशु,पक्षी सभी उल्लास से भर जाते है। बसंत ऋतुओ का राजा है। चारो ओर हरियाली व फूल खिल जाते है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संस्था के अध्यक्ष सन्तसिंह हुड्डा, महासचिव सुभाष गहलोत, समाज सेवी राधारमन मिश्रा, रामकिशन हुड्डा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डां प्रवेश लाम्बा, उपाध्यक्ष ओमदत्त शास्त्री, कोषाध्यक्ष लोकेश शास्त्री ,सचिव देवीचरण, लक्ष्मी वर्मा, दीपक गोयल, अमरदीप डागर, सुरेन्द्र बांकुरा, सुन्दर तेवतिया,राजकुमार फौगाट, विपिन हुड्डा, विनय चौधरी, पं अमीराम, सन्तोष शर्मा, बबलू छाबड़ा अन्य संस्था के सभी पदाधिकारी विशेष रूप से मौजूद थे।

### विकास कार्यों का किया मंत्री ने औचक निरीक्षण



**फरीदाबाद।** हरियाणा के परिवहन एवं खनन विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने आज मंगलवार को सरस्वती पूजा समारोह में शिरकत करके बल्लभगढ़ में चल रहे विभिन्न स्थानों पर विकास कार्यों का औचक निरीक्षण किया और लोगों को बसंत पंचमी की भी बधाई दी। हरियाणा के कैबिनेट मंत्री मूलचन्द शर्मा पूर्वांचल जागृति मंच सेक्टर- 23 ए द्वारा आयोजित सरस्वती पूजा समारोह में पहुंचे। इस मौके पर वीएस पोसवाल, राम सिंह, आरके दुबे, राजेंद्र मिश्रा भी मंत्री के साथ में मौजूद रहे। तत्पश्चात परिवहन मंत्री शर्मा ने मोहना रोड पर नाले के चल रहे कार्य का औचक निरीक्षण किया। वहीं भीमसेन कॉलोनी की गलियों में जाकर लोगों की समस्या को सुनते हुए कहा कि जल्द खराब पड़ी हुई गलियां बनाई जाएगी। इसके उपरांत उन्होंने मोहना रोड के निर्माणाधीन गंदे नाले के विकास कार्य को जल्द पूरा करने के लिए संबंधित ठेकेदार को मोके से ही बात की और लोगो को आश्वासन दिया कि जल्द ही यह कार्य पूरा कर लिया जाएगा। इस अवसर पर पारस जैन भी मौजूद रहे।

### परंपरागत ढंग से मनाया बसंत पंचमी पर्व



**फरीदाबाद।** सेक्टर 21बी स्थित जीवा पब्लिक स्कूल में विद्यालय परिसर में पूरी श्रद्धा एवं परंपरा के साथ बसंत पंचमी के अवसर पर देवी सरस्वती की पूजा-अर्चना की गई। विद्यालय के अध्यक्ष ऋषिपाल चौहान, उपाध्यक्षा चंद्रलता चौहान, प्रशासनिका मुक्ता सचदेव, प्रधानाचार्या अर्पणा शर्मा व सभी अध्यापकगण ने सभी नियमों का पालन करते हुए एवं सोशल डिस्टेंस का ध्यान रखते हुए सरस्वती पूजन में भाग लिया और मां सरस्वती से आशीर्वाद प्राप्त किया। देवी सरस्वती ज्ञान व विद्या की देवी हैं इसलिए सभी के लिए देवी सरस्वती का आशीर्वाद प्राप्त करना आवश्यक है। शिक्षा एवं ज्ञान से ही मनुष्य जीवन में उच्च शिखर तक पहुंच पाता हैं। विद्यालय में छठी से लेकर बारहवीं कक्षा तक के छात्रों ने कक्षा में ही सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए देवी सरस्वती की उपासना की व विधिवत मंत्रोच्चारण किया। वहीं नर्सरी कक्षा से लेकर पांचवीं कक्षा के छात्रों ने वर्चुअल प्रार्थना सभा के दौरान देवी सरस्वती की आराधना की। अध्यापिकाओं ने अपनी-अपनी कक्षाओं में देवी सरस्वती की महिमा का वर्णन किया व बसंत पंचमी के दिन की विशेषता का भी वर्णन किया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने बड़े अनूठे ढंग से नृत्य भी प्रस्तुत किए। विद्यालय के अध्यक्ष ऋषिपाल चौहान, उपाध्यक्षाचंद्रलता चौहान एवं प्रधानाचार्या अर्पणा शर्मा ने सभी छात्रों एवं अध्यापकों को बसंत पंचमी की शुभकामनाएं दी और कहा कि यह त्यौहार ने कहा कि देवी सरस्वती ज्ञान, संगीत, कला व ज्ञान की देवी हैं। जीवन में सफल होने के लिए हमें माता सरस्वती का आशीर्वाद अवश्य प्राप्त करना चाहिए।

# संदिग्ध परिस्थिति में गोली लगने से प्रेमी युगल की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद





**एनएच** दो स्थित शिवालय कालोनी में किराए पर रहने वाले एक युवक और उसकी प्रेमिका की रहस्यमय हालत में गोली लगने से मौत हो गई। गोली की आवाज सुन कर आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर कमरा खोला तो दोनों खून से लथपथ मृत हालत में पड़े हुए थे। मौके पर दो देशी पिस्तौल भी पड़े हुए थे। मृतक युवक ने मृत्यु से पूर्व अपने दोस्तों को प्रेमिका पर बेवफाई का आरोप लगाते हुए मैसेज भी भेजा था। पुलिस का अनुमान है कि दोनों ने गोली मारकर आत्महत्या की है। फिलहाल दोनों शव पोस्टमॉर्टम के लिए बीके अस्पताल भेज दिये गए हैं।

जानकारी के मुताबिक एनएच दो की शिवालय कालोनी में मनीष नामक व्यक्ति परिवार के साथ रहता है। उसने अपने मकान के ऊपर के हिस्से में बना एक कमरा मथुरा निवासी राहुल को किराए पर दिया था। एनआईटी की एक कालोनी में रहने वाली एक युवती की राहुल के साथ दोस्ती थी। राहुल और युवती गुरुग्राम की किसी कंपनी में काम करते थे। युवती हर रोज सुबह युवक के घर आती थी। जिसके बाद दोनों एक साथ काम पर जाते थे। बताया गया है कि मंगलवार सुबह सभी लोग अपने घरों में सो रहे थे। उसी दौरान गोलियां चलने की आवाज सुनकर मकान मालिक मनीष और अन्य लोग जाग गए। उस समय राहुल का कमरा बंद था। संदेह होने पर उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दे दी। एनएच दो पुलिस चौकी के प्रभारी धर्मवीर अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। कमरा खुलवा कर उन्होंने देखा तो अंदर राहुल और युवती का शव खून से लथपथ हालत में पड़ा था। पास में दो देशी कट्टे पड़े हुए थे। जांच पड़ताल के दौरान पता चला कि राहुल ने मृत्यु से पूर्व युवती पर बेवफाई का आरोप लगाते हुए दोस्तों को मैसेज भी भेजे थे। यह मैसेज वायरल होना शुरू हो गया था। पुलिस ने जांच पड़ताल के दोनों शव मोरचरी में रखवाने के बाद उनके परिजनों को सूचना दे दी। पुलिस का कहना है कि पहली नजर में मामला आत्महत्या का लग रहा है। पुलिस इसी दिशा में मामले की गहनता के साथ जांच पड़ताल कर रही है।

## स्कूल प्रबंधक पेरेंट्स से मांग रहे हैं गैरकानूनी फीस

**फरीदाबाद।** हरियाणा अभिभावक एकता मंच ने कहा है कि ऑफ लाइन पढ़ाई करा रहे स्कूल प्रबंधक पीटीएम के बहाने पेरेंट्स को बुलाकर उनसे ट्यूशन फीस के अलावा अन्य गैरकानूनी फीस मांग रहे हैं। मंच का कहना है कि यह हाईकोर्ट की डबल बेंच के दिए गए फैसले व उसके बाद शिक्षा निदेशक पंचकूला द्वारा निकाले गए आदेश का पूरी तरह से उल्लंघन है।

मंच ने ऑनलाइन पढ़ाई करा रहे स्कूल प्रबंधकों पर भी ट्यूशन फीस के अलावा एनुअल चार्ज व अन्य फंडों में फीस वसूलने का आरोप लगाया है। मंच के जिला अध्यक्ष एडवोकेट शिव कुमार जोशी व जिला सचिव डॉ मनोज शर्मा ने कहा है कि जो पेरेंट्स उनकी इस गैर कानूनी डिमांड का विरोध कर रहे हैं उन्हें डराया धमकाया जा रहा है, उनके बच्चों को हरासमेंट किया जा रहा है और वार्षिक परीक्षा में न बैठने देने की धमकी दी जा रही है। मंच के प्रदेश महासचिव कैलाश शर्मा ने कहा है कि ऐसा करके स्कूल प्रबंधक राष्ट्रीय बाल संरक्षण व अधिकार आयोग की गाइडलाइन का उल्लंघन कर रहे हैं जिसमें कहा गया है कि फीस को लेकर बच्चों को हरासमेंट करना, उनकी ऑनलाइन क्लास रोकना,परीक्षा में न बैठने देना और गैरकानूनी फीस वसूलना एक कानूनन अपराध है।

# नौकरी दिलवाने का लालच देकर किया था दुष्कर्म



**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

### पुलिस टीम ने रेप के आरोपी को कोलकाता से किया काबू

**महिला** थाना एनआईटी की पुलिस टीम ने सराहनीय कार्य करते हुए बलात्कार के एक आरोपी को कोलकाता से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

गौरतलब है कि एनआईटी एरिया में रहने वाली एक महिला ने महिला थाना एनआईटी पुलिस को दिनांक 23 अक्टूबर 2020 को शिकायत दी थी जिसमें उसने बताया था कि वह कोलकाता में नौकरी करती थी जो कोलकाता में उसकी मुलाकात कुंदन नाम के एक आरोपी से हो गई थी जो कि कोलकाता का ही रहने वाला है आरोपी ने महिला को नौकरी का झांसा देकर उसके साथ बलात्कार, मारपीट और जान से मारने की धमकी की वारदात को अंजाम दिया था। जिस पर तुरंत प्रभाव से कार्यवाही करते हुए मामला महिला थाना एनआईटी में दर्ज किया गया था। मामले की जांच करने और आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के लिए एएसआई नीलम को सौंपा गया था। एएसआई नीलम ने कार्यवाही करते हुए आरोपी कुंदन को विशेष सूत्रों से मिली सूचना के आधार पर कोलकाता से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। एएसआई नीलम ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी महिला के साथ वारदात को अंजाम देकर फरार हो गया था। आरोपी को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम और उसके जानकार से संपर्क कर कोलकाता से गिरफ्तार किया है। आरोपी और पीड़ित महिला पीछे से दोनों बिहार के रहने वाले हैं पीड़ित महिला फिलहाल फरीदाबाद में रह रही है और आरोपी कोलकाता का रहने वाला है।

# नौकरी से हटाए एक और अध्यापक की हृदयघात से मृत्यु

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**जिला** एथलेटिक संघ फरीदाबाद के कार्यकारी अध्यक्ष और संघर्ष ट्रस्ट इंडिया के खेल निदेशक सत्यवीर धनखड़ के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार सदपुरा निवासी दिनेश कुमार अध्यापक का हृदय आघात से देहांत हुआ।

जिला फरीदाबाद के शारीरिक अध्यापक 2010 जो कि हरियाणा सरकार के द्वारा बर्खास्त कर दिए गए। यह सभी शारीरिक अध्यापक जिला फरीदाबाद के अंदर सेक्टर-12 लघु सचिवालय के सामने धरना स्थल पर बैठे हुए हैं और लगातार सरकार से अपनी नौकरी की बहाली को लेकर मांग कर रहे हैं। आज इनको लगभग 9 महीने से ज्यादा का समय हो चुका हैं, लेकिन हरियाणा सरकार अभी भी इन बेकसूर अध्यापकों की नहीं सुन रही है और दिन प्रतिदिन इन अध्यापकों के ऊपर मानसिक दबाव बनता जा रहा है क्योंकि अधिकतर शारीरिक अध्यापकों ने कर्ज ले रखा है। बच्चों की फीस का उनकी उच्चतर शिक्षा बुजुर्ग मां-बाप की बीमारियों के इलाज का घर खर्चे का इनके ऊपर खतरा मंडराने लगा है। जिला फरीदाबाद के बर्खास्त शारीरिक अध्यापक दिनेश कुमार शर्मा पुत्र मास्टर बिशन सिंह शर्मा गांव सदपुरा जिला फरीदाबाद के अंदर अचानक से हृदय गति रुकने से निधन हो गया। जिसका सभी बर्खास्त अध्यापकों ने शोक जताया और मृतक अध्यापक की शव यात्रा में शामिल होने के लिए उसके पैतृक गांव पहुंचे। यह बर्खास्त शारीरिक अध्यापक की कोई पहली मौत नहीं है।

## राष्ट्रीय महिला जागृति मंच की हुई मासिक बैठक

**फरीदाबाद।** राष्ट्रीय महिला जागृति मंच की फरीदाबाद शाखा द्वारा सेक्टर 8, में जिला अध्यक्ष नीलम चौधरी के निवास स्थान पर हरियाणा इंचार्ज तरसेम शर्मा की अध्यक्षता में हुई। जिसकी मुख्य अतिथि संगठन की संस्थापक अम्बिका शर्मा रही।

बैठक में नए पुराने सभी पदाधिकारियों का आपस मे परिचय कराया गया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को पहचान पत्र व नियुक्ति पत्र राष्ट्रीय सलाहकार उषा शर्मा, अम्बिका शर्मा द्वारा दिये गए व सभी महिला शक्तियों का फूल माला, पटका पहनाकर सम्मान किया गया। अम्बिका शर्मा व नीलम चौधरी ने कहा कि सभी पदाधिकारियों द्वारा बैठक में आगामी कार्यक्रम पर चर्चा की गई व तय किया गया कि अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सभी महिला शक्तियों की प्रतिभा को दिखाया जाएगा। बैठक में शामिल सदस्य अम्बिका शर्मा, उषा किरण शर्मा, तरसेम शर्मा आदि शामिल रहे।

# 25 हजार रुपये के मोस्टवांटेड और इनामी बदमाश को किया गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**पुलिस** कमिश्नर ओपी सिंह के दिशा निर्देश पर फरीदाबाद शहर में मोस्टवांटेड को गिरफ्तार करने के लिए चलाए गए अभियान के तहत क्राइम ब्रांच सेक्टर 17 ने लूट के मामले में शामिल रहे 25 हजार रुपए के एक इनामी मोस्टवांटेड को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। आरोपी की पहचान जाकिर पुत्र हाकम निवासी तावडू मेवात के रूप में हुई है।

प्रभारी क्राइम ब्रांच सेक्टर 17 ने जानकारी देते हुए बताया कि उनकी टीम को अपने सूत्रों से गुप्त सूचना मिलीं थी कि बीपीटीपी पुल के नजदीक 25 हजार रुपये का इनामी बदमाश घूम रहा है, जिस पर तुरंत कार्यवाही करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर 17 की टीम ने अपना साहस का परिचय देते हुए आरोपी को सर्च अभियान चलाकर गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। उन्होंने बताया कि आरोपी जाकिर को गत 5 फरवरी को मुकदमा नंबर 77 थाना सदर बल्लबगढ़ फरीदाबाद में गिरफ्तार करके अदालत में पेश करके पुलिस रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान आरोपी से लूट के दौरान जो भी हथियार इस्तेमाल किया था उसको बरामद किया जाएगा। गौरतलब है कि आरोपी ने फरवरी 2020 में अपने साथियों युसूफ, वाहिद, शोकिन व शाकीर पहलवान के साथ मिलकर सीकरी गांव के पास से एक आईसर कैंटर लूटने की वारदात को अंजाम दिया था और वहां से फरार हो गए थे। क्राइम ब्रांच सेक्टर 17 की टीम ने इन अन्य आरोपियों को इस वारदात में पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। पूछताछ पर आरोपी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ रेवाड़ी में भी मुकदमे दर्ज है और आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए मेवात, यूपी और राजस्थान आदि में फरारी काट रहा था। आरोपी लूट के एक मुकदमे में गुरुग्राम जेल में रह चुका है इसके अलावा आरोपी रेवाड़ी में भी डकैती के एक मामले में जेल में रह चुका है।

# छात्राओं को दिया सेल्फ डिफेंस का प्रशिक्षण

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद




**महिला** थाना एनआईटी की पुलिस टीम के द्वारा स्कूली लड़कियों को सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग दी गई। इस दौरान महिला थाना एसएचओ इंस्पेक्टर गीता और उनकी टीम की महिला पुलिसकर्मी मौजूद रही। एसएचओ इंस्पेक्टर गीता ने जानकारी देते हुए बताया कि आज उनकी टीम ने गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल पहुंचकर वहां मौजूद सभी लड़कियों को सेल्फ डिफेंस के बारे में बताया गया है।

असामाजिक तत्वों से निपटने के लिए और उनको सबक सिखाने के लिए महिला पुलिस कर्मियों ने छात्राओं को दांवपेंच सिखाए हैं। इंस्पेक्टर गीता ने बताया कि अक्सर देखने में आता है कि स्कूली एवं कॉलेज की लड़कियों को आते जाते कुछ असामाजिक तत्व तंग करते हैं। ऐसे असामाजिक तत्वों से निपटने के लिए उनकी टीम स्कूल एवं कॉलेज की छात्राओं को खास तरह के दाव पेच सिखा रही है ताकि वह अपना सेल्फ डिफेंस कर और ऐसे सामाजिक तत्वों को मौके पर ही सबक सिखा सकें। उन्होंने बताया कि मौजूद छात्राओं एवं महिलाओं को महिला विरुद्ध अपराध, महिलाओं के अधिकार के बारे में भी जानकारी दी गई है।

महिलाओं को महिला हेल्पलाइन नंबर 1091 और फरीदाबाद पुलिस के डायल 100, दुर्गा शक्ति एप, दुर्गा शक्ति रैपिड एक्शन फोर्स के बारे में जागरूक किया गया है। महिलाओं को बताया गया है कि वह कैसे पुलिस सहायता ले सकती हैं। इस दौरान मौजूद इंस्पेक्टर गीता ने सभी छात्राओं को बताया कि अगर उनको कोई भी परेशान करता है तो वह उनके महिला थाना एनआईटी के सरकारी नंबर 9582200150 पर सूचना दे सकती हैं।

# कोरोना : 7 पॉजिटिव से आंकड़ा पहुंचा 46385

## सेक्टर-21, सैनिक कालोनी और ग्रीन फिल्ड से दो दो मामले सामने आए हैं



**फरीदाबाद।** जिले में मंगलवार को कोरोना के सात मामले सामने आए हैं। वहीं मंगलवार को 1019 सैम्पल जांच को लिए गए। 7 पॉजिटिव में सेक्टर-21, सैनिक कालोनी और ग्रीन फिल्ड से दो दो मामले सामने आए है। वहीं आदर्श नगर से एक मामला सामने आया है।

राहत की बात यह रही कि जिले में 8 मरीजों ने कोरोना की जंग जीत ली। जिससे जिले में रिकवरी रेट 99 प्रतिशत पर पहुंच गया। 745 लोगों की रिपोर्ट आनी शेष है।

### यह है आंकड़ा

| | |
|---|---|
| अब तक कुल जांच | : 528910 |
| अब तक पॉजिटिव | : 46385 |
| अब तक नेगेटिव | : 481780 |
| रिपोर्ट आनी शेष | : 745 |
| ऑक्सीजन पर है | : 2 |
| अब तक मौत | : 415 |
| अब तक ठीक | : 45916 |

## राज्यपाल से टकराव
### गरिमा में गिरावट का कारण

**राज्यपाल** और राज्य सरकार के बीच टकराव से असली सत्ता व प्रतीकात्मक सत्ता, दोनों की गरिमा गिरती है। आदर्श रूप से किसी राज्य के राज्यपाल की नियुक्ति राजनीतिक नहीं होनी चाहिए, लेकिन कई बार केन्द्र राज भवनों में अपने विश्वसनीय 'मुहरे' तैनात करता है। इससे इस महत्वपूर्ण पद की गरिमा गिरती है। हालांकि, राज्यपाल केवल एक प्रतीकात्मक प्रमुख होता है और उसके पास कोई सत्ता नहीं होती है, पर वह महत्वपूर्ण अवसरों पर निर्णायक भूमिका अदा कर राज्य की अवस्थापना को असहज कर सकता है। यह प्रतीक प्रमुख राज्य विधानसभा द्वारा पास महत्वपूर्ण विधेयकों को 'चाहे-अनचाहे' मंजूर कर सकता है या इन विधेयकों को अनिश्चित काल के लिए लटकाए रख सकता है। इस कारण कई बार उसकी स्थिति महत्वपूर्ण हो जाती है और केन्द्र राज्यपाल से उम्मीद करता है कि वह उसके इशारे पर 'काम करे', जबकि राज्य सरकार उससे न्यायोचित काम की इच्छा रखती है। ऐसा खासकर केन्द्र व राज्य के बीच टकराव की स्थिति में होता है जब राज्यपाल और मुख्यमंत्री के बीच शीत युद्ध गंभीर मोड़ लेता है जिससे दोनों की गरिमा गिरती है। महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी व शिवसेना के नेतृत्व वाली महाविकास अघाड़ी-एमवीए सरकार इसका उदाहरण है। राज्यपाल तथा शिवसेना नेता उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली राज्य सरकार के बीच टकराव उस समय बढ़ गया जब कोश्यारी को




राज्य सरकार के विमान से उतरना पड़ा क्योंकि उसे उड़ने की अनुमति नहीं थी। कोश्यारी ने अंततः देहरादून की यात्रा एक वाणिज्यिक विमान से की। यदि राज्यपाल को राज्य सरकार के विमान का प्रयोग करने दिया गया होता तो इससे मुख्यमंत्री कार्यालय की गरिमा बढ़ती। राज्य सरकार को समझना चाहिए कि यदि राज्यपाल केन्द्र के 'मुहरे' की तरह काम कर रहे हों तो भी असहमति के ऐसे प्रदर्शन से राज्य और उसके संस्थानों का सम्मान गिरता है। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ व फायरब्रांड मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बीच अक्सर टकराव होता रहता है। इसी प्रकार पुडुचेरी की उप-राज्यपाल किरन बेदी व मुख्यमंत्री वी. नारायणस्वामी के बीच जब तक नोकझोंक होती रहती है। पश्चिम बंगाल व पुडुचेरी में गैर भाजपा सरकारें हैं, जबकि धनखड़ और बेदी को भाजपा ने अपने प्रति वफादारी का इनाम दिया है और वे उसके रास्ते पर चलते हैं। नवीनतम घटना से महाराष्ट्र की राजनीति में गिरावट का नया अध्याय लिखा गया है। शिवसेना के प्रवक्ता संजय राउत ने इसे 'खुला युद्ध' कहा था। उन्होंने कहा था कि भाजपा सरकार कोश्यारी पर शिवसेना सुप्रीमो के नेतृत्व वाली एमवीए सरकार को अस्थिर करने का दबाव डाल रही है। पार्टी का तर्क है कि केन्द्र को कोश्यारी को वापस बुलाना चाहिए। वह जोर दे रही है कि ऐसा करना संविधान, कानूनों और मानकों को बनाए रखने के लिए जरूरी है। दूसरी ओर राज्यपाल ने नई दिल्ली में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ 'बंद कमरे' में एक बैठक की। ऐसे में उम्मीद की जाती है कि राजभवन व मुख्यमंत्री कार्यालय के बीच जारी युद्ध और तेज होगा जिसके चलते जनता, लोकतंत्र तथा सुशासन को नुकसान हो सकता है।

# कृषि कानूनों का अकारण विरोध

**नए कानून किसानों और व्यापारियों को आदिम नियमों से मुक्त करते हैं तथा राज्य के भीतर व विभिन्न राज्यों के बीच बाधायें हटा कर स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देते हैं।**



**ए. सूर्यप्रकाश**
(लेखक लोकतंत्र संबंधी अध्ययनों के विशेषज्ञ हैं)



**तीन** नए कृषि कानूनों के निष्पक्ष व गंभीर आंकलन से संकेत मिलता है कि इन कानूनों का विरोध तर्क के बजाय राजनीति से संचालित है। इन कानूनों से किसानों को सशक्त बनाने, बाजारें खोलने तथा न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी व्यवस्था बनाए रखने के साथ ही सुरक्षा संजाल तथा कृषि उत्पाद मार्केटिंग समितियों-एपीएमसी को सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया है। इन तीन कानूनों में से पहले किसान उत्पाद व्यापार एवं वाणिज्य प्रोत्साहन एवं सुविधा कानून 2020 का उद्देश्य किसानों को अपने उत्पाद घोषित एपीएमसी परिसरों के बाहर बेचने की अनुमति देना है। इस कानून की धारा 3 किसानों को राज्य के भीतर या विभिन्न राज्यों के बीच व्यापार करने की स्वतंत्रता देती है, जबकि धारा 4-3 निर्धारित करती है कि किसानों से लेनदेन करने वाले हर व्यापारी को तीन कार्यदिवसों के बीच भुगतान कर देना होगा। यह कानून सरकार को कृषि उत्पादों के लिए एक मूल्य सूचना एवं बाजार निगरानी व्यवस्था विकसित करने में सक्षम बनाता है जिससे समयबद्ध तरीके से विवादों के समाधान की व्यवस्था बनाई जा सकती है। इस प्रकार किसान को एपीएमसी व्यवस्था से जुड़े रहने या बाहरी बाजारों में जाने के विकल्प दिए गए हैं।

ऐसे में किसानों द्वारा इन कानूनों के विरोध की बात समझ से परे है क्योंकि इन कानूनों के कारण केवल कमीशन एजेंटों और दलालों को ही नुकसान हो सकता है। उन पर किसानों को भ्रमित करने तथा आंदोलन की आर्थिक सहायता का आरोप है। दूसरा कानून, किसान सशक्तीकरण व संरक्षण मूल्य आश्वासन एवं कृषि सेवा समझौता कानून 2020 है। यह किसानों को खुदरा व्यापारियों, थोक व्यापारियों व एग्रीबिजनेस फर्मों के साथ अनुबंध करने की अनुमति देता है जिससे वे भविष्य में पूर्व-निर्धारित मूल्यों पर कृषि उत्पाद बेच सकते हैं। इस कानून की धारा 3-1 के अनुसार कृषि समझौतों का न्यूनतम समय एक फसली सीज़न या पालतू पशुओं का एक प्रजनन चक्र हो सकता है जिसका अधिकतम समय पांच साल हो सकता है। कृषि उत्पादों का भुगतान सामान मिलने पर करना होगा, लेकिन बीज उत्पादन के लिए खरीदार को सामान मिलने पर दो तिहाई का भुगतान करना होगा। लेकिन कानून का सर्वाधिक महत्वपूर्ण प्राविधान कृषि भूमि को इससे अलग रखना है। इसमें घोषणा की गई है कि किसी समझौते में किसानों के परिसर या कृषि भूमि के किसी हस्तांतरण का स्थान नहीं होगा जिसमें बिक्री, पट्टे पर देने या बंधक रखना शामिल है। इसमें भी धारा 13-1 के अंतर्गत एक विवाद समाधान व्यवस्था की कल्पना की गई है।

तीसरा कानून, आवश्यक वस्तु कानून, 1955 में संशोधन है। इस संशोधन में कहा गया है कि दालों, अनाजों, आलू, प्याज, तिलहन व खाद्य तेलों समेत सभी खाद्य पदार्थों की सप्लाई पर 'केवल असाधारण परिस्थितियों में ही नियंत्रण लगाया जा सकेगा जिनमें युद्ध, अकाल, असाधारण मूल्य वृद्धि और गंभीर प्रकृति की प्राकृतिक आपदा शामिल हैं।' भला किसी किसान को इस बड़ी पहल पर क्या आपत्ति हो सकती है? संक्षेप में ये कानून किसानों और व्यापारियों को आदिम नियमों से मुक्त करते हैं, राज्य के भीतर व विभिन्न राज्यों के बीच व्यापार में बाधाए हटाते हैं तथा प्रतियोगिता पैदा करते हैं। इनसे किसान तालुका स्तर पर सीमित बाजारों तथा उनमें व्याप्त मूल्यों

**पूर्ववर्ती संप्रग सरकार के बड़बोलेपन पर भी गौर करना चाहिए। चूंकि पिछले 10 वर्ष में संप्रग द्वारा संचालित सरकारों समेत अनेक सरकारें लगभग 20 साल से कृषि कानून सुधारों के बारे में अनिश्चित रही हैं, इसलिए अब उनका विरोध करना उचित नहीं है। अपना दृष्टिकोण पूरी तरह उलटने वाले नेताओं में राकांपा के शरद पवार शामिल हैं।**

की दया पर निर्भर नहीं रहेंगे। दूसरे शब्दों में, बाजार शक्तियां अपना काम करेंगी एमएसपी व्यवस्था जारी रहने के कारण मंडी समितियां ज्यादा प्रतियोगी हो जाएंगी। इससे किसान एपीएमसी तथा कमीशन एजेंटों व कार्टेलों की जकड़ से मुक्त होंगे। यदि नए कृषि कानूनों के परिणामों से जनसंख्या के किसी हिस्से को चिन्ता करनी चाहिए तो वे हैं उपभोक्ता। सरकार द्वारा आवश्यक वस्तु कानून में संशोधन करने के बाद उसने स्वयं को कुछ प्रमुख वस्तुओं के भंडारण व मूल्य नियंत्रण से स्वयं को वंचित कर लिया है, ऐसे में उपभोक्ता बाजार शक्तियों की दया पर निर्भर होंगे। लेकिन इनसे किसान किस तरह प्रभावित होंगे?

कानूनों के बारे में संप्रग सरकार के बड़बोलेपन पर भी गौर करना चाहिए। चूंकि पिछले 10 वर्ष में संप्रग द्वारा संचालित सरकारों समेत अनेक सरकारें लगभग 20 साल से कृषि कानून सुधारों के बारे में अनिश्चित रही हैं, इसलिए अब उनका विरोध करना उचित नहीं है। अपना दृष्टिकोण पूरी तरह उलटने वाले नेताओं में राकांपा के शरद पवार शामिल हैं। 2010 में केन्द्रीय कृषि मंत्री के रूप में उन्होंने एपीएमसी कानूनों में संशोधन की जोरदार पैरवी की थी तथा राज्यों से कहा था कि वे निजी फर्मों को 'किसानों, उत्पादकों व उपभोक्ताओं के समग्र हितों में वैकल्पिक प्रतियोगी मार्केटिंग विकल्प अपनाने का अवसर दें।' उन्होंने तर्क दिया था कि कृषि को 'प्रगति के लिए अच्छी तरह कारगर बाजारों' की आवश्यकता है और इसमें निजी क्षेत्र को शामिल करना 'जरूरी' है। उन्होंने मुख्यमंत्रियों का ध्यान अपने द्वारा पहले 2005 व 2007 में लिखे पत्रों की ओर आकर्षित किया था जिनमें मंत्रालय द्वारा एपीएमसी नियमों में परिवर्तन का प्रारूप शामिल था।

नवंबर, 2011 में उन्होंने इस विषय पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को लिखे पत्र में जोर दिया था कि समावेशी प्रगति के लिए कृषि क्षेत्र को अच्छी तरह कारगर बाजारों की आवश्यकता है और 'इस संबंध में निजी क्षेत्र को महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी।' अब पवार बिल्कुल अलग राग गा रहे हैं। वे कहते हैं कि मंडिया प्रभावित होंगी तथा कार्पोरेट को सामान बेचने वाले किसानों को एमएसपी की गारंटी नहीं मिलेगी। उनकी बात समझना कठिन है क्योंकि किसानों के पास एमएसपी पर बेचने का विकल्प हमेशा बना रहेगा। इसके साथ ही यह कथन पूरी तरह आधारहीन है कि इसे किसानों पर अचानक थोपा जा रहा है। कृषि बाजारों को खोलने की चर्चा पिछले 20 साल से जारी है। केन्द्र ने 2017 में माडल कृषि मार्केटिंग कानून वितरित किया था जिसे 11 राज्यों ने पूरी तरह और 6 राज्यों ने आंशिक रूप से लागू किया था। पंजाब, हरियाणा तथा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसानों को समझना चाहिए कि भारत में 28 राज्य और 8 केन्द्रशासित क्षेत्र हैं। अनेक राज्यों ने नए कृषि कानूनों पर प्रसन्नता प्रकट की है। केवल दिल्ली के निकट होने का यह अर्थ नहीं कि इन क्षेत्रों के लोगों की ही बात मानी जाए।

# तृणमूल के पतन को रोकने की चुनौती

**"ऐसा होने के लिए, प्रशांत किशोर को यह साबित करना होगा कि वह सिरदर्द बनने के बजाय ममता के लिए एक संसाधन हैं।"**

**कल्याणी शंकर**
(लेखिका वरिष्ठ राजनीतिक टिप्पणीकार हैं)



**क्या** प्रख्यात चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के लिए आगामी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में एक संसाधन अथवा दायित्व बन जाएंगे? मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उनसे तीसरी बार सत्ता हासिल करने में मदद के लिए अनुबंध किया है। हालांकि उन्होंने वामपंथी दलों और कांग्रेस का लगभग सफाया कर दिया है, लेकिन इस बार ममता उभरती हुई भाजपा के खिलाफ होंगी जो राज्य को उनसे छीनना चाहती है। 2019 के लोकसभा चुनावों में टीएमसी के खराब प्रदर्शन से खफा होकर, दीदी ने अपने उस भतीजे अभिषेक बनर्जी के इशारे पर किशोर को अपने साथ लिया था, जिन्हें वो अपने राजनीतिक वारिस के रूप में तैयार कर रही हैं। 2014 के लोकसभा चुनावों के बाद किशोर एक सफल चुनावी रणनीतिकार के रूप में प्रमुखता से उभरकर आए। ममता ने किशोर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी (2014), बिहार में नीतीश कुमार (2015), पंजाब में कैप्टन अमरिंदर सिंह (2017), आंध्र प्रदेश में जगनमोहन रेड्डी (2019) और अरविंद केजरीवाल के लिए चुनावी जीत के ट्रैक रिकॉर्ड के कारण चुना। दिल्ली (2019)। द्रमुक प्रमुख एमके स्टालिन ने उन्हें आगामी तमिलनाडु चुनावों के लिए अनुबंधित भी किया है।




इससे पहले, ममता ने अपनी स्वयं की संघर्ष क्षमता में विश्वास किया, क्योंकि उन्होंने सरकार के खिलाफ लोगों के गुस्से का इस्तेमाल करके 2011 में 33 साल तक बंगाल पर शासन करने वाले वाम गठबंधन को उखाड़ फेंका। उसने 2016 में दूसरी बार राज्य जीता क्योंकि वह एक राष्ट्रीय नेता के रूप में विकसित हुई थीं और लोगों की सद्भावना का लाभ उठाती रहीं। हालांकि, 2021 के चुनावों के लिए, वह सुनिश्चित नहीं है क्योंकि भाजपा टीएमसी पर दबाव डाल रही है और अभियान में अपने शीर्ष नेतृत्व को तैनात कर रही है। ममता के पूर्ण समर्थन के साथ, किशोर की टीम ने जल्द ही तृणमूल कांग्रेस पदाधिकारियों की तुलना में अधिक शक्तियों के साथ एक समानांतर संगठन के रूप में काम करना शुरू कर दिया। उनकी कंपनी आई-पीएसी ने प्रक्रिया में कई पंखों को कतरते हुए, पार्टी और बंगाल सरकार पर कड़ा नियंत्रण विकसित करना शुरू कर दिया। उनकी सलाह पर, ममता ने अपनी सरकार की कुछ नीतियों को संशोधित किया, जिसमें 10 प्रतिशत उच्च जाति कोटा, राज्य पुलिस बल के वेतन संरचना की समीक्षा, प्राथमिक शिक्षक और पंचायतों में काम करने वाले अधिकारी और कई अन्य लोकलुभावन योजनाएं शामिल हैं। टीएमसी नेता किशोर के सफाई अभियान से परेशान हैं, क्योंकि उनकी टीम ने प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र का आंकलन किया है और ममता को एक रिपोर्ट दी है, जिसमें कम से कम 150 विधायकों को बदलने का आग्रह किया गया है। पिछले कुछ हफ्तों में, कई वरिष्ठ और मध्यम स्तर के टीएमसी पदाधिकारियों ने सार्वजनिक रूप से और निजी तौर पर किशोर के प्रभुत्व के खिलाफ अपनी नाराजगी जताई है। ममता ने इसके बाद किशोर से सहमति का रुख अपनाने और पंखों को कुरेदने से बचने के लिए कहा, लेकिन यह टीएमसी से भाजपा के लिए स्थिर पलायन नहीं हो सका। क्षरण सबसे पहले एक या दो विधायकों के टीएमसी छोड़ने के साथ शुरू हुआ। यह धीरे-धीरे विकसित हुआ है, यहां तक कि सुवेन्दु अधिकारी, सिलभद्रा दत्ता और दिनेश त्रिवेदी जैसे वरिष्ठ नेताओं के साथ भी। कांग्रेस और वामपंथी उन्हें छोड़ने के लिए आकर्षित नहीं कर सकते क्योंकि दीदी ने पिछले 10 वर्षों में उन्हें हटा दिया और भाजपा के लिए विपक्ष की जगह छोड़ दी। इस बार उसके पास एंटी-इनकंबेंसी फैक्टर है और पार्टी की परेशानियां उसे घूर रही हैं।

हालांकि, ममता हमेशा से ही एक स्ट्रीट फाइटर और अपने दृष्टिकोण में सकारात्मक रही हैं। उसने अपने राजनीतिक जीवन में उतार-चढ़ाव देखे हैं लेकिन कभी हार नहीं मानी है। दीदी की सबसे मजबूत संपत्ति उनकी कड़ी मेहनत, उत्कृष्ट बूथ-स्तरीय प्रबंधन और उनका राष्ट्रीय कद है। उनकी पार्टी के लिए भी धन की कोई कमी नहीं है, क्योंकि चुनाव बांड ने उन्हें पर्याप्त धन दिया है। इन सबसे ऊपर, मजबूत स्थानीय आयोजक खुद को बचाने के लिए कड़ी मेहनत करेंगे, जिससे टीएमसी को फायदा हो सके। अगर वो हिंदू वोटों को लुभाने के अलावा अपने मुस्लिम वोट बैंक को बरकरार रख सकती हैं तो वह सफल हो सकती हैं। लेकिन इससे पहले, उसे इस धारणा को अपनाना होगा कि तृणमूल कांग्रेस कमजोर हो गई है।

वह उसी तरह की स्थिति का सामना कर रही है जैसा 1997 में कांग्रेस ने सोनिया गांधी के कदम रखने से पहले किया था। परिवर्तनशील मतदाता सोच सकते हैं कि तृणमूल एक डूबती हुई नाव है और ममता को बहुत देर होने से पहले कटाव की जांच करनी होगी। इसके लिए, किशोर को यह साबित करना होगा कि वह सिरदर्द के बजाय एक संसाधन हैं।

## आप की बात

### बिहार में नवाचार

बिहार में राजनीतिक बदलाव के प्रयास जारी है।विधायकों के चरित्र, आदतों और कानून उल्लंघन के मामलों से दूरी को घरों के बाहर चस्पा करने की पहल की गई है जो देखा जाए तो एक नजरिए से ठीक भी है।इससे बदलाव की उम्मीद है तभी की जा सकती है जब घर के बाहर सही जानकारी लिखी जाए। बिहार विधानसभा के शताब्दी समारोह में मुख्यमंत्री ने राज्य के राजनीतिक परिवेश को सुधारने की कवायद शुरू की। अब से यह तय किया गया कि राज्य के प्रत्येक विधायक को अपनी चरित्रावली ठीक-ठीक देना होगी। घरों के बाहर उन्हें अपराधों से वास्ता नहीं होने उनका परिवार नशा और बाल विवाह से मुक्त होने का प्रमाणीकरण चस्पा करना होगा। प्रयास प्रशंसनीय है। आज राजनीति में अपराध और नशा बुरी तरह घुल मिल चुका है जिससे सामाजिक वातावरण भी खराब हो रहा है। बाल विवाह के मामले भी सामने आते ही हैं। जनप्रतिनिधियों द्वारा जब चरित्रहीनता की जाती है तो उसका जनता पर क्या असर पड़ता होगा समझना कठिन नहीं होगा।अगर राजनीति से यह दाग मिटाने हैं तो जरूरत इस बात की है
कि जो भी जानकारी घरों के बाहर विधायकों द्वारा लिखी जाए वह पूर्णतया सत्य और पारदर्शी हो।

– **अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र

### संवेदनशील तंत्र

**केंद्र** और उप्र सरकार लोगों की समस्याओं को त्वरित निपटाने के लिये लिये दृढ़ संकल्पित है। लेकिन अधिकारी गन संवेदनहीनता का परिचय देते है लेकिन उप्र के इटावा जिले में एकछात्र के ऊपर यातायात उलंघन के मामले 5000रुपये जुर्माना होने पर उसके द्वारा एस एस पी इटावा के पास अपनी पीड़ा भेजी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने मानवीय संवेदना दिखाते हुए उस पर लगे जुर्माना को हटवा दिया। इटावा के पुलिस अधिकारी द्वारा जो समस्या का त्वरित समाधान किया गया। प्रेरक है और सबक हमारे अधिकारियों को लेना चाहिये। हमारे उप्र में अधिकारियों द्वारा मामलों पर ध्यान नही दिया जाता। अधिकारियों द्वारा मामले को टरकाने, भटकाने और लटकाने के कारण समस्याओं का निदान नही होता। जबकि उप्र और केंद्र सरकार लोगों की समस्या के निदान के लिये पोर्टल और हेल्प लाइन बनाई है। भारत देश मे जन सुनवाई तन्त्र चिंतनीय है। प्रशासनिक अधिकारियों की कार्यशैली के कारण लोगो की समस्याओं का निदान उसी प्रकार नही होता जिस तरह सरकारी चिकित्सक मरीजों की पीड़ा सुनने से पहले ही दवा लिखकर पर्चा पकड़ा देते हैं।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव, उन्नाव

### सीएए मानना पड़ेगा

**राहुल गांधी** ने असम में कहा कि यदि उनकी सरकार प्रदेश में आती है तो वे सीएए लागू नहीं करेंगे। निश्चित रूप से यह सीएए विरोधी तबके को खुश करने का प्रयास है। वैसे भी भाजपा द्वारा उठाए गए हर कदम का विरोध करना कांग्रेस का उद्देश्य है। लगता है राहुल को संविधान का ज्ञान नहीं है। सीएए नागरिकता से सम्बंधित अधिनियम है। यह केवल केंद्र सरकार ही पारित और लागू कर सकती है। राज्य इसे लागू करने के लिए विवश हैं। नहीं करने पर संविधान का उल्लंघन होगा। हां, कृषि कानून लागू करने, न करने का निर्णय राज्यों के अधीन है, क्योंकि कृषि समवर्ती सूची का विषय है। राहुल को सांसद बने दो दशक से अधिक हो चुके। अब तक तो उनका संवैधानिक ज्ञान परिपक्व हो जाना चाहिए था, और अज्ञान दूर हो जाना चाहिए था। किन्तु फ्रांसीसी बोर्बोन शासकों के समान राहुल न कुछ भूलते हैं, न याद रखते हैं!

– **पूनम मित्तल**, मोहनपुरी, मेरठ

**भूल सुधारः** इसी पृष्ठ 16 फरवरी 2021 के अंक में वरिष्ठ स्तंभकार प्रफुल्ल गोराड़िया के चित्र के स्थान पर गलती से गुइन डायर का चित्र लग गया जिसका हमें खेद है। सं.

## फरमाया



"**कोविड-19** की शुरुआत में संपूर्ण जगत भारत की स्थिति को लेकर चिंतित था मगर आज महामारी के विरुद्ध भारत की लड़ाई ने संपूर्ण जगत को प्रेरणा दी है।

– **नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**वसंत** पंचमी के अवसर पर हम घोषणा करते हैं कि गंगा के जल की गुणवत्ता में सुधार हुआ है। अब श्रद्धालु स्वच्छ गंगा जल में डुबकी लगाएंगे।

– **योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश





**मोदी** सरकार के पास दुनिया की सैर करने हेतु विमान खरीदने का पैसा है मगर गन्ना किसानों का बकाया अदा करने के लिए पैसा नहीं है।

–**प्रियंका वाड्रा**
कांग्रेस महासचिव"

# मनरेगा में रोजगार सृजन का बना नया रिकार्ड



## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल से प्रदेश में इस साल 26 करोड़ के लक्ष्य के सापेक्ष 35 करोड़ से अधिक मानव रोजगार दिवस सृजित हुए

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**रोजगार** मुहैया कराने के मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल से उत्तर प्रदेश मनरेगा में रोजगार सृजन का रिकार्ड कायम कर रहा है। मनरेगा के तहत अब न सिर्फ राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को रोजगार मिल रहा, बल्कि गांव गांव में हजारों की संख्या में तालाब और शौचालयों का निर्माण हो गया है। कई और निर्माण कार्य भी हुए हैं, जिनके चलते अब गांवों की बदरंग तस्वीर बदलने लगी है।

राज्य के गांवों में सुविधाओं का इजाफा हुआ और इसकी वजह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का गांवों के विकास पर ध्यान देना है। इसके चलते ही प्रदेश में 26 करोड़ मानव रोजगार दिवस सृजित करने के लक्ष्य के सापेक्ष 35 करोड़ से अधिक मानव दिवस रोजगार सृजन इस साल हुआ है। मनरेगा के तहत हुए यह निर्माण कार्य एक रिकार्ड हैं। विभागीय आंकड़ों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2020-21 में मनरेगा में प्रदेश को 26 करोड़ मानव दिवस रोजगार सृजन का लक्ष्य दिया गया। कोरोना संकट के दौरान लाकडाउन के समय जब देशभर से करीब चालीस लाख प्रवासी श्रमिक यूपी लौटे तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर मनरेगा में उन्हें रोजगार दिया गया। जिसके चलते लोगों को रोजगार मुहैया कराने के लिए मनरेगा के तहत राज्य में 26 करोड़ मानव दिवस सृजित करने का लक्ष्य देखते ही देखते ही पूरा हो गया। ऐसे में केंद्र सरकार ने यूपी में मनरेगा के तहत लोगों को रोजगार मुहैया कराने के तय किए गए लक्ष्य को नौ करोड़ बढ़ाकर 35 करोड़ कर दिया है।

अब राज्य में इस 35 करोड़ के लक्ष्य को भी पार कर लिया गया है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार, बीती 12 फरवरी तक राज्य में 35 करोड़ 47 लाख मानव दिवस रोजगार सृजन हुआ है जो कि यूपी में नहीं बल्कि देश में रिकार्ड है। मनरेगा के इतिहास में इतनी बड़ी संख्या में कभी भी कहीं भी रोजगार सृजन नहीं हुआ। मनरेगा में 37 लाख महिलाओं और 73.50 लाख पुरुष श्रमिकों को रोजगार दिया गया है। 7,303.85 करोड़ रुपये मजदूरी का भुगतान किया गया है। जबकि कुल खर्च 9,707.15 करोड़ रुपये हुआ है। इसके अलावा गांव -गांव में जलसंचयन के लिए इस वर्ष प्रदेश में 19,951 तालाब बनाए गए हैं। इसी प्रकार 18,206 पशु आश्रय स्थलों का निर्माण कराया गया है और 99,454 पशु आशय स्थल निर्माणाधीन है। 24,798 पंचायत भवन और 56,906 सामुदायिक शौचालय भी मनरेगा कन्वर्जेन्स के अतंर्गत बनाए गए हैं। 6,020 बकरी शेड बन गए हैं और 24,655 शेड निर्माणाधीन हैं। यहीं नहीं मनरेगा योजना के तहत 8.80 करोड़ पौधों का रोपण राज्य में कराया गया है। बीते चार वर्षों में मनरेगा के तहत



राज्य में 15,541 आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण भी कराया गया है। राज्य की 25 नदियों का पुनरुद्धार भी इस समयावधि में किया गया है।

मनरेगा के तहत राज्य में कराए गए निर्माण कार्यों के तहत गांवों की तस्वीर बदली है। इस तस्वीर को और बेहतर करने और रोजगार को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार मनरेगा के आवंटन में वृद्धि करेगी। सरकार के इस फैसले से राज्य में मानव रोजगार दिवस के सृजन का लक्ष्य 40 करोड़ से भी अधिक करने में सहायता होगी। मनरेगा से जुड़े अफसरों के अनुसार अगले मार्च तक 40 करोड़ मानव दिवस का रोजगार का सृजन करने संबंधी लक्ष्य पूरा कर लिया जाएगा। इतनी संख्या में पहले कभी रोजगार नहीं दिया गया। अब चर्चा है कि मनरेगा के तहत राज्य में हुए कार्यों को लेकर इस साल प्रदेश को तीन राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने की उम्मीद है। इसमें सबसे अधिक रोजगार सृजन के साथ मजदूरी भुगतान और स्थायी परिसंपत्तियों का निर्माण के लिए भी पुरस्कार मिलने की उम्मीद है। बीते तीन वर्षों में मनरेगा योजना के तहत उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रदेश को पुरस्कृत किया जा चुका है।

# बुजुर्गों को पेंशन देने के मामले में योगी सरकार सबसे आगे

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

### ● निराश्रित महिला पेंशन बनी महिलाओं की कवच

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की महिलाओं के हित में ठोस कदम उठाए है। उसका ही परिणाम है कि आज एक ओर मिशन शक्ति जैसे वृहद अभियान से उनका मनोबल बढ़ा है तो वहीं योगी सरकार की स्वर्णिम योजनाओं से विकास के पथ पर महिलाओं के कदम तेजी से बढ़ रहें हैं।

प्रदेश में योगी सरकार बुजुर्गों व पति की मृत्योपरांत निराश्रित महिला पेंशन योजना महिलाओं को सीधे तौर पर लाभ पहुंचा रही है। बुजुर्गों को पेंशन देने के मामले में योगी सरकार सबसे आगे है। वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत अब तक लगभग 51 लाख से अधिक बुजुर्गों को पेंशन की सुविधा दी जा चुकी है। पेंशन योजना के तहत योगी सरकार ने प्रदेश के लगभग 14,68,847 नए पेंशनरों को लाभान्वित किया है। योजना से जुड़ने के बाद बुजुर्गों को अब 500 रुपए प्रतिमाह मिल रहा है। वर्ष 2017 के पहले जहां प्रदेश के बुजुर्गों को 300 से 400 रुपए की धनराशि मिलती थी वहीं योगी सरकार ने उसे बढ़ाकर 500 रुपए किया है। इस मद में जहां पहले लगभग सरकार के 1500 करोड़ खर्च होते थे वहीं नए पेंशन धारकों के जुड़ने से यह राशि दोगुनी हो गई है। कोरोना महामारी के चलते पेंशनधारकों की आर्थिक समस्या दूर करने के लिए हर बुजुर्ग को सरकार ने एक एक हजार रुपए की अतिरिक्त सहायता राशि वितरित की। मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश की महिलाओं को सम्मान व सुरक्षा देने के उद्देश्य से शुरू की गई पति की मृत्योपरांत निराश्रित महिला पेंशन योजना ने महिलाओं को कवच प्रदान किया है। पति की मृत्योपरांत निराश्रित महिला पेंशन योजना के तहत 27.95 लाख प्रदेश की महिलाओं को लाभ मिल चुका है। इसके साथ ही कन्या भ्रूण हत्या पर लगाम लगाने व बेटियों की शिक्षा, सेहत को ध्यान में रखते हुए गरीब परिवारों में बेटी के जन्म पर कन्या सुमंगला योजना लागू कर उनको लाभन्वित किया है।

# पंचायत चुनाव सकुशल संपन्न कराने की तैयारियों में जुटा डीजीपी मुख्यालय

### ● डीजीपी मुख्यालय सहित सभी जिले के पुलिस कप्तानों ने गठित किए चुनावी सेल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**डीजीपी** मुख्यालय त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को सकुशल संपन्न कराने की तैयारियों में जोर शोर से जुट गया है। चुनाव के बेहतर संचालन के लिए मुख्यालय में चुनाव सेल स्थापित किया गया है। डीजीपी के निर्देश पर सभी जिलों के पुलिस कप्तानों ने भी अपने अपने जिले में चुनाव सेल का गठन किया है। चुनाव सेल में पुलिसकर्मियों की तैनाती भी कर दी गई। अधिसूचना जारी होने के बाद संवेदनशील क्षेत्रों के लिए केंद्रीय बल की मांग की जाएगी। जानकारी के अनुसार डीजीपी मुख्यालय में डीआईजी कानून व्यवस्था धर्मेंद्र सिंह की देखरेख में चुनाव सेल गठित किया गया है। इस सेल में दो दर्जन पुलिसकर्मियों की तैनाती भी की गई है। चुनाव सेल जिलों से पंचायत चुनाव से संबंधित आंकड़े एकत्र करने के साथ ही पुलिस फोर्स की उपलब्धता और तैनाती का पूरा खाका तैयार करेगा। पंचायत चुनाव की सरगर्मी के साथ ही चुनावी रंजिश को लेकर घटनाओं का भी सिलसिला शुरू हो जाता है। इसका एक नजारा मंगलवार को जौनपुर में देखने को मिला जहां रंजिश के चलते ग्राम प्रधान की गोली मारकर हत्या कर दी गई। ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए प्रदेश पुलिस को अभी से सतर्क कर दिया गया है। जिलों के पुलिस कप्तानों की ओर से सभी थानों प्रभारियों को गांवों में पार्टीबंदी के मामलों पर नजर रखने और हर छोटे बड़े विवाद को गंभीरता से लेने व संवेदनशील स्थलों को चिन्हित कर उन पर खास नजर रखने को कहा गया है। अराजकता और हिंसा फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की तैयारी पुलिस ने की है। अपराधियों का मुचलका भरवाने और उन्हें पाबंद करने की कार्रवाई भी व्यापक पैमाने पर किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। कार्रवाई का डाटा तैयार किया जा रहा है। थानों से मुचलका पाबंद को ब्यौरा एकत्र किया जा रहा है। उपद्रवियों और अराजक तत्वों को 107-116 के तहत पाबंद किया जा रहा है। जिलों में पुलिस द्वारा असलहों का सत्यापन भी शुरू कर दिया गया है। जिलों में बंदूक, राइफल, पिस्टल और रिवाल्वर के लाइसेंसधारियों के बारे में जानकारी अपडेट की जा रही है।

# अगले माह से 50 वर्ष से ऊपर के लोगों को लगेगी कोविड की वैक्सीन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सूबे** में स्वास्थ्यकर्मियों और फ्रंटलाइन वर्कर्स के कोविड वैक्सीनेशन के बाद अगले माह से 50 वर्ष से अधिक आयु वाले लोगों को वैक्सीन लगाने का कार्य शुरू होगा। प्रदेश में कोविड 19 का रिकवरी 98 प्रतिशत से अधिक आ गया है। वहीं प्रदेश में कल एक दिन में कुल 1,20,346 सैम्पल की जांच की गयी। प्रदेश में अब तक कुल 2,97,93,515 सैम्पल की जांच की गयी है।

प्रदेश के अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में पिछले 24 घंटे में कोरोना से संक्रमित 105 नये मामले आये हैं। प्रदेश में 2,853 कोरोना के एक्टिव मामलों में से 689 लोग होम आइसोलेशन में हैं। प्रदेश में कोविड.19 का रिकवरी 98 प्रतिशत से अधिक है। उन्होंने बताया कि निजी चिकित्सालयों में 255 लोग इलाज करा रहे है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पिछले 24 घंटे में 217 तथा अब तक 5,90,787 लोग कोविड-19 से ठीक होकर डिस्चार्ज हो चुके हैं।

उन्होंने बताया कि प्रदेश में ई.संजीवनी के माध्यम से 24 घंटे में 4392 लोग तथा अब तक कुल 5,18,165 लोगों ने चिकित्सीय परामर्श लिया। प्रदेश में सर्विलांस टीम के माध्यम से 1,85,247 क्षेत्रों में 5,11,358 टीम दिवस के माध्यम से 3,14,61,251 घरों के 15,27,83,172 जनसंख्या का सर्वेक्षण किया गया है। प्रसाद ने बताया कि 18 फरवरी 2021 को वैक्सीन की डोज फ्रंट लाइन कर्मियों को लगायी जायेगी।

# गंगा एक्सप्रेसवे: भूमि क्रय करने के लिए यूपीडा व हडको में हुआ समझौता

### ● परियोजना के लिए भूमि क्रय की कुल लागत 9255 करोड़ में से हडको देगा 2900 करोड़ रुपए का कर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मेरठ** से प्रयागराज तक 594 किमी लम्बी प्रस्तावित एक्सेस कन्ट्रोल्ड ग्रीन फील्ड गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना पर बहुत तेजी से कार्य हो रहा है। इस परियोजना के लिए भूमि क्रय की कुल लागत 9255 करोड़ में से यूपीडा द्वारा हडको से 2900 करोड़ ऋण प्राप्त किया जा रहा है। यह ग्रीन फील्ड परियोजना प्रदेश के 12 जनपदों की 30 तहसीलों से होकर निकलेगी। इस परियोजना के लिए 522 गांव की कुल 7438 हेक्टेयर भूमि क्रय की जाएगी। इस परियोजना के बनने से क्षेत्र के किसानों को अपनी फसल उत्पादन बाजार तक त्वरित गति से ले जाने में सहायक होगी। इस ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे परियोजना से इस क्षेत्र के लागों को अपने बीमार व्यक्तियों को अल्प समय में अस्पताल तक ले जाने में सुविधा होगी। इस एक्सप्रेसवे पर यात्रा करने से लोगों के समय और ईधन की बचत तथा दुर्घटनाओं में कमी आयेगी। इस परियोजना के भूमि क्रय के लिए हडको से 2900 करोड़ ऋण के लिए यूपीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अवनीश कुमार अवस्थी और हडको के संयुक्त महाप्रबंधक वित्त रत्न प्रकाश ने ऋण अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। गंगा एक्सप्रेसवे मेरठ से शुरु होकर हापुड़, बुलन्दशहर, अमरोहा, सम्भल, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़ एवं प्रयागराज पर समाप्त होगा।

## ओडीओपी उत्पादों को तकनीक व प्रबंधन से जोड़ेंगे छात्र

**लखनऊ।** उप्र सरकार के एक जनपद एक उत्पाद योजना ओडीओपी को डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के तकनीकी संस्थानों के छात्र अब तकनीक से जोड़ेंगे। यही नहीं प्रबंधन से जुड़े छात्र ओडीओपी उत्पादों को अन्तर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय बाजार में बेचने की कला कारोबारियों को सिखाएंगे। एकेटीयू ने प्रदेश सरकार के सूक्ष्म मध्यम एवं लघु उद्योग विभाग के एमओयू भी किया। सरकार के साथ मिलकर एकेटीयू ओडीओपी को बढ़ावा देने के लिए छात्रों के बीच सेमेस्टर परीक्षाओं के बाद हैकाथॉन आयोजित करने जा रहा है। इसमें 250 से अधिक संस्थानों के छात्रों के शामिल होने की उम्मीद है। वहीं ओडीओपी को बढ़ावा देने के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय में एक इनक्यूबेशन सेंटर भी बनने जा रहा है। एमएसएमई से समझौते के बाद एकेटीयू पूरे प्रदेश के 250 से अधिक तकनीकी व प्रबंधन संस्थानों के छात्रों के लिए हैकाथन का आयोजन करेगा। इसमें बीटेक व एमबीए के छात्र-छात्राएं एक जनपद, एक उत्पाद योजना से जुड़े उत्पादों को कैसे तकनीक से जोड़कर बेहतर बनाया जाए जिससे वह उत्पाद अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान बना सके। इस पर अपने आइडियाज देंगे। वहीं विश्वविद्यालय से जुड़े प्रबंधन संस्थानों के छात्र उत्पादों के बेहतर प्रबंधन के सुझाव देंगे।

# प्रदेश की जनता परिवर्तन चाहती है: शिवपाल यादव

### ● कार्यकर्ताओं ने मनाया प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिन



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रगतिशील** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव का 66वां जन्मदिन कार्यकर्ताओं ने पूरे प्रदेश में बड़ी धूमधाम से मनाया और उनके सुखद व दीर्घ जीवन की कामना की। इसी क्रम में मंगलवार को लखनऊ के शनिदेव मंदिर स्थित देवरहा घाट पर विधिवत पूजा पाठ कर शिवपाल सिंह यादव का जन्मदिन मनाया गया तथा भंडारे का आयोजन हुआ। शिवपाल 11 बजे शनि मंदिर पहुंचे। मंदिर में माथा टेकने के बाद उन्होंने केक काटा। लखनऊ स्थित कैम्प कार्यालय में भी संगठन द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष की गरिमामयी उपस्थिति में जन्मदिन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पार्टी मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम के मौके पर शिवपाल ने कार्यकर्ताओं के प्रति आभार जताते हुए उन्हें आगामी विधानसभा चुनाव के लिए मजबूती से तैयारी करने को कहा। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता परिवर्तन चाहती है, इसलिए हम सभी लोगों को एक साथ मिलकर काम करना होगा। बता दें कि शिवपाल पहले ही कह चुके हैं कि 2022 के विधानसभा चुनाव के लिए सम्मानजनक सीटें मिलने पर ही गठबंधन किया जाएगा, नहीं तो हम अकेले ही चुनाव में जाएंगे। उन्होंने समाजवादी पार्टी में प्रसपा के विलय से साफ इंकार किया। शिवपाल के जन्मदिन के उपलक्ष्य पर मंगलवार को पूरे प्रदेश के सभी जिलों में प्रदेश कार्यकारिणी व जिला संगठन द्वारा वृक्षारोपण, कंबल व वस्त्र वितरण, फल व अन्नदान, रक्तदान शिविर, भंडारा, कवि सम्मेलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम और विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

## सपा मुख्यालय में मनाई गई बसंत पंचमी व महाराजा सुहेलदेव की जयंती



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को बसंत पंचमी और सरस्वती पूजा एवं महाराजा सुहेलदेव की जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर सपा के राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी और पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजपाल कश्यप ने ज्ञान की देवी सरस्वती एवं महाराजा सुहेलदेव के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि कर नमन किया। आयोजित कार्यक्रम में पूर्व राज्यमंत्री डॉ साधना मिश्रा ने सरस्वती वन्दना प्रस्तुत किया। रफीक अंसारी विधायक, अरविन्द कुमार सिंह एमएलसी, पूर्व मंत्री पवन पाण्डेय उपस्थित रहे। इस अवसर पर लक्ष्मीकांत उर्फ पप्पू निषाद, लोटनराम निषाद, महेन्द्र चौहान, हंसराज चौहान, मनीष सिंह, आलोक त्रिपाठी, डॉ राजवर्धन सिंह जाटव, मनीष पाल, जयवीर सिंह पासी, अभिजीत यादव, अजय चौहान, सर्वजीत यादव, जीशान, मान सिंह राजभर, रजत श्रीवास्तव, अजीत पाल, गौरव जायसवाल, सर्वेश मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। इस तरह के कार्यक्रम समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पूरे राज्य के प्रत्येक जनपद में आयोजित किए गए।

## विधान मंडल सत्र से पहले सभी कर्मचारियों की कोविड जांच पूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**विधान** मंडल के बजट सत्र को लेकर विधान सभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए। स्पीकर ने बताया कि विधान सभा के सभी कर्मियों का कोरोना जांच करा दी गयी है। विधायकों की भी कोरोना जांच जारी है। सुरक्षा व्यवस्था में लगे हुए सभी कर्मियों की भी कोरोना जांच कराई जाएगी। मीडिया कर्मियों के लिए इस बार भी तिलक हाल में बैठने की व्यवस्था की गयी है। उन्होंने कहा कि सदस्यों को विधान भवन में आने जाने के लिए निर्बाध एवं सुविधाजनक व्यवस्था तथा वाहनों की पार्किंग की समुचित व्यवस्था के निर्देश दिए गए है। विधान सभा के प्रवेश के सभी गेटों पर सदस्यों एवं मीडिया कर्मियों के वाहनों की जांच एवं थर्मल स्कैनिंग के बाद ही प्रवेश दिया जायेगा। बैठक में अपर मुख्य सचिव सचिवालय प्रशासन हेमन्त कुमार, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, महानिदेशक पुलिस हितेश चन्द्र अवस्थी, प्रमुख सचिव विधान सभा प्रदीप कुमार दुबे, कमिश्नर लखनऊ रंजन कुमार, पुलिस आयुक्त डीके ठाकुर, मार्शल विधान सभा, परिषद के साथ-साथ पुलिस विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी, जिलाधिकारी एवं मुख्य चिकित्साधिकारी भी उपस्थित रहें।

## देशी-विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों की ई-लाटरी संपन्न

### ● देशी मदिरा की 704, विदेशी मदिरा की 338, बीयर की 425, भॉग की 182 दुकानों तथा 28 माडल शाप का भी हुआ व्यवस्थापन

**लखनऊ।** संजय आर भूसरेड्डी, प्रमुख सचिव आबकारी विभाग, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा अवगत कराया गया कि देशी मदिरा की 1036, विदेशी मदिरा की 502, बीयर की 560, भॉग की 278 दुकानों तथा 102 माडल शाप के व्यवस्थापन हेतु प्रथम चरण की ई लाटरी मंगलवार को प्रदेश के 73 जिलों में संपादित की गयी। इसमें देशी मदिरा की 704, विदेशी मदिरा की 338, बीयर की 425, भॉग की 182 दुकानों तथा 28 माडल शाप का व्यवस्थापन हुआ। इन दुकानों के व्ययवस्थापन से लगभग 168 करोड रुपए की लाइसेंस फीस राज्यांश के रूप में सरकार को प्राप्त होगी। देशी मदिरा की व्यवस्थित हुयी 704 दुकानों में लगभग 2.44 करोड बल्की लीटर कोटा व्यवस्थित हुआ है। ई. लाटरी के प्रथम चरण में विज्ञापित दुकानों पर कुल 19285 आवेदन पत्र प्राप्त हुये थे। अवशेष दुकानों का व्यवस्थापपन ई-लाटरी के द्वितीय चरण में कराया जायेगा। प्रथम चरण की ई लाटरी के पूर्व 92 प्रतिशत दुकानों व्यवस्थापन नवीनीकरण के माध्यम से हो चुका है। द्वितीय चरण की ईलाटरी दिनांक दो मार्च को संपन्न होगी।

## नसीमुद्दीन बने यूपी कांग्रेस मीडिया सेल के चेयरमैन व सतीश अजमानी कोषाध्यक्ष

**लखनऊ।** कांग्रेस नेता नसीमुद्दीन सिद्दीकी को पार्टी ने बड़ी जिम्मेदारी दी है। कभी बसपा सुप्रीमो मायावती के खास रहे नसीमुद्दीन सिद्दीकी को कांग्रेस ने यूपी मीडिया सेल एवं संचार विभाग का का चेयरमैन बनाया है। इसके अलावा पूर्व विधायक सतीश अजमानी को कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई है। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से मंगलवार को जारी एक बयान के मुताबिक कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने अजमानी को प्रदेश कांग्रेस कमेटी का कोषाध्यक्ष और सिद्दीकी को मीडिया एवं संचार विभाग का प्रमुख नियुक्त किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की।

# तकनीकी पद्धति से खेती करने वालों को दी जाएगी उत्तम गन्ना कृषक के रूप में मान्यता

### ● तैयार किए जाएंगे आदर्श माडल प्लाट

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**आयुक्त** गन्ना एवं चीनी संजय आर भूसरेड्डी ने बताया कि प्रदेश में गन्ना उत्पादन एवं चीनी परता में वृद्धि, उत्पादन लागत में कमी तथा कृषकों की आय में वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए विभाग द्वारा इस दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गन्ने की खेती के लिए ट्रैंच प्लांटिंग, सहफसली, रैटून मेनेजमेन्ट, ट्रैश मल्चिंग एवं ड्रिप सिंचाई जैसी नवीन तकनीकें गन्ना किसानों के लिए पंचामृत साबित हो रहीं हैं।

उन्होंने बताया कि गन्ने की खेती में आधुनिक तकनीकी पद्धतियों को एक साथ अपनाने से गन्ने की उत्पादन लागत में कमी के साथ साथ उपज में बढ़ोत्तरी का सर्वोत्तम लाभ प्राप्त होगा। इसके साथ ही ट्रेंच विधि से बुवाई, सहफसली खेती एवं ड्रिप के प्रयोग एक ही खेत पर प्रयोग करने वाले सफल कृषकों को विभागीय योजनाओं तथा कार्यक्रमों के अन्तर्गत उपज बढ़ोत्तरी में प्राथमिकता तथा उत्तम गन्ना कृषक का प्रमाणपत्र भी दिया जायेगा।

श्री भूसरेड्डी ने बताया कि समन्वित प्रबंधन करते हुए तकनीकी पद्धतियों के माध्यम से जिन प्लाटों पर खेती की जायेगी उन्हें आदर्श मॉडल के रूप में प्रदर्शित किया जायेगा। तकनीकी पद्धति अपनाकर खेती करने से होने वाले लाभ के विषय में प्रचार प्रसार भी किया जायेगा, जिससे प्रदेश के अन्य गन्ना किसान भी समन्वित तकनीकों को अपनाये जाने के प्रति आकर्षित होंगे एवं गन्ना खेती में तकनीकी पद्धतियों का आच्छादन बढ़ेगा। उन्होंने बताया कि गन्ने की खेती में नवीन तकनीकों के प्रयोग से उत्पादन लागत में कमी आयेगी साथ ही गन्ना किसानों को उपज बढ़ोत्तरी का लाभ मिलेगा।

उन्होंने यह भी बताया कि इस कार्यक्रम की शुरूआत हेतु बसन्त कालीन बुवाई का समय महत्वपूर्ण है तथा इस बुआई के अन्तर्गत प्रारम्भिक तौर पर प्रदेश में कुल 1,555 कृषकों का चयन कर गन्ना खेती के आदर्श मॉडल प्लाट बनाये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया जा रहा है। ऐसे आदर्श मॉडल प्लाट का न्यूनतम क्षेत्रफल 0.5 हेक्टेयर होगा तथा मध्य एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश की प्रत्येक गन्ना विकास परिषदों में न्यूनतम 10 एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश की गन्ना विकास परिषद में न्यूनतम 5 आदर्श मॉडल का चयन किया जाना अनिवार्य होगा।

# बजट सत्र में सरकार को घेरने की सपा विधायकों ने बनाई रणनीति

### ● किसान व बेरोजगारी सरीखे मुद्दों पर सरकार पर बोलेगी हमला
### ● सपा विधान मंडल दल की बैठक कल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**विधानमंडल** बजट सत्र में सरकार को घेरने के लिए समाजवादी पार्टी ने रणनीति तैयार कर ली है। सपा की इस रणनीति पर 18 फरवरी की सुबह पार्टी मुख्यालय में सपा मुखिया अखिलेश यादव की अध्यक्षता में आयोजित सपा विधान मंडल दल की बैठक में मोहर लगेगी। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने यह बैठक के बजट सत्र के शुरू होने के ठीक दो घंटे पहले पार्टी मुख्यालय में करीब प्रात:9 बजे बुलाई है। सपा सूत्रों की माने तो बजट सत्र के दौरान समाजवादी पार्टी काफी व्यापक तरीके से आंदोलन करने के मूड में है। समाजवादी पार्टी के विधायक बजट सत्र के दौरान किसान व बेरोजगारी सरीखे मुद्दे को जोर शोर से उठाएंगे। इसके साथ ही समाजवादी पार्टी के सभी विधायक विधान भवन परिसर स्थित चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा के पास एकत्र होकर प्रदर्शन करने की योजना बना रहे हैं। सपा सूत्रों की मानें तो सत्र के दौरान समाजवादी पार्टी के विधायक मजबूती से विपक्ष की भूमिका अदा करने के लिए तैयार हैं। विधानसभा में सपा के विधायकों की संख्या कम है लेकिन विधान परिषद में समाजवादी पार्टी के विधायकों की संख्या अधिक होने के नाते पार्टी के विधायक मजबूती से अपनी बात रखने के लिए कमर कस चुके हैं। विधानमंडल सत्र के दौरान सपा विधायकों के द्वारा प्रदेश की भाजपा सरकार को घेरने की जो रणनीति तैयार की गई है उस पर बृहस्पतिवार की सुबह सपा मुख्यालय में सपा मुखिया अखिलेश यादव अपनी संस्तुति देकर सत्र के लिए विधायकों को रवाना करेंगे।

## देश की रक्षा के लिये लाखो शूरवीरों ने दी कुर्बानियां :अविनाश त्रिवेदी

**लखनऊ।** अनादि काल से देश की रक्षा के लिये समय समय पर लाखों सूरवीरों ने भारत माता की रक्षा के लिये अपने जीवन का बलिदान किया। इन सूरवीरों में महाराजा सुहेलदेव का नाम गर्व के साथ लिया जायेगा। जिन्होंने मुगल आक्रांताओ का न सामना किया। बल्कि उनके अभिमान को धूल में मिला दिया। सरकार द्वारा ऐसे वीरो की कहानियों को नई पीढ़ी तक पहुचाने के उद्देश्य से पूरे देश मे कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। विधायक अविनाश त्रिवेदी विधानसभा क्षेत्र में मंगलवार को कुम्हरावां व उमरगढ़ के शहीद स्मारक स्थल पर पुष्प अर्पित कर शहीदों के बलिदानों को याद करते हुये बोल रहे थे। गौरतलब है कि कार्यक्रम पूरे देश में मनाया गया है महाराजा सुहेलदेव ने अपने शौर्य और पराक्रम से मातृभूमि का मान बढ़ाया एवं राष्ट्र की एकता, अखंडता और अस्मिता से वीर सुहेलदेव ने कभी समझौता नही किया था। उक्त कार्यक्रम के दौरान विधायक ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों का माल्यार्पण किया।

# राहुल एकमात्र नेता जो संभाल सकते हैं कांग्रेस अध्यक्ष का पद: रिपुन बोरा

**भाषा।** शिवसागर (असम)

**कांग्रेस** की असम इकाई के अध्यक्ष रिपुन बोरा ने कहा है कि राहुल गांधी एकमात्र ऐसे नेता हैं जो पार्टी अध्यक्ष का पद संभाल सकते हैं क्योंकि सिर्फ वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मुकाबला कर सकते हैं। बोरा ने यह टिप्पणी ऐसे समय की है जब कांग्रेस में राहुल गांधी को फिर से पार्टी की कमान सौंपने की मांग तेज हो गई है। 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की हार के बाद राहुल गांधी ने नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था।

बोरा ने कहा कि वह यह मांग लंबे समय से करते आ रहे हैं कि राहुल गांधी को अध्यक्ष पद संभालना चाहिए तथा वह आगे भी तब तक ऐसा करते रहेंगे जब तक राहुल पार्टी की कमान नहीं संभाल लेते। असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रिपुन बोरा ने कहा, मैं पहला सांसद हूं जो बहुत पहले से ही यह मांग उठाते रहा हूं कि राहुल गांधी को कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व की जिम्मेदारी संभालनी चाहिए।

उन्होंने बताया, पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी के साथ जूम के माध्यम से हुई बैठक और कई अन्य बैठकों में भी मैं यह आवाज उठा चुका हूं कि सिर्फ राहुल गांधी ही कांग्रेस अध्यक्ष हो सकते हैं। उल्लेखनीय है कि हाल के कुछ हफ्तों में राहुल गांधी को फिर से कांग्रेस अध्यक्ष बनाए जाने की मांग को लेकर पार्टी की दिल्ली, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना की इकाइयों ने प्रस्ताव पारित किए। कई वरिष्ठ नेताओं ने भी राहुल गांधी के फिर से अध्यक्ष बनाए जाने की मांग की। राहुल गांधी इन दिनों में असम, केरल और तमिलनाडु में आक्रामक ढंग से चुनाव प्रचार कर रहे हैं। इन राज्यों में अप्रैल-मई में विधानसभा चुनाव होना है।

यह पूछे जाने पर कि क्या कांग्रेस की असम इकाई भी राहुल गांधी को अध्यक्ष बनाने की मांग को लेकर प्रस्ताव पारित करेगी तो बोरा ने कहा कि फिलहाल असम कांग्रेस कमेटी चुनाव की तैयारियों में व्यस्त है। लेकिन अतीत में वह कह चुकी है कि केरल के वायनाड से लोकसभा सदस्य को फिर से पार्टी प्रमुख की जिम्मेदारी दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा, राहुल गांधी पुरजोर ढंग से भाजपा के खिलाफ हैं और सिर्फ वह ही नरेंद्र मोदी का मुकाबला कर सकते हैं। इसलिए सिर्फ वह कांग्रेस अध्यक्ष का पद संभाल सकते हैं।

## आईएसएफ, अन्य धर्मनिरपेक्ष पार्टियां वाम-कांग्रेस गठबंधन का हिस्सा होंगी: अधीर

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में फुरफुरा शरीफ के मौलवी की नवगठित इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) और कई अन्य पार्टियां राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव में वाम मोर्चा-कांग्रेस गठबंधन का हिस्सा होंगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। वाम मोर्चा और कांग्रेस, सीटों के बंटवारे को लेकर अपने एक समझौते को अंतिम रूप दे चुकी है। संवाददाता सम्मेलन में मौजूद वाम मोर्चा के अध्यक्ष विमान बोस ने कहा, आगामी विधानसभा चुनाव में हम वाम मोर्चा, कांग्रेस और अन्य धर्मनिरपेक्ष मोर्चा के गठबंधन के तहत चुनाव लड़ेंगे। हुगली जिले में स्थित फुरफुरा शरीफ के मौलवी ने पिछले महीने आईएसएफ का गठन किया था। चौधरी ने कहा कि न सिर्फ आईएसएफ, बल्कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कई अन्य छोटी पार्टियां भी गठबंधन में शामिल होंगी।



प्रयागराज में बसंत पंचमी के अवसर पर माघ मेला में संगम तट पर सुरक्षा में लगे हुए कमांडो।

# ईरानी ने राहुल पर साधा निशाना गुजरात से चुनाव लड़ने की चुनौती दी

**वांसदा (गुजरात)।** केंद्रीय मंत्री और भाजपा सांसद स्मृति ईरानी ने मंगलवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी को गुजरात में छोटे चाय कारोबारियों की जेब से धन निकालने और राज्य से चुनाव लड़ने का साहस दिखाने की चुनौती दी। उन्होंने आरोप लगाया कि गुजरात और यहां के लोगों के प्रति कांग्रेस का नफरत भरा और पक्षपाती रवैया नया नहीं है, क्योंकि राहुल गांधी और उनकी पार्टी ने गुजरात में सरदार वल्लभभाई पटेल की याद में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के निर्माण के प्रस्ताव का भी विरोध किया था।

ईरानी ने, पूर्व कांग्रेस प्रमुख द्वारा असम में एक चुनावी रैली में कथित तौर पर की गई टिप्पणी का हवाला दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि राज्य में उनकी पार्टी सत्ता में आने पर गुजरात के चाय मालिकों से चाय बागानों के श्रमिकों की दिहाड़ी बढ़ाने के लिए कहेगी। ईरानी ने नवसारी जिले के वांसदा शहर में स्थानीय निकायों के आगामी चुनाव के लिए जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, राहुल गांधी ने हाल ही में असम में एक रैली में कहा था कि वह गुजरात के छोटे चाय कारोबारियों की जेब से रकम निकलवाएंगे। इससे पहले उन्हें (कांग्रेस) चाय विक्रेता (प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी) से परेशानी थी और अब उन्हें चाय पीने वालों से दिक्कत है।

कपड़ा एवं महिला और बाल विकास मंत्री ने कहा, मैं राहुल गांधी को चुनौती देती हूं कि अगर उनमें साहस है तो वह गुजरात से चुनाव लड़ें। उनकी सारी गलतफहमी दूर हो जाएगी। राहुल गांधी ने कहा था कि अगर कांग्रेस असम में सत्ता में आएगी तो वह चाय बागानों के श्रमिकों की दिहाड़ी मजदूरी में वृद्धि करेगी। गुजरात में छह नगर निगमों के लिए चुनाव 21 फरवरी को होगा। इसके अलावा 81 नगरपालिकाओं, 31 जिला पंचायतों और 231 तालुका पंचायतों के लिए 28 फरवरी को चुनाव होगा।

## भाजपा ने गुजरात में राज्यसभा की दो सीटों के उपचुनाव के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की

**अहमदाबाद।** भाजपा ने गुजरात में राज्यसभा की दो सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की मंगलवार को घोषणा की। इन सीटों के लिए एक मार्च को चुनाव होगा। राज्य भाजपा के ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष दिनेश अनावाडिया और एक कूरियर कंपनी के संस्थापक-अध्यक्ष राम मुकारिया उपचुनाव लड़ेंगे। बनासकांठा जिले से पार्टी के वरिष्ठ नेता अनावाडिया 2014-17 के बीच गुजरात राज्य सड़क परिवहन निगम के निदेशक रह चुके हैं। मुकारिया ने कहा कि वह चार दशक से अधिक समय तक पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता रहे हैं। मैं पिछले 45 वर्षों से पार्टी का कार्यकर्ता हूं और मुझे खुशी है कि पार्टी ने मुझे राज्यसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस नेता अहमद पटेल और भाजपा नेता अभय भारद्वाज के निधन के कारण गुजरात में राज्यसभा की दो सीटों के लिए उपचुनाव कराया जा रहा है। पटेल और भारद्वाज का राज्यसभा कार्यकाल क्रमश: अगस्त 2023 और जून 2026 में समाप्त होना था। कोविड-19 से संबंधित दिक्कतों के कारण पटेल और भारद्वाज का निधन पिछले साल क्रमश: 25 नवम्बर और एक दिसम्बर को हुआ था। निर्वाचन आयोग के अनुसार इन दोनों सीटों के लिए एक मार्च को अलग-अलग चुनाव होंगे और मतों की गिनती उसी दिन शाम को होगी। गुजरात विधानसभा में भाजपा और कांग्रेस के क्रमश: 111 और 65 विधायक हैं।

# निजी स्कूल के मालिक सह प्राचार्य को छात्रा से दुष्कर्म के मामले में सजा-ए-मौत

**भाषा।** पटना

**पटना** जिला की एक अदालत ने निजी स्कूल के मालिक सह प्राचार्य को स्कूल की ही 11 साल की बच्ची के साथ बलात्कार करने के जुर्म में मौत की सजा सुनाई है। विशेष न्यायधीश (पॉक्सो) अवधेश कुमार ने दोषी राज सिंघानिया उर्फ अरविंद को सजा सुनाते हुए कहा कि वह ऐसे अपराध का दोषी है जो बहुत जघन्य और दुर्लभतम है इसलिए वह किसी उदारता का हकदार नहीं है। अदालत ने अरविंद पर एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। उसके एक सहयोगी अभिषेक कुमार को इस मामले में आजीवन कारावास और 50,000 रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई गई है। यह मामला सितंबर 2018 में सामने आया। बीमारी होने पर बच्ची को उसके माता-पिता डॉक्टर के पास लेकर गए, जहां उसके गर्भवती होने की बात सामने आई। इसके बाद छात्रा ने बताया कि फुलवारी शरीफ इलाके में स्थित अपने स्कूल में यौन शोषण का शिकार हो रही थी। बाद में महिला थाना में एक प्राथमिकी दर्ज की गई और लड़की का एक सरकारी अस्पताल में गर्भपात कराया गया। अरविंद का डीएनए परीक्षण कराए जाने पर रिपोर्ट में उसपर लगे आरोप की पुष्टि हुई थी। पीड़िता की मां जिन्होंने कानूनी लड़ाई जारी रखते हुए शहर छोड़ दिया है, ने कहा, मुझे सरस्वती पूजा पर न्याय मिला है। मैं राहत महसूस कर रही हूं। दोषी शिक्षक जैसे महान पेशे पर एक बदनुमा दाग था। अपने रिकॉर्ड किए गए बयान में लड़की ने कहा था कि अभिषेक ने एक दिन उससे कहा कि उसे प्राचार्य ने अपने चैंबर में बुलाया है। प्राचार्य ने उसे अपने चैंबर के अंदर बने एक कक्ष से एक रजिस्टर लाने के लिए कहा और जब वह कक्ष में गई तो उन्होंने उसके साथ जबरदस्ती की। प्राचार्य द्वारा यौन उत्पीड़न जारी रखा गया और अभिषेक की मदद से अपने कुकृत्य का एक वीडियो भी शूट किया और उसे धमकी दी कि अगर उसने किसी को इस बारे में बताया तो उसे वायरल कर दिया जाएगा। अदालत ने लड़की को बिहार पीड़िता मुआवजा योजना के तहत 15 लाख रुपए की राशि प्रदान किए जाने का भी आदेश दिया।

## क्विक न्यूज

### 11 करोड़ रुपए की सात किलो हेरोईन जब्त, एक गिरफ्तार

**जयपुर।** राजस्थान के आतंकवाद निरोधक दस्ते एटीएस ने सीमावर्ती बाड़मेर जिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लगभग सात किलो हेरोइन जब्त की है। जब्त हेरोईन की अंतराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत 11 करोड़ रुपए हैं। आधिकारिक बयान के अनुसार, एटीएस की टीम ने 15-16 फरवरी की मध्यरात्रि सीमान्त क्षेत्र के गफन चौराहे पर सीमा पार से तस्करी कर लाई गई सात पैकेट हेरोईन (लगभग सात किलोग्राम) जब्त की। इसके साथ ही आतरा निवासी बचाया खॉ को मोटरसाईकिल के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी ने प्रारंभिक पूछताछ में बताया कि हेरोईन को सीमा पार पाकिस्तान से तस्करी करके लाया गया है। इस संबंध बीजराड थाने में मादक पदार्थ निवारण (एनडीपीएस) अधिनियम की धारा 8/21, 24, 25, 29 के तहत मामला दर्ज किया गया है। जब्त हेरोईन की अंतराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत 11 करोड़ रुपए है। एटीएस टीम आरोपी से मादक पदार्थ की सीमा पार तस्करी व आगे की सप्लाई के संबंध में पूछताछ कर रही है।

### नाबालिग बहन से दुष्कर्म के आरोपी के खिलाफ मुकदमा

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में रिश्ते की बहन से दुष्कर्म करने के आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि आरे थाना की पुलिस ने हाल में 17 वर्षीय बहन से दुष्कर्म करने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। लड़की कोविड-19 लॉकडाउन में उसके घर आई थी। अधिकारी ने बताया कि मामला तब सामने आया जब लड़की चार महीने बाद अपने बांद्रा स्थित घर गई और उसे गर्भवती होने की जानकारी हुई उन्होंने बताया कि इसके बाद पीड़िता ने दुष्कर्म की जानकारी अपने परिवार को दी और उन्होंने पुलिस में इसकी शिकायत की। अधिकारी के मुताबिक अब तक इस मामले कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।

### मालगाड़ी की ठोकर लगने से एक शेर बुरी तरह घायल

**अमरेली।** गुजरात के अमरेली जिले में राजुला शहर के समीप मंगलवार को एक मालगाड़ी की ठोकर लगने से एक शेर बुरी तरह घायल हो गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि इस घटना की परिस्थितियों की जांच के लिए एक दल बनाया गया है। मालगाड़ी ने शेर को टक्कर मार दी। उसकी उम्र 5-9 साल के बीच है। यह मालगाड़ी अमरेली जिले में राजुला और पीपावाव बंदरगाह के बीच चलती है। वन उपसंरक्षक निशा राज ने कहा, वन अधिकारियों को पशुओं पर नजर रखने वालों से इस घटना की जानकारी मिली। घायल शेर को बाबरकोट बचाव केंद्र लाया गया और फिर उसे उपचार के लिए जूनागढ़ के सक्करबाग चिड़ियाघर ले जाया गया। मुख्य वन संरक्षक डी टी वसावडा ने बताया कि शेर गंभीर रूप से घायल हो गया लेकिन वह बच जाएगा। उन्होंने बताया कि सरकार ने रेल अधिकारियों से वन क्षेत्रों से गुजरते समय ट्रेनों की गति कम करने को कहा था।

### नेशनल कान्फ्रेंस नेता यूएपीए के तहत गिरफ्तार: पुलिस

**श्रीनगर।** नेशनल कान्फ्रेंस नेता हिलाल लोन को पिछले साल जिला विकास परिषद चुनाव (डीडीसी) की एक रैली में कथित तौर पर घृणा फैलाने वाला भाषण देने के एक मामले में अवैध गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत गिरफ्तार किया गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि लोन को सोमवार को यहां विधायक हॉस्टल से गिरफ्तार किया गया। उन्हें पिछले साल दिसंबर से ही यहां रखा जा रहा था। लोन नेशनल कान्फ्रेंस के सांसद मोहम्मद अकबर लोन के बेटे हैं। उत्तरी कश्मीर के बांदीपोरा जिले में हाजिन के एक पुलिस थाने में उनके खिलाफ अवैध गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम की कई धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। अधिकारी ने बताया कि यह मामला हाजीन में डीडीसी चुनाव प्रचार के दौरान एक सभा में उनके द्वारा दिए गए भाषण से जुड़ा है। पिछले साल 25दिसंबर को उन्हें बांदीपोरा के सुम्बल इलाके में हिरासत में लिया गया था और विधायक हॉस्टल भेज दिया गया था।



अजमेर में अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा भेंट की गई चादर ख्वाजा मोइनुउद्दीन चिश्ती की दरगाह पर चढ़ाने जाते हुए।

# केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने राहुल गांधी को प्रवासी नेता बताया

**त्रिशूर (केरल)।** भाजपा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर मंगलवार को निशाना साधते हुए उन्हें प्रवासी नेता बताया, जिन्होंने एक समय अपने परिवार के गढ़ अमेठी के लोगों द्वारा खारिज किए जाने के बाद केरल में पनाह ली है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने सबरीमला में महिलाओं के प्रवेश के मुद्दे पर गांधी पर निशाना साधते हुए दावा किया कि मामले में कांग्रेस के राष्ट्रीय और प्रदेश नेतृत्व ने अलग-अलग रूख अपनाया।

केरल के लिए पार्टी के चुनाव प्रभारी जोशी ने लोकसभा में राज्य की वायनाड सीट का प्रतिनिधित्व करने वाले गांधी से मुद्दे पर अपना रुख स्पष्ट करने को कहा। ईसाई मतदाताओं को आकर्षित करने का प्रयास करते हुए जोशी ने राज्य में कांग्रेस और सत्तारूढ़ वाम द्वारा इस्लामी कट्टरपंथियों का तुष्टिकरण किए जाने का हवाला देते हुए तुर्की में हागिया सोफिया चर्च को मस्जिद में बदलने के मामले को उठाया।

इस संदर्भ में उन्होंने कांग्रेस की सहयोगी मुस्लिम लीग के एक नेता के बयान का हवाला दिया, जिसमें उन्होंने तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैयब अर्दोआन के विवादास्पद फैसले की सराहना की थी। भाजपा की विजय यात्रा के लिए तैयारियों को रेखांकित करते हुए जोशी ने दावा किया कि राहुल गांधी प्रवासी नेता हैं जिन्होंने उत्तरप्रदेश में अमेठी निर्वाचन क्षेत्र से तीन बार जीतने के बावजूद वहां के विकास के लिए कुछ नहीं किया।

जोशी ने आरोप लगाया, कोई विकास नहीं हुआ। उनके निर्वाचन क्षेत्र में स्वास्थ्य केंद्र में एक्सरे मशीन तक नहीं थी। भाजपा नेता ने कहा कि अमेठी में खारिज किए जाने के बाद गांधी ने केरल में शरण ली और दावा किया कि राज्य के लोग भी समझ जाएंगे कि कांग्रेस का समर्थन कर उन्हें कुछ नहीं मिलने वाला।

# अदालत ने आठ पाकिस्तानियों की प्रत्यर्पण अर्जी खारिज की

**भाषा।** मुम्बई

**मुम्बई** की एक विशेष अदालत ने आठ पाकिस्तानी नागरिकों की प्रत्यर्पण अर्जी खारिज कर दी है जिन्हें 2015 में भारतीय तटरक्षक बल ने गुजरात तट के समीप समुद्र से पकड़ा था और उनके नाव से कथित रूप से 200 किलोग्राम से अधिक मादक पदार्थ जब्त किया था। ये आरोपी नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटांसेज (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत सुनवाई का सामना कर रहे हैं। उन्होंने इस आधार पर भारत से पाकिस्तान के कराची में प्रत्यर्पित किए जाने की मांग की है कि इस अदालत का मामले की सुनवाई करने का क्षेत्राधिकार नहीं है।

अर्जी खारिज कर दी लेकिन विस्तृत आदेश मंगलवार को उपलब्ध कराया गया। तटरक्षक बल ने इन आरोपियों को 6.96 करोड़ रूपए के 232 किलोग्राम हेरोइन के साथ पकड़ा था और उन्हें फिर दक्षिण मुम्बई के एलोगेट थाने के हवाले कर दिया था।

याचिकाकर्ता के वकील ने दलील दी कि ए आरोपी (गुजरात के) मीठा बंदरगाह से 175 नॉटिकल मील की दूरी पर पकड़े गए थे और यह भारत की क्षेत्रीय सीमा के परे है। उन्होंने कहा कि दूसरा जब पहली बार 2015 में उन्हें पोरबंदर की एक अदालत में पेश किया गया तब उसने कहा था कि भारत के क्षेत्राधिकार के बाहर विदेशी द्वारा किए गए कथित अपराधों को लेकर भारतीय अदालतों को सुनवाई करने का क्षेत्राधिकार नहीं है, ऐसे में यदि सुनवाई आगे बढ़ती है तो यह सही नहीं होगा। लेकिन अभियोजन पक्ष ने समुद्री अधिनियम, 1976 एवं संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों का हवाला देते हुए उसका विरोध किया। न्यायाधीश वी वी विध्वांस ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद अर्जी खारिज कर दी और इसे अपरिपक्व करार दिया।

## संजय राठौड़ के मंत्री पद के बारे में महाराष्ट्र सरकार फैसला करेगी : राउत

**मुंबई।** महाराष्ट्र में 23 साल की एक युवती की मौत का कथित संबंध राज्य के मंत्री संजय राठौड़ के साथ होने के आरोपों के बीच शिवसेना के सांसद संजय राउत ने मंगलवार को कहा कि उन्हें मंत्रिमंडल में बनाए रखने के बारे में फैसला प्रदेश सरकार करेगी। कुछ सोशल मीडिया पोस्ट में एवं भाजपा द्वारा दावा किया गया है कि आठ फरवरी को पुणे के हड़पसर इलाके में एक इमारत से गिर कर जिस युवती की मौत हुई थी, वह राज्य के एक कैबिनेट मंत्री के साथ कथित तौर पर रिलेशनशिप में थी। राउत ने संवाददाताओं से कहा, इस मुद्दे पर शिवसेना में कोई मतभेद नहीं है। मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे पहले ही जांच का आदेश दे चुके हैं। राज्य के गृहमंत्री ने भी बयान दिया है। संजय राठौड़ को पद पर बनाए रखने के बारे में फैसला राज्य सरकार लेगी। उल्लेखनीय है कि शिवसेना नीत गठबंधन सरकार में राकांपा एवं कांग्रेस भी शामिल हैं।

## जम्मू कश्मीर की स्थिति का मूल्यांकन करने दो दिन की यात्रा पर आज पहुंचेंगे विदेशी राजदूत

**नई दिल्ली।** यूरोप और अफ्रीका के राजदूत जम्मू कश्मीर में खासकर जिला विकास परिषद के चुनाव के बाद विकास कार्यों और सुरक्षा स्थिति का मूल्यांकन करने के लिए बुधवार को इस केंद्रशासित प्रदेश की यात्रा करेंगे। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान विभिन्न देशों के राजदूत जम्मू कश्मीर राज्य का विशेष दर्जा समाप्त किए जाने के बाद केंद्रशासित प्रशासन द्वारा किए गए विकास कार्यों के बारे में सीधी जानकारी प्राप्त करेंगे।

अधिकारियों के अनुसार इन विदेशी दूतों के साथ कुछ मशहूर नागरिकों एवं प्रशासनिक सचिवों की बैठक के अलावा डीडीसी के नवनिर्वाचित प्रतिनिधि भी उनसे मिलेंगे और जमीनी स्तर पर लोकतंत्र सुनिश्चित करने के केंद्र के प्रयासों को प्रदर्शित किया जाएगा। जमीनी स्तर पर लोकतांत्रिक संगठनों को मजबूत बनाने की बात प्रमुखता से सामने रखी जाएगी तथा उनके सामने प्रजेंटेशन के जरिए बताया जाएगा कि कैसे पंचायतों को वित्तीय अधिकार देकर उन्हें सशक्त बनाया गया।

दूसरे दिन विदेशी प्रतिनिधिमंडल जम्मू जाएगा और वहां उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से मिलेगा। वह कुछ डीडीसी सदस्यों एवं कुछ सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों से भी मिलेगा। पाकिस्तान के दुष्प्रचार का मुकाबला करने के लिए भारत सरकार द्वारा किया जा रहा यह दूसरा राजनयिक प्रयास है। पाकिस्तान अंतराष्ट्रीय मंचों पर कश्मीर के बारे में दुष्प्रचार फैलाने में लगा है। कश्मीर घाटी में कानून व्यवस्था से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी विदेशी प्रतिनिधिमंडल को सुरक्षा स्थिति के बारे में बताएंगे और खासकर वे नियंत्रण रेखा के जरिए भारत में आतंकवादियों की घुसपैठ कराने एवं बार बार संघर्षविराम समझौते का उल्लंघन करने की पाकिस्तान की कोशिशों को उसके सामने रखेंगे।



नालबारी में कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई सेवा आसाम अभियान के दौरान पानी के बताशे खाते हुए

# सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध : ईरानी

भाषा। नई दिल्ली



**केंद्रीय** मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और उसने जूट का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2014-15 के 2400 रुपए से बढ़ाकर 2020-21 में 4,225 रुपए कर दिया। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि कपड़ा तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री ने किसानों से आय और उत्पादकता बढ़ाने के लिए प्रमाणित बीज के इस्तेमाल का आह्वान किया। उन्होंने किसानों से विविध जूट एवं वस्त्र उत्पादों के जरिए देश के लिए योगदान करने का अनुरोध किया। पश्चिम बंगाल के बैरकपुर स्थित आईसीएआर-सीआरआईजेएएफ संस्थान में सोमवार को डिजिटल तरीके से आयोजित एक कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए ईरानी ने कहा कि 2015 में महज 60 मीट्रिक टन (एमटी) प्रमाणित जूट बीजों और 20,000 किसानों के साथ शुरू हुई आईसीएआर पहल का महज डेढ़ साल में शानदार असर देखने को मिला और प्रमाणित जूट बीजों का वितरण 2017 में बढ़कर 600 एमटी हो गया। उन्होंने बताया कि सरकार ने आईसीएआर कार्यक्रम के तहत अब तक 2.60 लाख किसानों की मदद पहुंचाई है। मंत्री ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। कपड़ा मंत्रालय के बयान के मुताबिक मंत्री ने कहा कि सरकार ने जूट के लिए एमएसपी 2014-15 के 2400 रुपए से बढ़ाकर 2020-21 में 4225 रुपए कर दिया। ईरानी ने कहा कि आईसीएआर पहल से किसानों को 15 प्रतिशत तक फसल उत्पादन बढ़ाने का फायदा हो रहा है और किसानों की आय में 10,000 रुपए प्रति हेक्टेयर की वृद्धि हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार ने टेक्निकल टेक्सटाइल मिशन को मंजूरी दी है जिसमें जूट जियो-टेक्सटाइल्स (जेजीटी) शामिल है।

## मुंबई के दौरे पर आया बांग्लादेश नौसेना का पोत प्रोटॉय

भाषा। नई दिल्ली

**बांग्लादेश** की नौसेना का पोत प्रोटॉय रविवार और सोमवार को दो दिनों के लिए मुंबई पहुंचा। इस पोत के कैप्टन अहमद आमीन अब्दुल्ला थे। भारतीय नौसेना ने एक बयान में कहा कि पोत पर चालक दल के 137 कर्मी सवार थे और दो दिनों तक यह मुंबई पत्तन न्यास पर रहा।

कोविड-19 संबंधी पाबंदी के कारण नियमित सद्भावना यात्रा, सामाजिक मेल-जोल, आपसी दौरे से परहेज किया जा रहा था। मुंबई में प्रोटॉय की यात्रा को महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि दोनों देशों ने हाल में बांग्लादेश की आजादी के 50 वें साल का जश्न मनाया था। भारत में गणतंत्र दिवस की परेड पर पहली बार बांग्लादेश के एक मार्चिंग दस्ते और सैन्य बैंड ने इसमें हिस्सा लिया था।




नई दिल्ली में मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में वार्षिक 'उदयानोत्सव' के उद्घाटन पर फोटो खिंचवाते राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद और सविता कोविंद।

## फादर स्वामी ने एनआईए को झूठे सबूतों के बारे में बताया था: सहकर्मी

भाषा। मुंबई

**एल्गार** परिषद के माओवादियों से संबंध के मामले में आरोपी और पिछले साल अक्टूबर से जेल में बंद मानवाधिकार कार्यकर्ता फादर स्टेन स्वामी के सहकर्मी फादर सोलोमन ने मंगलवार को कहा कि स्वामी ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) से पूछताछ के दौरान कम से कम चार बार कहा था कि उनके कम्प्यूटर में झूठे सबूत डाले गए हैं। सोलोमन ने एक ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही। इस सम्मेलन में मामले के आरोपी और हिरासत में बंद 16 कार्यकर्ताओं एवं शिक्षाविदों के परिवारों, मित्रों एवं वकीलों ने भाग लिया था। सोलोमन झारखंड के रांची में बगाइची सोशल सेंटर के निदेशक है, जहां स्वामी काम करते थे। अमेरिका की एक फॉरेंसिक प्रयोगशाला की रिपोर्ट में कहा गया है कि एक हमलावर ने भीमा कोरेगांव मामले में गिरफ्तार कार्यकर्ता रोना विल्सन के कंप्यूटर से छेड़छाड़ करने के लिए मालवेयर का इस्तेमाल किया था और उनके कम्प्यूटर में कम से कम 10 आपत्तिजनक पत्र डाले थे। इस रिपोर्ट के मद्देनजर यह संवाददाता सम्मेलन आयोजित किया गया। सोलोमन ने बताया कि स्वामी ने पूछताछ के दौरान एजेंसी से कम से कम चार बार कहा था कि एजेंसी ने जिन दस्तावेजों को आपत्तिजनक बताया है, उनसे उनका कोई लेना-देना नहीं है और ए सम्भवत: किसी ने उनके कम्प्यूटर में डाले थे। उन्होंने कहा कि लोकमंच के कुछ पर्चों का सम्पादित किया गया, उसमें शब्द जोड़े गए। उदाहरणार्थ, झारखंड में जुड़ा के अभिवादन के साथ एक अक्षर का इस्तेमाल किया जाना आम बात है, लेकिन एक असामान्य शब्द लाल सलामी शामिल किया गया। इसके कारण स्टेन ने दस्तावेजों की प्रामाणिकता पर सवाल उठाए। एल्गार परिषद-माओवादी संबंध मामले में आरोपी कई कार्यकर्ताओं के वकील मिहिर देसाई ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि डिजिटल कंपनी की रिपोर्ट ने अभियोजन की कहानी में एक बड़ा छेद किया है।

# फरवरी में चौथी बार 10 हजार से कम नए मामले आए सामने

भाषा। नई दिल्ली

कोविड-19

**भारत** में कोविड-19 मामलों में लगातार गिरावट आ रही है। फरवरी माह में चौथी बार कोविड-19 के नए मामलों की संख्या 10 हजार से कम 9,121 रहने के साथ ही, देश में संक्रमण के मामले बढ़कर 1,09,25,710 हो गए। वहीं, इस वायरस के संक्रमण से एक दिन में 100 से कम लोगों की मौत हुई। फरवरी में 10वीं बार ऐसा हुआ है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से मंगलवार की सुबह आठ बजे जारी किए गए अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, देश में वायरस से 81 और लोगों की मौत होने के बाद मृतक संख्या बढ़कर1,55,813 हो गई। आंकड़ों के अनुसार, कुल 1,06,33,025 लोगों के संक्रमण मुक्त होने के साथ ही, देश में मरीजों के ठीक होने की दर बढ़कर 97.32 प्रतिशत हो गई। वहीं कोविड-19 से मृत्यु दर 1.43 प्रतिशत है। देश में अभी उपचाराधीन लोगों की संख्या डेढ़ लाख से कम है। अभी कुल 1,36,872 लोगों का कोरोना वायरस संक्रमण का इलाज चल रहा है। यह आंकड़ा कुल मामलों का 1.25 प्रतिशत है। देश में पिछले साल सात अगस्त को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त को 30 लाख और पांच सितम्बर को 40 लाख से अधिक हो गई थी। वहीं, संक्रमण के कुल मामले 16 सितम्बर को 50 लाख, 28 सितम्बर को 60 लाख, 11 अक्टूबर को 70 लाख, 29 अक्टूबर को 80 लाख और 20 नवम्बर को 90 लाख और 19 दिसम्बर को एक करोड़ के पार चले गए थे। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के अनुसार, देश में 15 फरवरी तक 20,73,32,298 नमूनों की कोविड-19 संबंधी जांच की गई। इनमें से 6,15,664 नमूनों का परीक्षण सोमवार को किया गया था। आंकड़ों के अनुसार, देश में वायरस से पिछले 24 घंटे में जिन 81 लोगों की मौत हुई, उनमें महाराष्ट्र के 23, केरल के 13 और पंजाब के 10 लोग थे। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, देश में वायरस से अभी तक कुल 1,55,813 लोगों की मौत हुई, जिनमें से महाराष्ट्र के 51,552, तमिलनाडु के 12,425, कर्नाटक के 12,267, दिल्ली के 10,893, पश्चिम बंगाल के 10,233, उत्तर प्रदेश के 8,704 और आंध्र प्रदेश के 7,163 लोग थे। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि अभी तक जिन लोगों की मौत हुई, उनमें से 70 प्रतिशत से ज्यादा मरीजों को अन्य बीमारियां भी थीं। मंत्रालय ने अपनी वेबसाइट पर बताया कि उसके आंकड़ों का आईसीएमआर के आंकड़ों के साथ मिलान किया जा रहा है।

## अंतिम पीड़ित तक पहुंचने तक जारी रहेगा तलाश, बचाव अभियानः एनडीआरएफ कमांडेंट

भाषा। तपोवन (उत्तराखंड)

**उत्तराखंड** में 10 दिन पहले आई विकराल बाढ़ के बाद लापता लोगों के जीवित होने की क्षीण होती संभावनाओं के बीच राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के कमांडेंट पीके तिवारी ने मंगलवार को कहा कि आपदा प्रभावित जलविद्युत परियोजना स्थलों पर तलाश और बचाव अभियान अंतिम पीड़ित तक पहुंचने तक जारी रहेगा क्योंकि चमत्कार होते हैं।

आपदा में लापता या फंसे लोगों के जीवित बचने की संभावनाओं के संबंध में पूछे जाने पर कमांडेंट तिवारी ने कहा कि इस बारे में वह विश्वास से कुछ नहीं कह सकते लेकिन चमत्कार होते हैं। तिवारी ने बताया, हिमाचल प्रदेश में इसी तरह की एक त्रासदी में हमें 10 वें दिन एक जीवित व्यक्ति मिला था। चमत्कार होते हैं। सुरंग में लाखों मीट्रिक टन गाद भरी हुई है। लेकिन एक सिपाही और एक बचावकर्मी के रूप में मैं केवल इतना कह सकता हूं कि अंतिम पीड़ित तक पहुंचने तक अभियान जारी रहेगा।

एनटीपीसी के क्षतिग्रस्त 520 मेगावाट तपोवन-विष्णुगाड जलविद्युत परियोजना की तपोवन सुरंग में फंसे लोगों को निकालने के लिए जारी तलाश और बचाव को अनोखा बताते हुए तिवारी ने कहा कि गाद और मलबा साफ करने की कवायद में अगर एक साल नहीं तो कम से कम महीनों लग सकते हैं। उन्होंने कहा, सुरंग चार किलोमीटर लंबी है। हम इसके अंदर 160165 मीटर तक पहुंचे हैं और उसके आगे जाना है। निर्माण में आठ-दस साल लेने वाली सुरंग से मलबा साफ करने में एक साल नहीं तो महीनों तो लग ही सकते हैं। इनटेक आडिट टनल के समानांतर स्थित निचली सुरंग में छेद करने के बारे में तिवारी ने कहा कि कैमरे की मदद से फंसे हुए लोगों को ढूंढने की उम्मीद में छेद किया जा रहा था। इनटेक आडिट टनल से ही शव बरामद हो रहे हैं।

## जाति प्रणाली को बचाने की कोशिश कर रहा है केंद्रः डी राजा

**चेन्नई।** भाकपा महासचिव डी राजा ने सोमवार को केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि देवेंद्रकुला वेल्लालर समुदाय के सभी उप सम्प्रदायों को उनके पारम्परिक नाम के तहत एक साथ लाने संबंधी मांग को मानने का उसका फैसला जाति प्रणाली को बचाने की कोशिश है। राजा ने यह भी दावा कि इसका मकसद भाजपा को तमिलनाडु में राजनीतिक रूप से स्थापित करना है। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, देवेंद्रकुला वेल्लालर के (उप सम्प्रदायों के) नाम को बदलना जाति प्रणाली को बचाने की कोशिश है, जिसके सहारे भाजपा अपनी राजनीतिक आकांक्षाओं को पूरा करने और स्वयं को (तमिलनाडु में) स्थापित करने की उम्मीद रखती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को यहां अपनी यात्रा के दौरान घोषणा की थी कि केंद्र ने देवेंद्रकुला वेल्लालर समुदाय की इस मांग को स्वीकार कर लिया है कि उसे उसके सात उप-सम्प्रदायों के नामों से नहीं, बल्कि उसके सामूहिक एवं पारम्परिक नाम देवेंद्रकुला वेल्लालर (डीवीआर) के तौर पर ही सूचीबद्ध किया जाए। राज्य में पुथिया तमिलागम पार्टी सात सम्प्रदायों के नाम बदलकर उन्हें उनके एकल विरासत नाम डीवीआर के तहत लाए जाने और इस जाति को अनुसूचित जातियों की सूची से बाहर किए जाने की मांग कर रही थी। राजा ने केंद्र सरकार पर राज्यों के अधिकार छीनने और संविधान, खासकर इसके धर्मनिरपेक्ष ताने-बाने को तोड़ने की कोशिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, तमिलाडु समेत पांच राज्यों में चुनाव भाजपा के शासनकाल (केंद्र) के पतन की शुरुआत होंगे।

# राजनाथ ने ई-छावनी पोर्टल की शुरुआत की

भाषा। नई दिल्ली

**रक्षामंत्री** राजनाथ सिंह ने मंगलवार को एक ई-छावनी पोर्टल की शुरुआत की जो देशभर के 62 छावनी बोर्डों के निवासियों को नगरपालिका संबंधी सेवाएं ऑनलाइन प्रदान करेगा। इस मौके पर सिंह ने कहा, इस पोर्टल की मदद से, लोग व्यापार लाइसेंस जैसे सरकारी दस्तावेज प्राप्त कर सकेंगे और पानी के कनेक्शन जैसी सेवाओं के लिए आवेदन कर सकेंगे। रक्षा छावनी क्षेत्र में स्वास्थ्य, स्वच्छता, प्राथमिक शिक्षा आदि सार्वजनिक सेवाएं संबंधित छावनी बोर्ड द्वारा प्रदान की जाती हैं, जो रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत एक नागरिक प्रशासन निकाय है। मंत्री ने कहा, मुझे भलीभांति पता है कि छावनी बोर्ड में रहने वाले लोगों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है ... आप घर बैठे अपनी शिकायतें दर्ज करवा सकते हैं और इस पोर्टल की मदद से इनका समाधान पा सकते हैं। उन्होंने कहा, सच यह है कि हमारी सरकार पूरी व्यवस्था को नागरिक-हितैषी बनाना चाहती है। पूरे भारत में 62 छावनी बोर्डों में लगभग 20 लाख लोग निवास करते हैं। मंत्री ने कहा, हमने यह पोर्टल शुरू किया है ताकि लोगों को बार-बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़े या अपनी समस्याओं के समाधान के लिए लाइन में खड़ा न होना पड़े। उन्होंने कहा कि पोर्टल सभी समस्याओं का हल नहीं है, लेकिन यह सुशासन की दिशा में एक प्रभावी और महत्वपूर्ण कदम है। सिंह ने छावनी बोर्डों के अधिकारियों को यह भी सुझाव दिया कि उन्हें लोगों की प्रतिक्रिया लेनी चाहिए कि पोर्टल उनकी समस्याओं को हल करने में कितना कारगर साबित हो रहा है।

## अदालत ने सीएफआई महासचिव रउफ शरीफ को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

भाषा। मथुरा

**उत्तर** प्रदेश के मथुरा जिले की एक अदालत ने पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया की छात्र शाखा सीएफआई के राष्ट्रीय महासचिव रउफ शरीफ को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। रउफ शरीफ पर देशद्रोह एवं विदेश से मिले धन से दंगे भड़काने की गतिविधियों में संलिप्तता का आरोप है। वारंट के बाद उसे रविवार को केरल की एर्नाकुलम जेल से मथुरा लाया गया था।

जिला शासकीय अधिवक्ता शिवराम सिंह तरकर ने बताया, दिल्ली से हाथरस जाते समय यमुना एक्सप्रेस-वे पर पिछले साल पांच अक्टूबर को पकड़े गए पीएफआई-सीएफआई के चार सदस्यों को देशविरोधी कार्यों में प्रेरित करने वाले केरल के कोल्लम निवासी रउफ शरीफ को सोमवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (प्रथम) अनिल कुमार पाण्डेय की अदालत में पेश किया गया। न्यायाधीश ने उसे दो मार्च तक न्यायिक हिरासत में जेल भेजने के आदेश दिया। मामले में बचाव पक्ष के अधिवक्ता मधुवन दत्त चतुर्वेदी ने पुलिस की कार्वाई पर आपत्ति जताई। उन्होंने दलील दी कि बी-वारंट का प्रयोग भी गलत तरीके से किया गया तथा उनके मुवक्किल के खिलाफ लगाए गए आरोपों के खिलाफ एसटीएफ बाजिब साक्ष्य नहीं पेश कर सकी है। हालांकि, अदालत ने उनकी दलील खारिज कर दी।

# पेज 1 का शेष

## भारत में...

से सतर्कता बनाए रखने और कोविड संबंधी उचित व्यवहार का पालन करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि भारतीय आबादी का 70 प्रतिशत हिस्सा अब भी असुरक्षित है। इस वायरस को रोकने के लिए सतर्कता कायम रखनी चाहिए। हम अब तक वायरस को पूरी तरह से नहीं समझ पाए हैं, इसलिए, हमें टीकाकरण और कोविड-19 संबंधी उचित व्यवहार को लेकर गंभीर रहना चाहिए। टीकाकरण के संबंध में भूषण ने कहा कि 16 फरवरी को दोपहर एक बजे तक देश में 87,40,595 लोगों को कोविड टीके की खुराकें दी गई हैं, जिसमें से 62,82,646 स्वास्थ्य कर्मी हैं। उन्होंने कहा कि 61,11,968 (60.5 प्रतिशत स्वास्थ्य कर्मी) लोगों को पहली खुराक दी गई है और1,70,678 स्वास्थ्य कर्मियों को दूसरी खुराक दी गई है, जो कुल संख्या का 37.5 प्रतिशत है। भूषण ने बताया कि वे लोग पात्र हैं जिन्हें 16, 17 और 18 जनवरी को टीके लगाए गए थे। अन्य लोगों को अभी दूसरी खुराक नहीं दी जानी है। टीकाकरण के प्रभावी होने का आकलन इस तथ्य पर किया जाना चाहिए कि दूसरी खुराक के लिए लोगों का अनुपात क्या है और उनमें से कितनी आबादी को कवर किया गया है। उन्होंने कहा कि अग्रिम पंक्ति के कुल 24,57,949 कर्मियों का टीकाकरण किया गया है जो 26.3 प्रतिशत है। भूषण ने कहा कि 14 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में 70 प्रतिशत से अधिक पंजीकृत स्वास्थ्य कर्मियों को पहली खुराक दी गई है जो राष्ट्रीय औसत 60 प्रतिशत से अधिक है। इन राज्यों में राजस्थान (70.09 प्रतिशत), सिक्किम (70.09 प्रतिशत), झारखंड (71.25 प्रतिशत), केरल (71.28 प्रतिशत), उत्तर प्रदेश (73.58 प्रतिशत), मध्य प्रदेश (75.16 प्रतिशत) और बिहार (80.92 प्रतिशत) शामिल हैं। वहीं दिल्ली (42.36 प्रतिशत), पंजाब (36.42 प्रतिशत), आंध्र प्रदेश (49.09 प्रतिशत) और कर्नाटक (49.96 प्रतिशत) सहित 11 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों ने 50 प्रतिशत से कम पंजीकृत स्वास्थ्य कर्मियों को पहली खुराक दी है। उन्होंने कहा कि हमने इन राज्यों को टीकाकरण का दायरा बढ़ाने के लिए और सत्र आयोजित करने के लिए कहा है।

## पुडुचेरी में...

इस्तीफा मांगते हुए कहा कि सरकार अल्पमत में है। पुडुचेरी की 33 सदस्यीय विधानसभा में अब विपक्ष के सदस्यों की संख्या भी 14 है। हालांकि, नारायणसामी ने विपक्ष की मांग को खारिज करते हुए दावा किया कि उनकी सरकार को सदन में बहुमत हासिल है। बता दें कि पुडुचेरी विधानसभा के लिए अगले कुछ महीनों में चुनाव होने वाले हैं। कुमार के इस्तीफे के साथ ही विधानसभा में स्पीकर सहित कांग्रेस के सदस्यों की संख्या 10 सदस्य रह गई है। जबकि उसके सहयोगी द्रमुक के तीन सदस्य हैं एवं निर्दलीय सदस्य भी नारायणसामी की सरकार को समर्थन दे रहा है। सदन में प्रभावी सदस्यों की संख्या के आधार पर बहुमत का आंकड़ा 15 है। पुडुचेरी विधानसभा का चुनाव अप्रैल में होने की उम्मीद है क्योंकि मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल 21 जून 2021 को समाप्त हो रहा है। कांग्रेस विधायक के इस्तीफे का घटनाक्रम पार्टी नेता राहुल गांधी के चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत करने आने के एक दिन पहले हुआ है। कुमार के इस्तीफा के बाद मंगलवार को विधानसभा में कांग्रेस के 10, द्रमुक के तीन, ऑल इंडिया एनआर कांग्रेस के सात, अन्नाद्रमुक के चार, भाजपा के तीन (सभी नामांकित एवं मत देने का अधिकार रखते हैं) और एक निर्दलीय विधायक रह गया है। कांग्रेस के चार विधायकों ने इस्तीफा दिया है जबकि एक विधायक को अयोग्य ठहराया गया है। कुमार ने कहा कि मैंने पार्टी से भी इस्तीफा दे दिया है। मैं इसकी चिट्ठी पुडुचेरी कांग्रेस समिति अध्यक्ष ए सुब्रमण्यम को भेज रहा हूं। नारायणसामी के विश्वासपात्र माने जाने वाले कुमार वर्ष 2019 में ही कामराज सीट से उपचुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचे थे। पार्टी सूत्रों ने संकेत दिया कि संभव है कि कुमार भाजपा में शामिल हों, क्योंकि माना जा रहा है कि पश्चिम बंगाल में भाजपा ने जिस तरह से तृणमूल नेताओं के पार्टी में शामिल कराया है उसी को वह पुडुचेरी में दोहराएगी, हालांकि, यहां पर यह बड़े पैमाने पर नहीं होगा। पिछले महीने भाजपा अध्यक्ष ने यहा एक रैली को संबोधित करते हुए आरोप लगाया था कि कांग्रेस भ्रष्टाचार में डूबी है और केंद्र शासित प्रदेश में 30 में से 23 से अधिक सीटें पर जीतकर सत्ता में आने का दावा किया था। कांग्रेस से विधायकों के इस्तीफे की शुरुआत पिछले महीने मंत्री ए नमास्सिवयम और ई थीप्पैनजान से शुरू हुई बाद में दोनों भाजपा में शामिल हो गए। मंत्री मल्लाडी कृष्णा राव ने भी सरकार से पहले इस्तीफा दिया और फिर सोमवार को विधायक पद से इस्तीफा दे दिया। पिछले साल जुलाई में एन धानवेलु को पार्टी विरोधी गतिविधियों की वजह से अयोग्य करार दिया गया था। नमास्सिवयम ने नारायणसामी पर हमला तेज करते हुए उनपर वरिष्ठ नेताओं को दबाने का आरोप लगाया। नेता प्रतिपक्ष एन रंगासामी ने मंगलवार को नारायणसामी सरकार से इस्तीफे की मांग की। उन्होंने कहा, सत्तारूढ़ दल के विधायक के इस्तीफे के बाद सरकार ने बहुमत खो दिया है। मुख्यमंत्री को स्वेच्छा से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा दे देना चाहिए। इस बीच नारायणसामी ने दावा किया कि सरकार को सदन में बहुमत हासिल है। उन्होंने पत्रकारों से कहा, हमारे विधायक एकजुट हैं। विपक्ष द्वारा सरकार से इस्तीफे की मांग उचित नहीं है...हम संवैधानिक प्रावधानों के तहत कार्य करेंगे।

## पुडुचेरी के...

अब पुडुचेरी की उपराज्यपाल नहीं रहेंगी। उन्होंने तेलंगाना की राज्यपाल तमिलिसाई सौंदर्याजन को अपने दायित्वों का निर्वहन करने के साथ ही पुडुचेरी के उपराज्यपाल की जिम्मेदारी निभाने के लिए नियुक्त किया है। यह नई जिम्मेदारी उनके नए उपराज्यपाल के पदभार ग्रहण करने के बाद से प्रभावी हो जाएगी और वह पुडुचेरी के उपराज्यपाल की नियमित व्यवस्था कर लिए जाने तक इस पद पर रहेंगी।

## चुनावी राज्य...

जाएंगे... हम पश्चिम बंगाल जाएंगे और वहां भी एक बड़ी सभा करेंगे। पश्चिम बंगाल के किसान राज्य सरकार के साथ साथ केंद्र के साथ कुछ समस्याओं का सामना कर रहा है। हम वहां भी एक पंचायत आयोजित करेंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या यात्रा पश्चिम बंगाल के आगामी विधानसभा चुनावों से जुड़ी होगी, टिकैत ने संवाददाताओं से कहा कि यह मामला नहीं है, हम किसानों के मुद्दों को लेकर वहां जाएंगे। हालांकि, हरियाणा बीकेयू के प्रमुख गुरनाम सिंह चढूनी ने महापंचायत को संबोधित करते हुए लोगों से अपील की कि वे पंचायत से संसद तक के चुनाव में ऐसी किसी व्यक्ति को वोट नहीं दें जो प्रदर्शनकारी किसानों की मदद नहीं करते हैं और उनके आंदोलन का समर्थन नहीं देते।

## कृषि सुधारों...

यही प्रयास किया गया। इस कड़ी में उन्होंने नेताजी सुभाषचंद्र बोस, सरदार वल्लभ भाई पटेल और बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, भारत के अनेक ऐसे सेनानी हैं, जिनके योगदान को अनेक वजहों से मान नहीं दिया गया। चौरी-चौरा के वीरों के साथ जो हुआ, वो क्या हम भूल सकते हैं? देश की 500 से ज्यादा रियासतों को एक करने का कठिन कार्य करने वाले सरदार पटेल जी के साथ क्या किया गया, इसे देश का बच्चा भी भली-भांति जानता है। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कार्यक्रम स्थल चित्तौरा, बहराइच में मौजूद थे। यह कार्यक्रम महाराजा सुहेलदेव की जयंती के उपलक्ष्य में उत्तर प्रदेश के बहराइच में आयोजित किया गया था। इस पूरी परियोजना में महाराजा सुहेलदेव की एक अश्वारोही प्रतिमा की स्थापना करना और एक कैफेटेरिया, अतिथि गृह तथा बच्चों के पार्क जैसी विभिन्न पर्यटन सुविधाओं का विकास करना शामिल है। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर महाराजा सुहेलदेव स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं महर्षि बालार्क चिकित्सालय, बहराइच का लोकार्पण भी किया। इस अवसर पर महाराजा सुहेलदेव पर रचित एक गीत सुनाया गया और एक वृत्त चित्र भी दिखाया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर कहा, सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के साथ प्रदेश वासियों को सुविधाएं दी जा रही हैं। सत्ता में आने के बाद मोदी सरकार ने महाराजा सुहेलदेव को लेकर कई कदम उठाए हैं। इससे पहले, फरवरी 2016 में तत्कालीन भाजपा प्रमुख अमित शाह ने भारत-नेपाल सीमा के पास बहराइच जिले में सुहेलदेव की एक प्रतिमा का अनावरण और उन पर एक पुस्तक का लोकार्पण किया था। इससे पहले केंद्र सरकार ने महाराजा सुहेलदेव की याद में एक विशेष टिकट जारी किया था और एक सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन सुहेलदेव एक्सप्रेस भी चलाई थी। यह ट्रेन पूर्वांचल के गाजीपुर से लेकर दिल्ली के आनंद विहार तक चलाई गई थी।

## मध्य प्रदेश...

सतना जा रही थी। उन्होंने बताया कि राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की टीम एवं स्थानीय प्रशासन अब भी राहत एवं बचाव कार्य में जुटी हुई है। उन्होंने कहा कि यह हादसा सुबह करीब साढ़े सात बजे हुआ और उस समय नहर में करीब 25 फुट गहरा पानी था। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस घटना पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा, सीधी की दुर्भाग्यपूर्ण घटना को लेकर मैं लगातार प्रशासन और राहत कार्य में जुटे लोगों के संपर्क में हूं। मन बहुत व्यथित है। उन्होंने कहा, इस दुर्घटना में हमारे जो भाई-बहन नहीं रहे, उनके परिजनों को पांच-पांच लाख रुपए की सहायता राशि तत्काल दी जाएगी। मेरी अपील है कि सभी धैर्य रखें। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, मृतकों के परिजनों को तात्कालिक सहायता के रूप में 10-10 हजार रुपए भी दिए गए हैं। चौहान ने कहा कि इस हादसे में घायल लोगों के इलाज की सारी व्यवस्था प्रदेश सरकार करेगी। उन्होंने कहा कि हम इन लोगों का निशुल्क इलाज करेंगे। उन्होंने बताया कि अब तक 39 शवों के पोस्टमॉर्टम कर लिए गए हैं और इनमें से 34 को प्रशासन द्वारा उनके परिजनों के साथ उनके गांवों के लिए रवाना कर दिया गया है, जबकि बाकी शवों को जल्द ही उनके गांवों तक रवाना कर दिया जाएगा। इसी बीच, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्य प्रदेश के सीधी जिले में भयावह बस दुर्घटना को लेकर मंगलवार को शोक जताया और हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों को दो-दो लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने को मंजूरी दी। मोदी ने कहा, मध्य प्रदेश के सीधी में बस दुर्घटना भयावह है। शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना। स्थानीय प्रशासन बचाव और राहत कार्य में सक्रिय रूप से शामिल है। उनके कार्यालय ने एक ट्वीट में कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्य प्रदेश के सीधी में बस दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो-दो लाख रुपए की अनुग्रह राशि मंजूर की है। गंभीर रूप से घायलों को 50-50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी।

## मिथुन से...

चक्रवर्ती की मुलाकात को पश्चिम बंगाल की राजनीति से जोड़कर देखा जा रहा है। संघ प्रमुख भागवत से मुलाकात और भाजपा में शामिल होने के सवाल पूछे जाने पर अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती कहा कि संघ प्रमुख से मेरे व परिजनों से गहरे और आत्मीय संबंध हैं, यह मुलाकात उसी कारण से हुई। फिर उन्होंने मजाकिया लहजे में कहा कि क्या मैं पश्चिम बंगाल में सीएम का चेहरा हूं। अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती इससे पहले नागपुर और लखनऊ में संघ प्रमुख मोहन भागवत से मिल चुके हैं। तभी से मैं उनसे जुड़ा हुआ हूं। अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती के अनुसार मैंने मोहन भागवत को घर आने का आमंत्रण दिया था। इसी क्रम में वो आज मेरे घर आए हैं। माना जा रहा है कि मिथुन चक्रवर्ती पश्चिम बंगाल में भाजपा की तरफ से स्टार प्रचारक हो सकते हैं। भारतीय जनता पार्टी ने पश्चिम बंगाल में पार्टी की जड़ों को मजबूत करने के लिए आक्रामक तरीके से जुटी हुई है। इसी क्रम में अध्यक्ष जेपी नड्डा ने परिवर्तन यात्रा का आगाज किया था। इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल में सभा कर पार्टी की जीत के लिए अभी से पूरा जोर लगा दिया है। इसके साथ ही तृणमूल कांग्रेस से कई नेता पिछले दिनों भाजपा में शामिल हुए हैं। इनमें वो नेता भी शामिल हैं जो पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी के बेहद खास थे।

## अचानक तीव्र...

अंत में लगभग सात गुना वृद्धि होगी। वर्षा, वाष्पीकरण या मिट्टी की नमी में बदलाव से तीव्र सूखे की पहचान की जा सकती है। आईआई गांधीनगर के सिविल इंजीनियरिंग के एसोसिएट प्रोफेसर और अध्ययन के प्रमुख लेखक मिश्रा ने याद किया कि 1979 में मानसून के सीजन की शुरुआत के लगभग 125 दिनों बाद मिट्टी की नमी बहुत अधिक थी, लेकिन 10 दिनों के भीतर, मिट्टी की नमी बहुत जल्दी खत्म हो गई, क्योंकि वहां सूखे की स्थिति बनने लगी थी और तापमान बहुत अधिक था। इसमें औसतन 2 डिग्री सेंटीग्रेड से अधिक की वृद्धि हुई थी।

# भारत की इंग्लैंड पर रिकार्ड जीत

## अक्षर पटेल व रविचंद्रन अश्विन की शानदार गेंदबाजी

**317 रन से जीत दर्ज कर चार मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर की**

**भारत टेस्ट चैंपियनशिप के दूसरे स्थान पर पहुंचा**




**भाषा** । चेन्नई

**अक्षर** पटेल और रविचंद्रन अश्विन ने मनमाफिक परिस्थितियों में इंग्लैंड को अपने स्पिन जाल में फंसाकर भारत को दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में मंगलवार को यहां चौथे दिन ही 317 रन से रिकार्ड जीत दिलाई जिससे चार मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर हो गई। भारत ने इस जीत से विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। इससे वह चैंपियनशिप तालिका में न्यूजीलैंड के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। भारत को जून में लार्ड्स में होने वाले फाइनल में खेलने के लिए श्रृंखला में अब कम से कम 2-1 से जीत दर्ज करनी होगी।

बाएं हाथ के स्पिनर पटेल ने 60 रन देकर पांच विकेट लिए। वह नौवें भारतीय हैं जिन्होंने अपने पदार्पण मैच में पांच विकेट लिए। भारत की दूसरी पारी में शतक जड़ने वाले ऑफ स्पिनर अश्विन ने 53 रन देकर तीन विकेट हासिल किए, जबकि बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव (25 रन देकर दो) ने बाकी बचे दो विकेट लिए। इससे इंग्लैंड की टीम 482 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए चौथे दिन लंच के कुछ देर बाद 164 रन पर ढेर हो गई। भारत की यह रनों के लिहाज से पांचवीं बड़ी जीत है। इंग्लैंड के खिलाफ उसने अपनी अब तक की सबसे बड़ी जीत दर्ज की। इससे पहले उसने 1986 में लीड्स में 279 रन से जीत हासिल की थी। भारत ने अपनी सबसे बड़ी छह जीत में से पांच जीत विराट कोहली की अगुवाई में दर्ज की हैं।

### हमने धैर्य और दृढ़ संकल्प दिखाया: कोहली

**चेन्नई**। भारतीय कप्तान विराट कोहली ने मंगलवार को स्पिन के अनुकूल चेपॉक पिच की आलोचना को खारिज करते हुए कहा कि उनकी टीम ने दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ जीत दर्ज करने के लिए काफी धैर्य और दृढ़ संकल्प दिखाया तथा यहां टॉस का ज्यादा महत्व नहीं था। स्पिनरों की मददगार पिच पर भारत ने इंग्लैंड को 317 रन की करारी शिकस्त दी। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वान ने इस पिच की कड़ी आलोचना की थी। कोहली ने मैच के बाद पुरस्कार समारोह में कहा कि हम पिच पर स्पिन और उछाल देखकर घबराए नहीं। हमने मैच में धैर्य दिखाया और 600 से अधिक रन बनाए। हम जानते हैं कि अगर हम इतने रन बनाते है तो हमारे गेंदबाज अपना काम बखूबी ही करेंगे। केविन पीटरसन जैसे पूर्व खिलाड़ियों ने पहले दिन से ही पिच से मिल रही टर्न का मजाक उड़ाया था और इसे टेस्ट मैच के लिए हिम्मत वाला पिच करार दिया था क्योंकि अगर भारतीय टीम टॉस हारती तो उसे बाद में बल्लेबाजी करनी पड़ती। कोहली ने कहा कि टॉस अधिक मायने नहीं रखता था। उन्होंने कहा कि अगर आपने हमारी दूसरी पारी को देखा होगा तो हमने करीब 300 रन बनाए थे। टॉस कोई भी जीतता इसका ज्यादा फर्क नहीं पड़ता।

### इंग्लैंड को जल्द सीखने की जरूरत: जो रूट

**चेन्नई**। इंग्लैंड के कप्तान जो रूट ने दूसरे टेस्ट मैच में भारत से करारी शिकस्त मिलने के बाद कहा कि उनकी टीम के लिए यह किसी सबक की तरह था और उन्हें विरोधी टीम से सीखने की जरूरत है। अक्षर पटेल और रविचंद्रन अश्विन की फिरकी गेंदबाजी के इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने घुटने टेक दिए। उन्होंने कहा कि हमारे लिए यह किसी शिक्षा की तरह था। हमें जल्दी से सीखना होगा क्योंकि कई बार आपको ऐसी परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है।

चेन्नई की पिच को लेकर इंग्लैंड के खेमे में काफी होहल्ला मचा रहा लेकिन इसी विकेट रोहित शर्मा ने पहली पारी में 161 रन बनाए जबकि आठवें नंबर के बल्लेबाज अश्विन ने दूसरी पारी में 106 रन की पारी खेली। इसके अलावा अंजिक्य रहाणे, ऋषभ पंत और कोहली ने भी अर्धशतक जमाए। इंग्लैंड की तरफ से कोई भी बल्लेबाज अर्धशतक तक नहीं पहुंचा। यह 1995 के बाद पहला मौका है जबकि इंग्लैंड की टीम का दोनों पारियों का कुल योग 300 रन तक नहीं पहुंच पाया। अश्विन ने मैच में आठ विकेट भी लिए और उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। इंग्लैंड ने सुबह तीन विकेट पर 53 रन से आगे खेलना शुरू किया। उसके बल्लेबाज शुरू से भारतीय स्पिनरों की बलखाती गेंदों पर चकमा खाते रहे।

मोईन अली ने अंतिम क्षणों में तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी करके 18 गेंदों पर 43 रन बनाए और भारत को टेस्ट मैचों की अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज करने से रोका। कुलदीप ने उन्हें स्टंप आउट कराकर इंग्लैंड की पारी का अंत किया। उनके अलावा इंग्लैंड के कप्तान जो रूट (92 गेंदों पर 33 रन) ही एकमात्र ऐसे बल्लेबाज थे जो स्पिनरों को थोड़ा आत्मविश्वास के साथ खेल पाए। वह लंच से ठीक पहले पवेलियन लौट जाते लेकिन मोहम्मद सिराज ने कुलदीप की गेंद पर उनका आसान कैच टपका दिया। लंच के तुरंत बाद बाद हालांकि पटेल ने उन्हें स्लिप में कैच देने के लिए मजबूर किया। इसके बाद मोईन ने पांच छक्के लगाकर हार का अंतर कम किया लेकिन इंग्लैंड की हार की इबारत मैच के दूसरे दिन ही लिख दी गई थी जब उसकी टीम भारत के 329 रन के जवाब में 134 रन पर आउट हो गई थी। भारत ने दूसरी पारी में 282 रन बनाकर बड़ी जीत सुनिश्चित की थी। इंग्लैंड चौथे दिन थोड़ा भी संघर्ष नहीं कर पाया। स्थानीय खिलाड़ी अश्विन ने दिन की अपनी पहली गेंद पर ही डैन लॉरेन्स (26) को पवेलियन की राह दिखाई। ऋषभ पंत ने बड़ी खूबसूरती से उन्हें स्टंप आउट किया। ओली पोप (12) ने पटेल की गेंद पर स्लॉग स्वीप करके इशांत शर्मा को कैच का अभ्यास कराया। फॉक्स ने लंच से ठीक पहले कुलदीप की गेंद पर गलत टाइमिंग से स्वीप शॉट खेला जिसे पटेल ने आसानी से कैच में बदला। पटेल ने लंच के बाद रूट और ओली स्टोन को आउट करके पारी में पांच विकेट लेने का कारनामा किया। इंग्लैंड ने इसी स्थान पर पहला मैच 227 रन से जीता था। अगले दोनों मैच अहमदाबाद के सरदार पटेल मोटेरा स्टेडियम में खेले जाएंगे। तीसरा टेस्ट 24 फरवरी से शुरू होगा।

**स्कोर बोर्ड**

भारत पहली पारी: 329
इंग्लैंड पहली पारी: 134
भारत दूसरी पारी: 286
इंग्लैंड दूसरी पारी: रोरी बर्न्स का कोहली बो अश्विन 25, डोम सिब्ली पगबाधा बो अक्षर 03, डैन लॉरेन्स स्टं. पंत बो अश्विन 26, जैक लीच का रोहित बो अक्षर 00, जो रूट का रहाने बो अक्षर 33, बेन स्टोक्स का कोहली बो अश्विन 08, ओली पोप का इशांत बो अक्षर 12, बेन फॉक्स का अक्षर बो कुलदीप 02, मोईन अली स्टं. पंत बो कुलदीप 43, ओली स्टोन पगबाधा अक्षर 00, स्टुअर्ट ब्रॉड नाबाद 05
अतिरिक्त (बाई 06, लेग बाई 01) : 07
कुल: (54.2 ओवर में सभी आउट) : 154
विकेट पतन :1-17, 2-49, 3-50 , 4-66 , 5-90 , 6-110 , 7-116 , 8-116, 9-126
गेंदबाजी: इशांत 6-3-13-0, अक्षर 21-5-60-5, अश्विन 18-5-53-3, सिराज 3-1-6-0, कुलदीप 6.2-1-25-2

**मेलबर्न**। सेरेना विलियम्स ने मंगलवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन के क्वार्टर फाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त सिमोना हालेप को 6-3, 6-3 से हराया।

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform to public at large that my client Smt. Chanchal Rani W/o Late sh. Surjit Singh Kanwar, R/o WZ-922A/2, Gali NO. 14A/2, Sadh Nagar, Palam Colony, New Delhi, is owner and in possession of above said property. The son of my client Ashwani Kumar and his wife Asha and their daughter namely Nidhi are out of her control and due to their misbehave & misconduct, my client has no concerned with them and disowned them from all her moveable and immovable properties, present and future for all purpose and intent. If any person deals with them in any manner whatsoever, shall be his own risk and responsibility and my client shall not be responsible for any act done by them or towards any liability. They are not in talking terms with my client. All relationships between them and my client have been broken down permanently.

VIKRAM SAINI
Advocate

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given by **Mrs. PremLata Devi W/o Mr.Ranjeet** who is the owner of **LAND ADMEASURING 30.00 SQ. YDS., OUT OF KHASRA NO.125, SITUATED AT KALA ENCLAVE KHORA ENCLAVE PARGANA LONI, TEHSIL & DISTT:- GHAZIABAD, U.P.** That the **Original Sale Deed dated 20.02.2001** executed by **Mr. Samay Singh** in favour of **Mr. Sadhu Saran Dass** for Khasra No.125 Situated at Kala Enclave Khora Enclave Pargana Loni, Tehsil & Distt:-Ghaziabad. U.P.**(Doc. No. 1122)** in respect of above mentioned property has been lost/ misplaced. Public is being warned not to deal with the said document. Any person dealing with the said document would do so at their own risk & responsibility. Owner shall not be liable in any manner whatsoever for any loss incurred by such person. If anybody found these document or notice any misuse of the above mentioned document, Concern person is required to communicate in writing to the undersigned, at below address.

**Lucem Legal LLP**
**269, Rama House, Ground Floor, Masjid Moth ,Opp. Uday Park, South Ext.II, New Delhi-49, Contact #011-40046316**

**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मकान संख्या C-102A, सैक्टर-20, नौएडा, जिसके मूल आबंटी Brijesh Kumar Chaturvedi, नि0 C-102A, सैक्टर-20, नौएडा हैं, ने TM के आधार मकान Sunita Nath पत्नी M.N Hareendra Nath नि0 C-102A, सैक्टर-20, नौएडा को बेचा
Sunita Nath ने पंजीकृत मुख्तार नामा आम के आधार पर Rajan Singh S/o Mahendra Singh नि0 B-494A Sector-19, Noida को दिनांक 31/01/2000 को बेचा । जो सब रजिस्ट्रार नौएडा जिला गौतमबुद्ध नगर उ0 प्र0 पंजीकृत हैं vide Book No.IV, Volume No.290, at pages63, dated 31/01/2000
इस सूचना के माध्यम से सभी सम्बंधित व्यक्ति/व्यक्तियों को सूचित करना है कि उपरोक्त मकान by Rajan Singh S/o Mahendra Singh R/o C-102A, Sector-20, Noida हस्तातरण Sakshi Sharma W/o Darpan, R/o C-102B, Sector-20, Noida & Darpan S/o Sarvesh Kumar R/o C-102B, Sector-20, Noida के नाम हो रहा है।
यदि इस सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो कृपया अपनी आपत्ति तय सबूत के साथ नौएडा प्राधिकरण के आवासीय भवन विभाग में इस सूचना के प्रकाशन की तिथी से 15 दिन के अन्दर जमा करें।

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि स्व: श्री विनोद ब्रिजलाल चोपडा (विनोद चोपडा) (आधार नं0 990585333381)पुत्र स्व: श्री ब्रिजलाल चोपडा निवासी मकान नं0 बी-119, सेक्टर-105, नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर उ0प्र0 के वसीयतनामा के आधार पर आवासीय मकान नं0 बी-119, सेक्टर-105, नोएडा जिला गौतमबुद्ध नगर उ0प्र0 जो उप निबन्धक कार्यालय द्वितीय नोएडा, में बही नं0 1 जिल्द सं0 8181 पेज नं0 319 से 356 पर दस्तावेज नं0 9084 दिनांक 05.09.2016 में पंजीकृत है। अतः उक्त मकान का नामान्तरण श्री करण मनोचा (पेन नं0 ABFPM9426J) पुत्र श्री महिन्द्र मनोचा निवासी बी-119, सेक्टर-105, नोएडा जिला गौतमबुद्ध नगर उ0प्र0 पक्ष में स्थानांतरित किया जा रहा है। अतः इस सूचना के द्वारा सभी सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण में किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो वह पूरे सबूतों के साथ अपनी आपत्ति नोएडा विकास प्राधिकरण की आवासीय भवन विभाग में इस सूचना के जारी होने के 30 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति दाखिल करे।

श्री करण मनोचा

**CSB Bank**
Formerly The Catholic Syrian Bank Ltd.
(ग्रेटर कैलाश ।। - नई दिल्ली में अवस्थित शाखा)

**स्वर्ण नीलामी सूचना**

सीएसबी बैंक लिमिटेड, ग्रेटर कैलाश ।। शाखा ने निम्नवर्णित कर्जदार/कर्जदारों को स्वर्ण आभूषणों के बंधक के एवज में स्वर्ण ऋण प्रदान किया था। उनको सूचना जारी की गई थी, जिसमें उनसे राशि और उस पर ब्याज तथा प्रभारों को चुकाने की मांग की गई थी। चूंकि वे संबंधित खाता/खातों में बकाया राशि का भुगतान करने में असफल रहे हैं, हम सार्वजनिक नीलामी में स्वर्ण आभूषणों की बिक्री द्वारा राशि वसूल करने हेतु बाध्य हैं और यदि नीलामी से अपेक्षित राशि वसूल नहीं होती है, तो बैंक प्राइवेट ट्रीटीज/कॉन्ट्रैक्ट द्वारा बिक्री की कार्यवाही करेगा। बैंक का, बिना कोई कारण बताए, नीलामी की तिथि और स्थान आगे बढ़ाने/बदलने का अधिकार सुरक्षित है।

| क्र. सं. | कर्जदार का नाम | बंधक आइटम्स का सकल भार (ग्राम में) | अतिदेय स्वर्ण ऋण खाता नंबर | राशि | 14-02-2021 तक बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री जय प्रकाश | 7.1 | 0296-04105142-000001 | रू. 14800/- | रू. 17583/- |
| 2 | श्रीमती वनिता टुटेजा | 399.1 | 0296-07279148-000001 | रू. 1459000/- | रू. 1506487/- |

नीलामी सीएसबी बैंक लिमिटेड, ग्रेटर कैलाश ।। शाखा के एम-17, मेन मार्किट, जीके ।।, नई दिल्ली-110048 स्थित परिसर में 23-02-2021 को आयोजित की जाएगी। इच्छुक पार्टियां शाखा प्रबंधक से उपरोक्त पते पर सम्पर्क कर सकती हैं। प्रतिभागियों को नीलामी की तिथि को नीलामी में पैन कार्ड की प्रति, पासपोर्ट आकार की फोटो, वैध पहचान प्रमाण और पता प्रमाण के साथ भाग लेना चाहिए।
स्थान : दिल्ली
तिथि : 15-02-2021
शाखा प्रबंधक

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr. P. C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया कि अभियुक्त **गोविंद उर्फ डैनी पुत्र सुमन सिंह थापा** निवासी J-556, दक्षिण पुरी, दिल्ली ने **FIR No. 125/20 U/s 307/302/34 IPC & 25/27 Arms Act थाना प्रीत विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या सन्देह है कि उन्होने किया हैं) और उन पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **गोविंद उर्फ डैनी पुत्र सुमन सिंह थापा** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में प्रदर्शित कर दिया गया है कि उक्त **गोविंद उर्फ डैनी पुत्र सुमन सिंह थापा** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 125/20 U/s 307/302/34 IPC & 25/27 Arms Act** के उक्त अभियुक्त **गोविंद उर्फ डैनी पुत्र सुमन सिंह थापा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 25.03.2021 को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री पंकज अरोड़ा, एलडी. एसीएमएम
कडकडडूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/357/ED/2021-
Court matter

**पहचान की अपील**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह व्यक्ति जिसका **नाम**: नामालूम, **पुत्र**: नामालूम, **पता**: नामालूम, **उम्र**: 45 साल, **लिंग**: पुरूष, **रंग**: साँवला, **चोट का निशान**: शरीर दो भागों में कटा हुआ, **कद**: 5'5", **पहनावा**: काले रंग की चेकदार शर्ट, ग्रे रंग की पैंट व नीले रंग के जूते पहने हुए, जो दिनांक 12.02.2021 को रात 11:30 बजे किलोमीटर पोल नं. 1518/21, तुगलकाबाद रेलवे स्टेशन, नई दिल्ली मे मृत पाया गया।

इस संदर्भ में DD No. 29A, दिनांक 12.02.2021 थाना हज़रत निज़ामुद्दीन रेलवे स्टेशन, नई दिल्ली में दर्ज है।

पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अबतक इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

थाना प्रभारी
थाना हज़रत निज़ामुद्दीन रेलवे स्टेशन, नई दिल्ली

DP/59/RLY/2021
फोन: 011-24356743, 024358593

# टर्न लेती पिचों पर असहाय नजर आते है इंग्लैंड के बल्लेबाज: अश्विन

**भाषा** । चेन्नई

**मेजबान** टीम की मददगार पिचें तैयार करने पर छिड़ी बहस के बीच रविचंद्रन अश्विन ने क्रिकेटप्रेमियों और भारत के क्रिकेट समुदाय से अनुरोध किया है कि इस तरह के आरोपों का बेहतर ढंग से सामना करें। यह पूछने पर कि क्या इंग्लैंड और आस्ट्रेलिया की टीमों को यह स्वीकार कर लेना चाहिए कि टर्न लेती पिचों पर वे अच्छी स्पिन गेंदबाजी का सामना नहीं कर पाते, अश्विन ने कहा कि आखिर में तो इन सब बातों से परेशान हम हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि हर किसी को राय रखने का अधिकार है और जो भी राय दे रहा है, यह उसका हक है। हम इस पर तवज्जो दे रहे हैं और देख रहे हैं कि यह काम कर रहा है या नहीं। उन्होंने कहा कि एक क्रिकेट समुदाय या एक देश के रूप में इस तरह के आरोपों का बेहतर ढंग से सामना करना चाहिए। हमें गर्व से कहना चाहिए कि हम अच्छा क्रिकेट खेल रहे हैं। अश्विन ने कहा कि भारतीय टीम की भी पिचों के बारे में राय हो सकती है लेकिन विदेशी हालात में किसी खिलाड़ी या पूर्व दिग्गजों ने सीम लेती विकेटों को लेकर शिकायत नहीं की। उन्होंने कहा कि इंग्लैंड के क्रिकेट विशेषज्ञ क्या बोलते हैं, उससे मुझे कोई परेशानी नहीं है क्योंकि हम भी विदेश दौरे पर अपनी राय रखेंगे, लेकिन हम कभी शिकायत नहीं करते। उन्होंने कहा कि मैने कभी अपने महान खिलाड़ियों को शिकायत करते नहीं देखा। चाहे हमारे कोच रवि शास्त्री हों या सुनील गावस्कर। इन्होंने कई दौरे किए और पिच पर घास होने की बात कही लेकिन शिकायत नहीं की। अश्विन ने किसी इंग्लिश पूर्व खिलाड़ी का नाम नहीं लिया लेकिन वह पूर्व कप्तान माइकल वॉन की बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमें लोगों की राय का सम्मान करना चाहिए लेकिन उसका बेहतर तरीके से विरोध भी करना आना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोग कई बार गैर जरूरी सलाह देते रहते हैं और पांच साल में यही हुआ जब वह बल्ले से अच्छा नहीं खेल सके। अश्विन ने कहा कि भारत में हमें तरह तरह की राय मिलती है लेकिन कई बार यह गैर जरूरी भी होती है।

**THE PIONEER CLASSIFIEDS**

**CHANGE OF NAME**

**I, Sanjay Kumar, S/o.** Foolchandra, R/o. Rustampur Raje Pur, Unnao Uttar Pradesh-241501 have changed my name from Sanjay Kumar to Mohammad Umar Warsi on 10.02.2021 for all purposes.
PD(8913)A

**I, Raushan Kumar Jha, S/o.** Ram Kishore Jha, R/o. 3A/B, Taiyabba Apartment, Sultan Lane, Kanta Toli, Ranchi, Jharkhand-834001 have changed my name from Raushan Kumar Jha to Raushan on 15.02.2021 for all purposes.
PD(8915)A

**CHANGE OF RELIGION**

**I, Sanjay Kumar, S/o.** Foolchandra, R/o. Rustampur Raje Pur, Unnao Uttar Pradesh-241501 have changed my religion from Hindu to Islam (Muslim) w.e.f. 10.02.2021
PD(8914)A

**I, Raushan Kumar Jha, S/o.** Ram Kishore Jha, R/o. 3A/B, Taiyabba Apartment, Sultan Lane, Kanta Toli, Ranchi, Jharkhand-834001 have changed my religion from Hindu to Islam (Muslim) w.e.f. 03.01.2012.
PD(8916)A

# उबरने की राह पर है भारतीय अर्थव्यवस्था: एसएंडपी

**भाषा** । नई दिल्ली

**एसएंडपी** ग्लोबल रेटिंग्स ने मंगलवार को कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था एक अप्रैल से शुरू हो रहे अगले वित्त वर्ष में उबरने की राह पर है। एजेंसी ने कहा कि कृषि क्षेत्र के लगातार अच्छे प्रदर्शन, कोविड-19 के संक्रमण की कम होती रफ्तार और सरकारी व्यय में तेजी से अर्थव्यवस्था को समर्थन मिल रहा है। एसएंडपी ने कहा कि पुनरुद्धार जारी रखने के लिए भारत को कई चीजों को सही करने की जरूरत है। भारत को शीघ्रता से अपनी 1.4 अरब की आबादी को टीके लगाने की जरूरत है। एसएंडपी ने क्रॉस सेक्टर आउटलुक: इंडियाज एस्केप फ्रॉम कोविड शीर्षक रिपोर्ट में कहा कि कोविड-19 के अधिक संक्रामक रूप लेने तथा टीके से उत्पन्न की जा रही प्रतिरोधकता को अक्षम बनाने से इस पुनरुद्धार को जोखिम पैदा हो सकता है। इसके अलावा वैश्विक स्तर पर जो वित्तीय उपाय किए गए हैं, उन्हें समय से पहले वापस ले लिए जाने का भी जोखिम है। एजेंसी ने कहा कि वित्त वर्ष 2021-22 का बजट भी अपेक्षित से अधिक खर्चों के माध्यम से पुनरुद्धार का समर्थन करेगा। भारत की वृद्धि की संभावनाएं उसके अधिक आक्रामक राजकोषीय रुख से जुड़े उच्च घाटे को संभाले रखने की क्षमता के लिए महत्वपूर्ण हैं। अर्थव्यवस्था स्थिरता से पुनरुद्धार की ओर बढ़ रही है और अभी भी महत्वपूर्ण जोखिमों का सामना कर रही है। हम अनुमान लगाते हैं कि भारत उत्पादन के मोर्चे पर महामारी से पहले की गति की तुलना में एक स्थाई नुकसान का सामना करने जा रहा है, जो सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के करीब 10 प्रतिशत के बराबर का दीर्घकालिक हो सकता है।

# बेयरस्टॉ और वुड इंग्लैंड की टीम में मोईन को विश्राम

**चेन्नई**। इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ अहमदाबाद में 24 फरवरी से शुरू होने वाले तीसरे दिन रात्रि टेस्ट मैच के लिए मंगलवार को विकेटकीपर बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टॉ और तेज गेंदबाज मार्क वुड को अपनी टीम में शामिल किया। चयनकर्ताओं ने इसके साथ ही चलाई गई रोटेशन नीति का पालन कर तीसरे टेस्ट के लिए टीम घोषित की है: जो रूट (कप्तान), जेम्स एंडरसन, जोफ्रा आर्चर, जॉनी बेयरस्टॉ, डोमिनिक बेस, स्टुअर्ट ब्रॉड, रोरी बर्न्स, जैक क्रॉली, बेन फॉक्स, डैन लॉरेन्स, जैक लीच, ओली पोप, डोम सिबली, बेन स्टोक्स, ऑली स्टोन, क्रिस वोक्स, मार्क वुड।

**PUBLIC NOTICE**

My Client Smt. Jasbir Kaur W/o Darshan Singh R/o M-62 Vikas Puri Delhi-18 has disowned their son Iqbal Singh S/o Darshan Singh and his wife Gulsheen Kaur and their sons Nihal Singh and Anhad Singh from all their movable and immovable properties and severed all their relations with them as they are not in control of my clients.
If anybody deals with them, he/she shall do so at his/her own risk and my clients shall not be responsible for any act and deeds.
Ravinder Kaur (Advocate)
D/1657-A/2011

**सूचना**

मैं राधे श्याम गर्ग सुपुत्र पुरुषोतम दास निवासी मकान नं. 1958/4 राजेन्द्रा कॉलोनी ज्योति लक्ष्मण रोलर फ्लोर मिल्स भिवानी रोड, रोहतक। मेरी रजिस्ट्री प्लॉट नं. 682 सेक्टर 1 रजिस्ट्री नं. 8460 रोहतक दिनांक 11.01.2021 नजदीक पुराना बस स्टैण्ड जिला रोहतक में गुम हो गई है। अगर किसी को यह रजिस्ट्री प्राप्त हो तो उपरोक्त पते पर भेज दें।

**Form No. URC-2**

Advertisement giving notice about registration under Part I of Chapter XXI
[Pursuant to section 374(b) of the companies Act, 2013 and rule 4(1) of the companies (Authorised to Register) Rules, 2014]

1. Notice is hereby given that in pursuance of sub-section (2) of section 366 of the Companies Act, 2013, an application has been made to the Registrar of Companies at Delhi that **CELLGEN BIOPHARMA LLP** a LLP, may be registered under Part I of Chapter XXI of the Companies Act 2013, as a company limited by shares.
2. The principal objects of the company are as follows:
To take over the running business of the LLP "Cellgen Biopharma LLP" and to carry on the business of Sales, Marketing, Export & Import of Neutraceuticals, Pharmaceuticals, Biological and Ayurvedic medicines, Diagnostic Services and Medical Tourism.
3. A copy of the draft memorandum and articles of association of the proposed company may be inspected at the office at SF-1 A & B, RISHABH IPEX MALL, IP EXTENSION, DELHI-110092.
4. Notice is hereby given that any person objecting to this application may communicate their objection in writing to the Registrar at SF-1 A & B, RISHABH IPEX MALL, IP EXTENSION, DELHI-110092, within twenty one days from the date of publication of this notice, with a copy to the company at its registered office.
Dated this 13th day of February 2021.
Name(s) of Applicant
1. Akhil Gupta
2. Raghvendra Singh Kushwah

**CSB Bank**
Formerly The Catholic Syrian Bank Ltd.
बी-1ए/6, सेक्टर-51, कॉमर्शियल मार्किट, नोएडा-201 301

**स्वर्ण नीलामी सूचना**

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि इस शाखा में बंधक रखे गए और समुचित सूचनाओं के बाद छुड़ाए नही गए स्वर्ण आभूषण, बृहस्पतिवार, 25 फरवरी, 2021 को अप. 03.00 बजे सीएसबी बैंक लिमिटेड की बी-1ए/6, सेक्टर-51, कॉमर्शियल मार्किट, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश-201 301 में अवस्थित नोएडा शाखा में नीलाम किए जाएंगे।

| क्र. सं. | कर्जदार का नाम | बंधक आइटम्स का सकल भार (ग्राम में) | अतिदेय स्वर्ण ऋण खाता नंबर | राशि | 16-02-2021 तक बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गौरी | 176.1 | 0297-07272022-000001 | रू. 647518/- | रू. 686828/- + ब्याज |
| 2 | राजकुमार | 55.89 | 0297-07272259-000001 | रू. 199000/- | रू. 210828/- + ब्याज |
| 3 | राजकुमार | 51.7 | 0297-07272259-000002 | रू. 193000/- | रू. 201839/- + ब्याज |
| 4 | प्रबीर | 66.90 | 0297-04052212-000003 | रू. 199000/- | रू. 210506.25/- + ब्याज |

आवश्यकता की स्थिति में, बैंक के नीलामी निरस्त/प्रास्थगित करने के सभी अधिकार सुरक्षित हैं।
स्थान : नोएडा
तिथि : 16-02-2021
शाखा प्रबंधक
सम्पर्क : 9072601297 ; 8791921272

**कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड**
डी-10, डी-ब्लॉक, वसंत विहार, दिल्ली-110 057, टेलीफोन नंबर (011)-46093674/8, सीआईएन : एल65110एमएच1985पीएलसी038137

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण तथा पुनरनिर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ("सरफासी ऐक्ट") के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत मैसर्स बिजनेस इंडिया पब्लिकेशन्स लिमिटेड की अचल आस्ति की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना

जबकि, कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड ("केएमबीएल") ने मैसर्स बिजनेस इंडिया पब्लिकेशन्स लिमिटेड (इसमें आगे "कर्जदार" कही गई है) को क्रेडिट सुविधाएं मंजूर की थीं।

जबकि, कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड ("केएमबीएल") के प्राधिकृत अधिकारी ने सरफासी ऐक्ट की धारा 13(2) के प्रावधानों के तहत मांग सूचना जारी की थी तथा कर्जदार और गारंटर नामतः मैसर्स डोना बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड, मैसर्स विजडम बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड, मैसर्स वर्च्यू एक्सिम प्राइवेट लिमिटेड और श्री अशोक एच एडवानिटो से उसमें वर्णित राशियों का भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी। उक्त मांग का अनुपालन नहीं किया गया। मांग की गई राशि चुकाने में असफलता के अनुसरण में और तदुपरांत सरफासी ऐक्ट की धारा 13 (9) के तहत अन्य ऋणदाताओं की सहमति से, प्राधिकृत अधिकारी ने यहां नीचे वर्णित सम्पत्तियों का भौतिक कब्जा, सरफासी ऐक्ट और तदधीन अधिनियमित नियमों के प्रावधानों का पालन करते हुए प्राप्त कर लिया। सरफासी ऐक्ट की धारा 13 (4) और उसके नियमों के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, अधोहस्ताक्षरी ने उक्त सम्पत्ति ई-नीलामी द्वारा बेचने का निर्णय किया है।

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को और विशेष रूप से कर्जदार और गारंटरों को सूचना दी जाती है कि यहां नीचे वर्णित सम्पत्तियां दिनांक 20-05-2014 तक बकाया राशि रू. 3,88,25,320.26 + 21-05-2014 से वसूली की तिथि तक 24 प्रतिशत वार्षिक की दर पर ब्याज, सभी अनुषंगी लागतों, प्रभारों तथा खर्चों की वसूली के लिए "जैसी है जहां है", "जैसी है जो है" तथा "जो भी है वहां है" आधार पर 05 मार्च, 2021 को ई-नीलामी के माध्यम से बेची जाएंगी।

नीलामी/बोलीदान मैसर्स ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नालॉजीज लिमिटेड (ऑक्शन टाइगर) की वेबसाइट/पोर्टल **https://kotakbank.auctiontiger.net** पर "ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक मोड" द्वारा संचालित किया जाएगा। ईएमडी राशि का भुगतान एनईएफटी/आरटीजीएस/चैक/डीडी द्वारा केएमबीएल मुंबई के ई-नीलामी खाते नामतः "कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड, मलाड (ईस्ट) मुंबई, शाखा, आईएफएससी कोड नंबर : केकेबीके0000646 में कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड ई-नीलामी खाता, खाता नंबर 8411307138 में करना होगा। ईएमडी राशि के बिना प्रस्तुत की गई बोली स्वतः अस्वीकार्य होगी। नियम और शर्तें दिनांकित 17-02-2021 की सम्यक् भरी गई और हस्ताक्षर की गई प्रति, पैन/आधार कार्ड तथा पता और आईडी प्रमाण की प्रति ऑनलाइन ऑफर तथा ईएमडी प्रेषण के विवरण के साथ वेबसाइट/पोर्टल **https://kotakbank.auctiontiger.net** पर अपलोड करनी होगी।

| लॉट नंबर | सम्पत्ति का विवरण | सुरक्षित मूल्य | ईएमडी | ऋणभार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | लाल डोरा आबादी ग्राम मस्जिद मोठ, नई दिल्ली के भीतर स्थित भूमि एम.सी.डी. प्लॉट नंबर 268, खसरा नंबर 429 पर निर्मित पार्ट बेसमेंट, सम्पूर्ण भू तल, प्रथम तल और द्वितीय तल के रूप में व्यावसायिक सम्पत्ति, उसके ऊपर भवनों तथा उत्थापनों के साथ तथा सभी अधिकारों, उपभोग अधिकारों और उसकी अनुषंगियों सहित। | 610 | 61 | ज्ञात नहीं |
| 2 | लाल डोरा आबादी ग्राम मस्जिद मोठ, नई दिल्ली के भीतर स्थित भूमि एम.सी.डी. प्लॉट नंबर 66, खसरा नंबर 429 पर निर्मित सम्पूर्ण बेसमेंट तथा भू तल, आंशिक प्रथम तल, तृतीय तल, चतुर्थ तल और सम्पूर्ण पंचम तल के रूप में व्यावसायिक सम्पत्ति, उसके ऊपर भवनों तथा उत्थापनों के साथ तथा सभी अधिकारों, उपभोग अधिकारों और उसकी अनुषंगियों सहित। | 180 | 18 | ज्ञात नहीं |
| 3 | लॉट नंबर 1 - 2 समेकित रूप में | 790 | 79 | ज्ञात नहीं |

साइट पर निरीक्षण : संभावित बोलदाताओं द्वारा प्राधिकृत अधिकारी, कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड, डी-10, डी-ब्लॉक, वसंत विहार, दिल्ली-110 057, फोन नंबर 011-46093674/46093678/9873570366 से पूर्व अनुरोध के साथ 04 मार्च, 2021 तक प्रत्येक कार्य दिवस को (सोमवार-शुक्रवार) पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 05.00 बजे के बीच।

ईएमडी जमा करने और बोली दस्तावेज अपलोड करने हेतु अंतिम तिथि : 4 मार्च, 2021 अप. 04.00 बजे तक https://kotakbank.auctiontiger.net पर

ई-नीलामी की तिथि और समय : 5 मार्च, 2021 पूर्वा. 11.00 बजे से मध्या. 12.00 बजे के बीच
ई-नीलामी के अंतिम 5 मिनट की अवधि में कोई बोली आने पर नीलामी समाप्ति का समय हर बार 5 मिनट आगे बढ़ जाएगा।

बोली वृद्धि राशि : रू. 1,00,000/- (रूपए एक लाख मात्र) अथवा उसके गुणकों में एकल लॉट के लिए तथा रू. 5,00,000/- (रूपए पांच लाख मात्र) समेकित लॉट के लिए

केएमबीएल की सर्वश्रेष्ठ जानकारी के अनुसार, अन्य कोई ऋणभार नहीं है। सांविधिक बकाया जैसेकि बिक्री कर, उत्पाद शुल्क, सम्पत्ति कर, सोसायटी बकाया, अनुरक्षण, बिजली, जल देयताएं इत्यादि सफल बोलीदाताओं/संभावित क्रेता(ओं) द्वारा अभिनिश्चित और भुगतान की जाएंगी। प्रतिभूत आस्तियों के संबंध में यहां ऊपर विनिर्दिष्ट विवरण अधोहस्ताक्षरी की सर्वश्रेष्ठ जानकारी के अनुसार वर्णित किए गए हैं, जो, तथापि, उक्त विवरणों में किसी त्रुटि, मिथ्याकथन अथवा विलोपन के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे। अतएव बोलीदाताओं/संभावित क्रेता(ओं) से उनके अपने स्वयं के हित में अनुरोध है कि वे अपनी बोली जमा करने से पूर्व, उपरोक्त के संबंध में तथा उपरिवर्णित सम्पत्ति/सम्पत्तियों के संबंध में अन्य विवरण के संबंध में अपनी संतुष्टि कर लें।

सफलबोलीदाता को अंतिम क्रय मूल्य की 25 प्रतिशत राशि - ईएमडी राशि, अगले कार्य दिवस को आरटीजीएस/एनईएफटी/चैक/डीडी द्वारा उपरोक्तानुसार केएमबीएल के ई-नीलामी खाते में जमा करनी होगी। अंतिम क्रय मूल्य की शेष 75 प्रतिशत राशि आरटीजीएस/एनईएफटी/चैक/डीडी द्वारा बिक्री की तिथि से 15 दिन के भीतर उपरोक्त ई-नीलामी खाते में जमा करनी होगी। असफल बोलीदाताओं की ईएमडी बोलीदाता द्वारा बोली/निविदा प्रपत्र में वर्णित खाता नंबर में 3 कार्यदिवस के भीतर वापस की जाएगी।

बिक्री के नियम और शर्तें वेबसाइट/पोर्टल **https://kotakbank.auctiontiger.net** अथवा **https://www.kotak.com/en/bank-auctions.html** पर उपलब्ध हैं।

नीलामी प्रक्रिया के संबंध में किसी सहायता, प्रक्रिया और ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए कृपया मैसर्स ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नालॉजीज लिमिटेड - ऑक्शन टाइगर, बी-704, वॉल स्ट्रीट-।।, ओरियंट क्लब के सामने, निकट गुजरात कालेज, एलिस ब्रिज, अहमदाबाद-380006, गुजरात (भारत) से फोन नंबर 79-68136837/880 842, हार्दिक गोस्वामी - 9978434773 एवं 93745 19754 तथा ई-मेल आईडी : **hrdik@auctiontiger.net, support@auctiontiger.net** पर सम्पर्क करें।

सम्पत्ति के संबंध में किसी अन्य विवरण के लिए, कृपया श्री देबज्योति सेनगुप्ता/श्री विकास भारद्वाज से 9873174595/9873570366 पर सम्पर्क करें।

महत्वपूर्ण नियम एवं शर्तें :

1. नीलामी बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, बोलीदाताओं को पोर्टल **https://kotakbank.auctiontiger.net** अथवा **https://www.kotak.com/en/bank-auctions.html** ध्यान से पढ़ लेने की सलाह दी जाती है तथा उक्त नियम एवं शर्तें बोलीदान प्रक्रिया में भाग लेने वाले बोलीदाताओं पर बाध्यकारी होंगी। कृपया नोट करें कि बोली पोर्टल **https://eauction.npasource.com** पर ऑनलाइन भरी जानी है। इच्छुक बोलीदाताओं को ई-नीलामी में भाग लेने के लिए ऑनलाइन विधि से बोलियां प्रस्तुत करने के लिए **https://eauction.npasource.com** भी देखने की सलाह दी जाती है।
2. भविष्यलक्षी बोलीदाता ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नालॉजीज लिमिटेड (ऑक्शन टाइगर) से उपरिवर्णित सम्पर्क नंबरों पर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं।
3. बोली प्रक्रिया के दौरान प्रस्तुत किया गया बोली मूल्य सुरक्षित मूल्य के बराबर या उससे अधिक होगा। ऐसे बोलीदाता अपनी बोली एकल लॉट के लिए रू. 1 लाख मात्र और समेकित लॉट के लिए रू. 10 लाख मात्र के गुणजों में बढ़ा सकेंगे।
4. बिक्री मूल्य की सम्पूर्ण राशि उपरिवर्णित निर्धारित अवधि के भीतर प्राप्त होने पर, प्राधिकृत अधिकारी द्वारा बिक्री प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा तथा बिक्री प्रक्रिया पूर्ण मानी जाएगी और तदुपरांत प्रतिभूत लेनदार द्वारा कोई दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा।
5. प्राधिकृत अधिकारी के पास बिना कोई पूर्व सूचना दिए तथा बिना कोई कारण बताए कोई भी बोली स्वीकार या अस्वीकार करने अथवा बिक्री प्रास्थगित/निरस्त करने/नियम एवं शर्तों में संशोधन करने का पूर्ण अधिकार और विवेकाधिकार है।
6. सभी प्रभार/देयताएं, जिनमें पंजीकरण प्रभार, स्टाम्प ड्यूटी, कर इत्यादि शामिल हैं, क्रेता द्वारा वहन किए जाएंगे।
7. प्राधिकृत अधिकारी के पास बिना कोई पूर्व सूचना दिए तथा बिना कोई कारण बताए कोई भी बोली स्वीकार या अस्वीकार करने अथवा बिक्री प्रास्थगित/निरस्त करने/नियम एवं शर्तों में संशोधन करने का पूर्ण अधिकार और विवेकाधिकार है।

यह कर्जदार/गारंटरों को नोटिस भी है कि नीलामी कार्यवाही आगे बढ़ाई जाएगी, यदि उनके द्वारा पूर्ण बकाया राशि का भुगतान ई-नीलामी से पहले नहीं किया जाता है। यह नोट करें कि अंग्रेजी और हिन्दी में प्रकाशित नीलामी सूचनाओं के बीच किसी विसंगति/असंगति की स्थिति में अंग्रेजी में प्रकाशित सूचना की विषयवस्तु आविर्भावी होगी।

स्थान : दिल्ली
वास्ते कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड

# इजरायल ने गाजा व रामल्ला भेजे जा रहे कोविड-19 टीके की खेप रोकी : फलस्तीन

एपी। रामल्ला (पश्चिम तट),

**फलस्तीनी प्रशासन** (पीए) ने सोमवार को आरोप लगाया है कि इजरायल स्वास्थ्य कर्मियों एवं फ्रंटलाइन कर्मियों के लिए गाजा पट्टी भेजी जा रही कोविड-19 टीके की खेप रोक रहा है। यह इलाका इस्लामी चरमपंथी समूह हमास के नियंत्रण मे है। फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्री मेइ अल्काइला ने एक बयान में कहा कि पीए द्वारा रूस से खरीदे गए स्पुतनिक-ङ्कटीके की 2000 खुराकों की खेप को उन इलाकों में रोकने के लिए इजरायल पूरी तरह से जिम्मेदार है जिसपर उसका नियंत्रण है। पीए ने कहा कि वह गाजा में टीकों को साझा करेगा जहां पर इस्लामी चरमपंथी हमास वर्ष 2007 से शासन में है और करीब 20 लाख फलस्तीनी रहते हैं एवं उन्हें अब तक टीके की कोई खुराक नहीं मिली है। अधिकारियों के मुताबिक गाजा में कोविड-19 महामारी शुरू होने के बाद से 53,000 से अधिक लोग संक्रमित हुए हैं जबकि कम से कम 537 लोगों की मौत हुई है। गाजा में हमास के सत्ता में आने के बाद से इजरायल और मिस्र ने इलाके की घेराबंदी कर दी है। कुछ इजरायली सांसदों का कहना है कि हमास की कैद में मौजूद दो इजरायली नागरिकों की रिहाई और दो इजरायली सैनिकों के अवशेष वापस करने के मामले में प्रगति होने पर ही टीके की आपूर्ति की अनुमति दी जानी चाहिए.इजरायली अधिकारी ने बताया कि इजरायल को गाजा में स्पुतनिक टीके की 1000 खुराक की आपूर्ति करने के लिए अनुरोध मिला है और सोमवार रात तक इसपर चर्चा चल रही थी।

## हांगकांग में लोकतंत्र समर्थक प्रदर्शनों को लेकर दो पूर्व सांसदों ने अपराध स्वीकार किया

**हांगकांग।** हांगकांग में अवैध रूप से एकत्र होने के आरोप में यहां के दो पूर्व सांसदों ने मंगलवार को अपना अपराध स्वीकार कर लिया। इसके साथ ही, इन दोनों नेताओं सहित कुल नौ लोगों के खिलाफ मुकदमे की सुनवाई शुरू हो गई। इस घटनाक्रम को अर्द्ध स्वायत्त चीनी क्षेत्र में असहमति व्यक्त करने वालों पर एक कार्वाई के तौर पर देखा जा रहा है। कार्यकर्ताओं पर 2019 के सरकार विरोधी प्रदर्शनों के दौरान अवैध रूप से एक सभा करने और उसमें भाग लेने का आरोप है। उनमें हांगकांग लोकतंत्र आंदोलन के 82 वर्षीय पूर्व सैनिक मार्टिन ली, समाचार पत्र प्रकाशक जिम्मी लई भी शामिल है। उन्हें उनके लोकतंत्र समर्थक गतिविधियों से जुड़े अन्य आरोपों को लेकर बगैर जमानत के हिरासत में रखा गया है। हांगकांग की विधायिका के जिन दो पूर्व सदस्यों ने अपना अपराध स्वीकार किया है, उनमें आउ नोक-हिन और लियुंग ईव-चुंग शामिल हैं। वहीं, सात अन्य ने अपना अपराध स्वीकार नहीं किया है। अदालत में मंगलवार को पेश हुए ए नौ लोग उन करीब 15 जाने-माने कार्यकर्ताओं में शामिल हैं।



कराची के निकट अरब सागर में सैन्यअभ्यास करते पाकिस्तान नौसैनिक

# किससे कैसे बात करें, इसे लेकर बाइडन प्रशासन में चर्चा जोरों पर



एपी। वाशिंगटन

**पूर्व राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रंप के शासनकाल की नीतियों में हुए भारी बदलाव के बाद राष्ट्रपति जो बाइडन का प्रशासन पूरे जोर-शोर से इस तैयारी में जुटा है कि अमेरिका को किससे, कैसे और क्या बात करनी चाहिए तथा इसके लिए क्या तैयारियां होनी चाहिए.राष्ट्रपति बाइडन ने पद भार ग्रहण करने के बाद दूसरे देश के एक नेता को 12 बार फोन किया है। अन्य विदेशी नेताओं के साथ भी वह इसी उत्साह और जोश के साथ बार-बार संपर्क साध रहे हैं। ऐसा करना व्हाइट हाउस की परंपरा रही है, लेकिन ट्रंप की नजर में यह बेकार की कवायद था.फोन पर दुनिया भर के नेताओं से बातचीत करने की बाइडन की नीति, उनका काम करने का अपना तरीका है और फायदेमंद भी है क्योंकि इसमें उन नेताओं से भी संपर्क किया जा रहा है जिन्हें पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप ने अपनी बराबरी का नहीं मानते हुए दूर कर दिया था। लेकिन अपने प्रयासों से बाइडन दुनिया भर में सभी देशों के साथ अमेरिका के संबंधों की मरम्मत करने में जुटे हुए हैं.जॉर्ज डब्ल्यू बुश और बराक ओबामा प्रशासन में व्हाइट हाउस राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद में काम कर चुके मैथ्यू गुडमैन का कहना है, इन्हें पक्का पता है कि शुरुआत से ही इन्हें सहयोगियोंसाझेदारों के साथ बेहतर संबंध बनाकर चलना होगा। उन्होंने कहा कि यह केन्द्रीय संगठनात्मक नीति है जिसके तहत उन्होंने ट्रंप प्रशासन के अध्याय का पन्ना पलटने और गठबंधनों को वापस पटरी पर लाने का फैसला किया है। बातचीत के लिए तैयारी इसी का एक हिस्सा है।

## प्रोणिता गुप्ता श्रम एवं रोजगार पर बाइडन की विशेष सहायक नामित

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल की प्रोणिता गुप्ता को घरेलू नीति परिषद में श्रम एवं कामगारों के लिए अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन का विशेष सहायक नामित किया गया है। मीडिया में जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि इससे पहले गुप्ता सेंटर फॉर लॉ एंड स्पेशल पॉलिसी (सीएलएएसपी) में जॉब क्वालिटी टीम की निदेशक थीं। उन्होंने कामगारों के लिए रोजगार की गुणवत्ता बढ़ाने, कामगारों की सुरक्षा मजबूत करने और कम आय वाले श्रमिक परिवारों के लिए आर्थिक सुरक्षा बढ़ाने को लेकर प्रतिबद्धता एवं अपने कार्य के प्रति समर्पण जताया.सीएलएएसपी की कार्यकारी निदेशक ओलिविया गोल्डन ने कहा, वह एक असाधारण नेतृत्वकर्ता हैं जो कम आय वाले लोगों, अलग-अलग नस्ल के लोगों को अपने कार्य में शामिल करती हैं। उन्हें इस संबंध में विस्तृत एवं व्यवहारिक ज्ञान और अनुभव है। उन्हें काम को बखूबी और जिम्मेदारी के साथ करने का जुनून है। गोल्डन ने कहा कि सीएलएएसपी की जॉब क्वालिटी टीम की निदेशक के तौर पर करीब चार साल के अपने कॅरियर में गुप्ता ने राष्ट्रीय स्तर और कई राज्यों के स्तर पर नेतृत्व किया और कम आय वाले कामगारों के रोजगार में सुधार के लिए कई नीतियां बनाईं तथा वर्क फैमिली स्ट्रैटजी काउंसिल में अहम भूमिका निभाई.पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के दूसरे कार्यकाल में वह अप्रैल 2014 से जनवरी 2017 तक अमेरिका के श्रम मंत्रालय में महिला ब्यूरो की उपनिदेशक थीं।

## अफगानिस्तान-ईरान सीमा पर भीषण आग, सैकड़ों ट्रक जले

**हेरात।** अफगानिस्तान-ईरान सीमा पर लगी भीषण आग में सैकड़ों ईंधन टैंकर जल गए। अफगानिस्तान के हेरात प्रांत के गवर्नर ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इस्लाम कला सीमा शुल्क टर्मिनल और उसके आसपास की उपग्रह से ली गई तस्वीरों में भारी तबाही स्पष्ट दिखती है। एपी द्वारा उन तस्वीरों के विश्लेषण में तबाही का मंजर दिखता है। यह आग शनिवार को एक ईंधन टैंकर में विस्फोट होने के बाद लगी थी और आग की लपटों को करीब तीन दिन तक नियंत्रित नहीं किया जा सका। विस्फोट के कारण का अब तक पता नहीं लग सका है। प्लेनेट लैब्स इंक से प्राप्त उपग्रह तस्वीरों में सीमा पर अफगानिस्तान की ओर जले हुए सैकड़ों टैंकरों के अवशेष दिखते हैं। आमतौर पर वहां दोनों देशों की ओर से सैकड़ों टैंकर पहुंचते हैं। विस्फोट के कारण आग लगने से कम से कम 20 लोग घायल हो गए।

## क्विक न्यूज

### स्वतंत्र आयोग कैपिटल बिल्डिंग पर हुए हमले की जांच करेगा: पेलोसी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैन्सी पेलोसी ने सोमवार को कहा कि कैपिटल बिल्डिंग पर हमले की जांच के लिए एक स्वतंत्र आयोग का गठन किया जाएगा। यह आयोग 9111 हमले की जांच के लिए गठित आयोग जैसा होगा.पेलोसी ने कहा कि आयोग कैपिटल बिल्डिंग पर देशी आतंकवादी हमले की जांच करेगा और इससे जुड़े तथ्यों को जुटाने के साथ ही इसके पीछे की वजहों का पता लगाएगा। डेमोक्रेटिक सहकर्मियों को लिखे एक पत्र में पेलोसी ने कहा कि सदन कैपिटल बिल्डिंग परिसर की सुरक्षा को बढ़ाने के लिए पूरक खर्च भी करेगा। अमेरिकी सीनेट में दूसरे महाभियोग की कार्यवाही में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बरी होने के बाद स्वतंत्र आयोग के जरिए इस घटना की जांच के लिए दोनों पार्टियों से मांग बढ़ती प्रतीत हो रही थी.इससे पहले अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैन्सी पेलोसी ने कैपिटल बिल्डिंग पर हमले की जांच के लिए एक स्वतंत्र आयोग का प्रस्ताव रखा था। उनका कहना था कि जिस तरह के आयोग के जरिए 9111 हमले की जांच हुई थी, उसी तर्ज पर छह जनवरी के हमले की जांच होनी चाहिए.पेलोसी ने सोमवार को अपने सहकर्मियो को भेजे गए पत्र मे यह बात कही थी। अमेरिकी सीनेट मे दूसरे महाभियोग की कार्यवाही मे पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बरी होने के 50 घंटे के भीतर पेलोसी ने यह पत्र लिखा था.पेलोसी ने पत्र मे लिखा कि देश की सुरक्षा की रक्षा के लिए अगला कदम कैपिटल बिल्डिंग पर देशी आतंकवादी हमले की जांच के लिए 9111 हमले की जांच के तर्ज पर ही आयोग का गठन किया जाए और तथ्यो की जांच करते हुए छह जनवरी के हमले के पीछे की वजहो का पता लगाया जाए। इसी तरह की मांग दोनो ही पार्टियो के कुछ सांसदो ने भी की थी।

### 15 देशों में भारतीय मूल के 200 लोग नेतृत्व के पदों पर हैं काबिज, 60 ने बनाई कैबिनेट में जगह

**वाशिंगटन।** अमेरिका और ब्रिटेन समेत दुनियाभर के 15 देशो मे भारतीय मूल के 200 से अधिक लोग नेतृत्व के पदो पर काबिज हैं और इनमे से 60 लोगो ने मंत्रिमंडल मे जगह बनाई है.2021 इंडियास्पोरा गर्वनमेंट लीडर्स की अपनी तरह की पहली सूची मे यह जानकारी दी गई। सरकारी वेबसाइटों और सार्वजनिक रूप से उपलब्ध अन्य संसाधनों के आधार पर तैयार की गई इस सूची में बताया गया है कि भारतीय मूल के 200 से अधिक नेता दुनियाभर के 15 देशो मे लोक सेवा के उच्चतम सोपान पर पहुंचे है और इनमे से 60 से अधिक लोग मंत्रिमंडलो मे पद संभाल रहे है.इंडियास्पोरा के संस्थापक, उद्योगपति एवं निवेशक एम आर रंगास्वामी ने कहा, यह अत्यंत गौरवान्वित करने वाली बात है कि दुनिया के सबसे पुराने लोकतांत्रिक देश की पहली महिला और पहली अश्वेत उपराष्ट्रपति भारतीय मूल की है। अमेरिकी सांसद अमी बेरा ने कहा, 2021 इंडियास्पोरा गर्वनमेंट लीडर्स की सूची में शामिल होना मेरे लिए गर्व की बात है। संसद में सबसे लंबे समय से सेवाएं दे रहे सांसद के तौर पर, मुझे भारतीय-अमेरिकी समुदाय का नेता बनकर गर्व है। यह समुदाय अमेरिकी जीवन एवं समाज का अभिन्न अंग बन गया है।

### तमिल परिवार ने निर्वासन के खिलाफ मुकदमा जीता, ऑस्ट्रेलिया में रहने की अनुमति मिली

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया मे एक तमिल परिवार ने श्रीलंका निर्वासित किए जाने के खिलाफ दायर किया गया अपना मुकदमा जीत लिया है और फिलहाल उन्हें देश मे रहने की अनुमति मिल गई है.अदालत के उनके निर्वासन पर रोक लगाने के बाद श्रीलंका में जन्मे प्रिया तथा नादेस मुरुगाप्पन और ऑस्ट्रेलिया मे जन्मी उनकी बेटी कोपिका (5) और थारुनिका (3) को अगस्त 2019 से क्रिसमस आइलैंड के एक दूरस्थ आव्रजन निरुद्ध केन्द्र मे भेज दिया गया था। संघीय अदालत की, तीन न्यायाधीशों वाली पूर्ण पीठ ने मंगलवार को पूर्व के आदेश पर रोक की मांग वाली ऑस्ट्रेलियाई सरकार की याचिका खारिज कर दी। आदेश में कहा गया था कि छोटी बेटी के प्रोटेक्शन वीजा के लिए आवेदन दाखिल करने पर उसे प्रक्रियात्मक निष्पक्षता से वंचित किया गया। इस वीजा से उसे यहां रहने की अनुमति मिल सकती थी.प्रिया तथा नादेस मुरुगाप्पन लोगो की तस्करी करने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली नौकाओं से 2012 और 2013 मे ऑस्ट्रेलिया आए थे। दोनो ने 2014 मे शादी की। उन्होने श्रीलंका में उत्पीड़न का सामना करने का हवाला देते हुए, शरणार्थी वीजा मांगा था.आस्ट्रेलियाई अधिकारियो द्वारा मार्च 2018 मे मेलबर्न के एक आव्रजन निरुद्ध केन्द्र भेजे जाने से पहले, वे बिलोएला के आउटबैक शहर में रहते थे।

# म्यामां पुलिस ने सूची के खिलाफ एक नया आरोपपत्र दाखिल किया

● सू ची को एक फरवरी को सैन्य तख्तापलट के तहत अपदस्थ कर दिया गया था। उन पर वाकी-टाकी रखने का आरोप है, जो पंजीकरण के बगैर आयातित की गई थी

एपी। यांगून

**म्यामां में** पुलिस ने अपदस्थ नेता आंग सान सू ची के खिलाफ एक नया आरोपपत्र दाखिल किया है, जिसके आधार पर उन्हें बगैर मुकदमे के अनिश्चित काल तक हिरासत में रखा जा सकता है। उनके वकील ने मंगलवार को यह जानकारी दी। राजधानी नेपीता में एक न्यायाधीश से मुलाकात के बाद वकील खिन माउंग जाउ ने संवाददाताओं से कहा कि सू ची पर प्राकृतिक आपदा प्रबंधन कानून की धारा 25 का उल्लंघन करने का आरोप लगाया गया है, जिसका इस्तेमाल कोरोना वायरस महामारी को फैलने से रोकने को लेकर लागू पांबंदियों को तोड़ने वाले लोगों के विरूद्ध अभियोजन चलाने के लिए किया जाता है। सू ची को एक फरवरी को सैन्य तख्तापलट के तहत अपदस्थ कर दिया गया था। उन पर वाकी-टाकी रखने का आरोप है, जो पंजीकरण के बगैर आयातित की गई थी। कोविड-19 पाबंदियों के उल्लंघन को लेकर अधिकतम तीन साल की कैद की सजा का प्रावधान है। हालांकि, नए आरोपों के तहत उन्हें बगैर मुकदमे के अनिश्चितकाल तक हिरासत में रखा जा सकता है क्योंकि क्योंकि पिछले हफ्ते सैन्य शासन ने दंड संहिता में बदलाव किया है, जो अदालत की अनुमति के बगैर हिरासत में रखने का प्रावधान करता है।




म्यांमा में सैन्य तख्तापलट के खिलाफ आंग-सान-सूची की फोटो रैली निकाल प्रदर्शन करते लोग

# सिंगापुर में भारतीय पुजारी पर विश्वासघात का आरोप

भाषा। सिंगापुर

**सिंगापुर में** सबसे प्राचीन हिंदू मंदिर के आभूषणों को गिरवी रखकर रकम जुटाने के लिए भारतीय पुजारी पर आपराधिक विश्वास भंग का आरोप लगाया गया है.चैनल न्यूज एशिया के मुताबिक कांडासामी सेनापति (37) पर भ्रष्टाचार, मादक पदार्थ की तस्करी और अन्य गंभीर अपराध संबंधी कानून के तहत कर्मचारी के रूप में आपराधिक विश्वास भंग के लिए पांच आरोप लगाए गए हैं.श्री मरिअम्मन मंदिर में मुख्य पुजारी कांडासामी पर 2016 से 2020 के दौरान मंदिर से स्वर्ण आभूषण निकालने और उन्हें दुकानों में गिरवी रखकर रकम जुटाने का आरोप है.अभियोजकों ने अदालत को बताया कि गिरवी रखे गए आभूषणों की कीमत 20 लाख सिंगापुर डॉलर (15 लाख अमेरिकी डॉलर) से अधिक थी। अभियोजन पक्ष ने अदालत को बताया कि कांडासामी ने 141,000 डॉलर रकम देश से बाहर भेज दी.पुलिस ने पिछले साल अगस्त में कहा था कि कांडासामी के पास से कुछ आभूषण गुम होने के बाद जांच शुरू की गई। साउथ ब्रिज रोड पर स्थित श्री मरिअम्मन मंदिर ने एक बयान में कहा कि मंदिर के गर्भगृह में मुख्य पुजारी के संरक्षण में ए आभूषण रखे गए थे.कांडासामी के वकील ने जमानत के लिए कम जुर्माना राशि रखे जाने का आग्रह करते हुए कहा कि उनका मुवक्किल विदेशी है और वह जमानत के लिए अधिक राशि जमा नहीं कर सकता.न्यायाधीश ने उसे जमानत के लिए एक लाख सिंगापुर डॉलर चुकाने को कहा। अदालत ने कहा कि इस तरह के अपराध पर जमानत के लिए इतनी राशि सही है। दोषी पाए जाने पर उसे 15 साल तक जेल की सजा हो सकती है।

## डब्ल्यूएचओ ने एस्ट्राजेनेका के टीके को आपात इस्तेमाल की मंजूरी दी

**टोरंटो।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने एस्ट्राजेनेका के कोरोना वायरस टीके को आपात इस्तेमाल की मंजूरी दे दी है। इस कदम से संयुक्त राष्ट्र समर्थित कोवैक्स कार्यक्रम के तहत दुनिया के अति संवेदनशील इलाकों तक टीके की लाखों खुराकों को पहुंचाने का अभियान तेज हो सकेगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने एक बयान में कहा कि वह सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया और दक्षिण कोरिया के एस्ट्राजेनेका-एसकेबायो द्वारा निर्मित एस्ट्राजेनेका टीके को मंजूरी दे रहा है.संयुक्त राष्ट्र की इस स्वास्थ्य एजेंसी ने पिछले साल दिसंबर में फाइजर-बायोएनटेक के टीके को मंजूरी दी थी जिसके बाद इसने अब एस्ट्राजेनेका के टीके को हरी झंडी दिखा दी है.इस घोषणा की वजह से अब उन देशों में टीके की लाखों खुराक पहुंचाने के काम को गति मिल जानी चाहिए, जो संयुक्त राष्ट्र समर्थित कोवैकस प्रयास में शामिल हैं।

## इराक में अमेरिकी सैन्य अड्डे के नजदीक रॉकेट हमले में एक की मौत, आठ घायल

एजेंसी। बगदाद

**उत्तरी इराक** में इरबिल अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के पास रॉकेट हमलों में अमेरिका नीत सैन्य गठबंधन के एक सदस्य की मौत हो गई और आठ अन्य लोग घायल हो गए। इस हवाईअड्डे के पास ही में अमेरिकी सैन्य अड्डा स्थित है.गठबंधन के प्रवक्ता कर्नल वायने मारोटो ने सोशल मीडिया पर एक बयान में कहा कि कुर्द-संचालित क्षेत्र में इरबिल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और नजदीक स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डे के बीच रात करीब साढ़े नौ बजे कम से कम तीन रॉकेट दागे गए। हमले की तत्काल किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली है।

उन्होंने बयान में कहा कि इसमें गठबंधन के एक असैन्य कॉन्ट्रैक्टर की मौत हो गई और पांच अन्य लोग घायल हुए हैं। हमले में अमेरिकी सेवा से जुड़ा एक कर्मी भी घायल हो गया.उन्होंने मारे गए कॉन्ट्रैक्टर की नागरिकता उजागर नहीं की और कहा कि जांच जारी है। कुर्दिस्तान के गृह मंत्रालय ने बताया कि प्राथमिक रिपोर्ट के अनुसार, कई लोग घायल हुए हैं.सुरक्षा अधिकारियों ने नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर बताया कि कम से कम दो असैन्य नागरिक भी घायल हुए हैं। गाड़ियां और अन्य सम्पत्ति भी हमले में क्षतिग्रस्त हुई हैं.उन्होंने बताया कि रॉकेट किरकुक प्रांत से लगी सीमा के पास इरबिल के दक्षिण से एक क्षेत्र से दागे गए थे, जो हवाईअड्डे के पास आवासीय इलाकों में आकर गिरे। इराक के राष्ट्रपति बरहाम सालेह ने हमले की निंदा करते हुए इसे तनाव बढ़ने का एक संकेत बताया। वहीं, कुर्दिश अधिकारियों ने इरबिल के लोगों से प्रभावित इलाकों से दूर और घर में ही रहने की अपील की है। इस बीच, एक छोटे शिया आतंकवादी संगठन ने खुद को गार्डियन्स ऑफ ब्लड ब्रिगेड बताते हुए हमले की जिम्मेदारी ली है.शिया इंटेलिजेंस ग्रूप के अनुसार, उसने दावा किया, हमारे हवाई हमलों से अमेरिकी सेवाएं बच नहीं पाएंगी, कुर्दिस्तान में भी नहीं...। इससे पहले 30 सितम्बर को हवाईअड्डे के पास रॉकेट दागे गए थे।

# न्यूजीलैंड में कोविड-19 का कोई नया मामला नहीं, खत्म किया जा सकता है लॉकडाउन

एपी। वेलिंग्टन

**न्यूजीलैंड में** लगातार दूसरे दिन कोविड-19 का कोई नया मामला सामने नहीं आने के बाद बुधवार को ऑकलैंड से लॉकडाउन हटाए जाने की उम्मीदें बढ़ गई हैं। न्यूजीलैंड के सबसे बड़े शहर ऑकलैंड में एक परिवार में माता-पिता और उनकी बेटी संक्रमित पाई गई थीं। इसके बाद ऑकलैंड में सोमवार से तीन दिन का लॉकडाउन लगाया गया था.गौरतलब है कि कोरोना वायरस को मात देने के करीब छह महीने बाद, पहली बार देश में लॉकडाउन लगाया गया है, जो बुधवार तक जारी रहेगा। कोविड-19 रिस्पॉन्स मिनिस्टर क्रिस हिपकिन्स ने बताया कि पाबंदियां हटाने को लेकर सांसदों का अंतिम निर्णय अगले 24 घंटे में कोविड-19 के मामलों की अद्यतन जानकारी पर निर्भर करेगा.हिपकिन्स ने कहा, यकीनन जिस दिन संक्रमण का एक भी मामला सामने नहीं आता, वह एक अच्छा दिन ही होता है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने नए मामले सामने आने के बाद से जांच भी बढ़ा दी है। सोमवार को 15 हजार से अधिक नमूनों की जांच की गई थी.अधिकारियों ने बताया कि ऑकलैंड में माता-पिता और उनकी बेटी संक्रमित पाई गई थीं। महिला एक कैटरिंग कम्पनी में काम करती है, जहां एयरलाइन्स के कर्मचारियों के कपड़े धोने का काम होता है और इस पहलू को ध्यान में रखकर भी जांच की जा रही है, कहीं कोई यात्री तो संक्रमित नहीं था.अधिकारियों ने बताया कि परिवार के सम्पर्क में आए सभी लोगों और करीबियों के, जांच में संक्रमित ना होने की पुष्टि हुई। न्यूजीलैंड में फाइज़र और बायोएनटेक द्वारा विकसित कोविड-19 के टीके की करीब 60 हजार खुराके भी इस सप्ताह यहां पहुंच गई हैं और टीकाकरण अभियान शनिवार से शुरू किया जाएगा।

## कमला हैरिस ने फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों से की बात

**वाशिंगटन।** अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने सोमवार को फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों से बात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने ट्रान्स अटलांटिक गठबंधन, कोविड-19, पश्चिम एशिया तथा अपने देश एवं पूरी दुनिया में लोकतंत्र का समर्थन करने समेत कई द्विपक्षीय एवं वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की। व्हाइट हाउस ने इस बारे में जानकारी दी। व्हाइट हाउस ने इस बातचीत का ब्योरा देते हुए कहा कि दोनों नेताओं ने कोविड-19 महामारी, जलवायु परिवर्तन से निपटने और लोकतंत्र के समर्थन के लिए द्विपक्षीय एवं बहुपक्षीय सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया। व्हाइट हाउस ने बताया कि उन्होंने पश्चिम एशिया और अफ्रीका समेत कई क्षेत्रीय चुनौतियों पर चर्चा की और इनका मिलकर समाधान करने की आवश्यकता पर जोर दिया.बातचीत के दौरान हैरिस ने अमेरिका एवं फ्रांस के बीच द्विपक्षीय संबंधों तथा ट्रांसअटलांटिक गठबंधन को फिर से मजबूत करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

होम थियेटर

# एक मृत्यु की नीरस गाथा




**क्राइम सीन: द वैनिशिंग एट द सेसिल होटल**
**नेटफ्लिक्स**
**कलाकार: विवेका चो, जुडी हो, आर्मेटिस स्नो**
**रेटिंग: 5/10**

ये सीरीज़ लॉस एंजेल्स के एक कुख्यात होटल 'सेसिल' में घटी एक सच्ची घटना पर आधारित है। इसके कमरों में इसकी 1924 में स्थापना के बाद से लगभग 80 लोगों की मृत्यु के रहस्य दफन हैं। वर्ष 1913 तक इसमें घटे मादक पदार्थ, हिंसा, उत्पीड़न, बलात्कार तथा हत्या जैसे अपराधों की एक पूरी श्रृंखला है जो वर्ष 1913 में एक 21 वर्षीय कनाडाई लड़की के गायब होने तक जारी है।

इस सीरीज़ में इस होटल की पृष्ठभूमि भी दी गई है। इसके आसपास के 56 ब्लॉक्स में लगभग 4000 बेघर रहते हैं। ये लोग इस स्थान पर इसलिये रखे गए थे ताकि इनके द्वारा किये गए अपराध भी एक सीमित दायरे तक सीमित रहें। इस सब के बीच में एक होटल भी है। ये कुख्यात इसलिये था क्योंकि इसमें आने वाले लोग अधिकतर अपराधी ही होते थे, इसके अलावा यहां हुई हत्याएं भी उसे और कुख्यात बना देती हैं। कुछ आवारा टाइप के लोगों के भी इस होटल से संपर्क रहते थे।

इसके बाद 2013 के बाद हुई घटनाओं पर खुफिया पड़ताल चल रही थी जिसमें पुलिस पर कई आरोप लगाए गए। इस लड़की के गायब होने के पीछे होटल के ही मालिक लोग थे क्योंकि लड़की का एक अंतिम वीडियो पुलिस के पास उपलब्ध था जिसमें उसे लिट में जीवित अवस्था में दिखाया गया था।

चार हिस्सों वाली इस वेब सीरीज़ का प्रारंभ काफी रहस्यमय ढंग से होता है जिसमें होटल में रहस्यमयी गतिविधियां दिखाई गई हैं। दुर्भाग्य से इसके माध्यम से उस युवती की मृत्यु के प्रति कुल मिलाकर एक रहस्य बनाए रखा गया था जबकि सामयिक हस्तक्षेप से उसके ऊपर आया संकट टल सकता।

इसकी कहानी में दिखाया गया है कि वहां कई प्रकार के संयोग होते हैं जबकि वास्तविकता संदेह से काफी अलग निकलती थी। पुलिस को भी अपना काम करना कठिन था, लेकिन सच चाहे जो कुछ भी हो, इस प्रक्रिया में जो जानें गई थीं वे वापस नहीं लौटाई जा सकती थीं।

# भावनाशून्य कथानक

**स्कायर्ड लव**
**नेटफ्लिक्स**
**कलाकार: मिरोस्ला बेक, मैट्यूज़ बनासियुक, एड्रियाना क्लेबिका, क्रिस्ज़ॉफ चेकज़ाट, वोज़्सीक कालारूस, टोमास्ज़ केरोलैक, जैसेक नैप, अना स्मोलोविक, सेबास्चियन स्टेनकीविक्स**
**रेटिंग: 5/10**

ऐसा लगता है कि हम एक बार पुनः ऐसा वेलेंटाइन्स डे मना रहे हैं जिसमें ओटीटी प्लेटफॉर्म पर प्यार तो कहीं भी दिखाई ही नहीं दे रहा है। ये तब और भी असहनीय हो जाता है जब हॉलिवुड में अब तक की सर्वश्रेष्ठ प्रेमकहानी आधारित फिल्में बनती रही हैं जिन्हें देखकर दिल में हलचल होने लगती थी। इनमें हम 'यू हैव गॉट मेल, प्रेटी वुमन, कासाब्लांका, जैसी फिल्मों को गिना सकते हैं जो सैकड़ों फिल्मों में से एक होती हैं और जिनकी कहानी आज भी हमारे दिलों में बसी हुई हैं।

लेकिन स्कॉयर्ड लव, में भी थोड़ी तो तत्वपूर्ण नजर आती है जिसमें आपको एक श्रेष्ठ प्रेम कहानी जिसमें एक रंगीन मिज़ाज वाला पुरुष, एक सुंदर लड़की, दोनों मिलते हैं और प्रेमकहानी आगे बढ़ने लगती है। लेकिन उनके बीच किसी प्रकार का आकर्षण नहीं देखने को मिलता साथ ही दोनों की केमिस्ट्री भी नहीं दिखाई देती। कहानी घिसीपिटी है और अभिनय सपाट।

इस पूरी फिल्म में केवल एक ही बात रोचक दिखाई देती है और वो है नई नई कारें तथा व्यवहारकुशल स्थानीय लोग। ये एक पोलैंड की रोमांटिक कमिडी है। इसका दूसरा सकारात्मक बिंदु है कि ये अंग्रेजी भाषा में है। एक और अच्छी बात ये दिखाई देती है और वो ये है कि लड़का और लड़की दोनों कारों तथा स्थानीय लोगों के चलते उनका प्यार की गाड़ी आगे बढ़ती रहती है। कुल मिलाकर फिल्म वेलेंटाइन्स डे पर देखी जा सकती है।

**शालिनी सक्सेना**



# 'समय परिवर्तन के साथ ही लोगों की रुचियों में भी परिवर्तन आता है'

**गीतकार कौशल किशोर अब अपने नवीनतम गाने को लेकर आए हैं जो बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर पर आधारित है। पायनियर संवाददाता शालिनी सक्सेना के साथ एक विशेष बातचीत में उन्होंने अपने जीवन पर संगीत के प्रभाव, स्वतंत्र गायकों के बीच गीतकार के कॅरियर की संभावना आदि के बारे में विस्तार से अपनी बात रखी। प्रस्तुत हैं बातचीत के प्रमुख अंश-**



**● आपका नवीनतम गाना किस बारे में है?**

ये गाना 'जननायक' बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुरजी पर आधारित है। उन्हें जनता का राजनेता कहा जाता था। अपने पूरे जीवन में उन्होंने अपने पद का जरा भी लाभ नहीं लिया। मैं उनके गांव गया, लोगों से बात की तो लगा कि उनके जीवन पर एक गाना बनाया जाना चाहिये। हमनें उनकी जयंती पर इस साल पटना में ये गाना रिलीज़ किया था। मैं उन लोगों के बारे में बताना चाहता हूं जिन्होंने देश की प्रगति में अपना योगदान दिया है। मुझे लगा कि उनके कामों के बारे में युवाओं को बताना उचित होगा।

**● किसी विशेष परिस्थिति के लिए गाना लिखना कितना कठिन कार्य है?**

परिस्थिति जितनी कठिन होती है गाना लिखना उतना सरल। आप इसी गाने को लीजिये। मैंने वो गाना ठाकुर जी के कार्यों पर ही आधारित किया है। मैंने उनके कार्यों को पिरोते हुए अपने शब्दों में गाना लिख दिया। इस प्रकार ऐसे लोगों के बारे में गाना लिखना और भी सरल होता है। लेकिन ऐसे गाने लिखने के प्रयास सावधानीपूर्वक किये जाने चाहिये। हमें ध्यान रखना होता है कि उनके निकट के लोगों की भावनाओं को ऐसे गाने से किसी प्रकार की ठेस न लगे और न ही उनके द्वारा किये गए कार्यों का ही महत्व कम हो।

**● आपके जीवन पर संगीत का कितना प्रभाव हुआ?**

मैं हमेशा से लिखना चाहता था। मैं कुछ और करना ही नहीं चाहता था। मुझे यहां से इतना प्यार मिला है कि 2006 में मुंबई आने के बाद से मेरा पूरा जीवन ही बदल गया है। मैं हर बात को पूरी गंभीरता से लेता हूं। मैं साथ ही संवेदनशील और भावुक भी हूं।

**● आपको लेखन में तब कितनी मदद मिलती है जब आपका विषय आपकी ही रुचि का हो?**

लिखे जाने वाले विषय का सुसंगत होना आवश्यक है। विषय के बारे में संपूर्ण जानकारी होने से लिखने में सहायता मिलती है। आप विषय को जितना अधिक जानते-समझते हैं लिखना उतना ही उत्कृष्ट हो जाता है। जितना अच्छा आप लिखेंगे उतना अच्छा दर्शक समझेंगे और आपके गाने को उतनी ही अधिक लोकप्रियता तथा प्रशंसा भी मिलती है।

**● बॉलीवुड के लिए लिखने के साथ आप ये सब कैसे कर लेते हैं?**

आपको गाने के चरित्र और परिस्थिति को समझने के लिए स्क्रिप्ट को बार बार पढ़ना ही पड़ता है। स्वतंत्र कलाकारों के लिए लिखते समय आपको सबकुछ अपनेआप करना होता है। ऐसे में कलाकार बोलने अर्थात अभिव्यक्ति में अधिक उन्मुक्त हो जाता है, साथ ही आप ऐसे में अपने प्रति अधिक सच्चे हो जाते हैं।

**● आजकल के कई गानों में पूर्व के गानों जैसे बोल नहीं मिलते, ऐसा क्यों है?**

देखिये समय परिवर्तित होता रहता है। आज भी ऐसे गाने बनते हैं जो पूर्व के गानों की ही तरह मधुर तथा सार्थक होते हैं लेकिन ऐसे गाने युवा पीढ़ी को अच्छे नहीं लगते। उन्हें ऐसे गाने चाहिये होते हैं जो तेज हों और क्लबों में बजाए जा सकें ताकि उनपर नृत्य किया जा सके। जैसे जैसे समय परिवर्तित होता है, लोगों की रुचियों में भी परिवर्तन देखने को मिलता है।

**● क्या किसी कलाकार के लिए बॉलीवुड पर ही निर्भर न रहते हुए स्वतंत्र रूप से गाना या लिखना भी आवश्यक है?**

मेरा मानना है कि किसी को भी एक ही इंडस्ट्री पर निर्भर नहीं रहना चाहिये। हर व्यक्ति के लिए एक ही माध्यम पर बने रहना संभव भी नहीं है। बॉलीवुड में कुछ सीमित फिल्में बनती हैं जबकि कलाकार और प्रतिभा असीमित होती है। आज तो स्थिति ये है कि गांव में भी बैठा एक लड़का गाना रिकॉर्ड करके यूट्यूब पर अपलोड करके लोकप्रिय होने के साथ ही धन भी कमा सकता है। हमें अपनी संभावनाओं को विस्तार देते रहना चाहिये। स्वतंत्र माध्यम कलाकार के लिए, अपनी रुचि और स्तर के अनुसार काम करने हेतु आत्मनिर्भरता प्रदान करता है।

**● इस माध्यम में गीतकार के लिए कितनी संभावनाएं या अवसर हैं?**

यदि आप अच्छे हैं तो आपके लिए संभावनाओं की कोई कमी नहीं है। हम फिल्म लेखन भी कर सकते हैं जैसा कि मैं वर्तमान में कर रहा हूं। जब मैं इस इंडस्ट्री में आया था उस समय कुछ चुनिंदा फिल्में ही बना करती थीं। आज तो ये संख्या सैकड़ों में है। गीतकार के लिए तो जितना अधिक काम होगा वो ही अच्छा रहता है क्योंकि गायक या संगीतकार तो लेखन का कार्य करेगा नहीं, तो ये काम तो गीतकार को ही तो करना होगा।

## स्पेनी गायक पाब्लो हसेल गिरफ्तार



**लेइडा (स्पेन)।** स्पेन में गायक पाब्लो हसेल को 24 घंटों के गतिरोध के बाद अंततः मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया। गायक और उनके दर्जनों समर्थकों ने खुद को एक विश्वविद्यालय में बंद कर लिया था।

अधिकारियों ने गायक को लेइडा विश्वविद्यालय की एक इमारत से गिरफ्तार किया। गायक और उनके 50 से अधिक समर्थकों ने सोमवार को ही खुद को एक इमारत में बंद कर लिया था।

गायक का कैद से बचने और अपनी बात की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित करने का यह आखिरी प्रयास था। गायक का कहना है कि वह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के संबंध में अभियान चलाते हैं।

पाब्लो को राजशाही का अपमान करने और आतंकवाद की सराहना करने के आरोप में नौ महीने की कैद की सजा सुनाई गई है।

## दीया मिर्जा ने शादी के लिए शुभकामनाएं देने के वास्ते अपने प्रशंसकों का आभार जताया



**मुम्बई।** अभिनेत्री दीया मिर्जा ने अपनी शादी के एक दिन बाद मंगलवार को सोशल मीडिया पर अपनी खुशी जाहिर की और उन्हें और उनके पति को शुभकामनाएं देने के लिए प्रशंसकों का आभार जताया। दीया और उद्योगपति वैभव रेखी सोमवार को बांद्रा में हिंदू रीति-रिवाज से शादी के बंधन में बंधे थे।


रहना है तेरे दिल में , संजू और थप्पड़ जैसी फिल्मों में अभिनय कर चुकी अदाकारा ने लिखा, आपके और अपने परिवार के साथ इस शानदार एहसास और खुशी के पल को साझा कर रही हूं। उन्होंने लिखा, सभी को उनके जीवन साथी मिल जाएं, हर दिल प्यार से भरा हो और प्यार का जादू हमारे चारों ओर फैला रहे। मिर्जा ने इससे पहले फिल्म निर्माता साहिल संघा से विवाह किया था। दोनों 11 वर्ष बाद 2019 में अलग हो गए थे। खबरों के अनुसार वैभव रेखी की पहली पत्नी योग प्रशिक्षक सुनैना रेखी थीं। दोनों की एक बेटी है।

# अक्षय कुमार ने केसरी के सह-कलाकार संदीप नाहर को दी श्रद्धांजलि



**मुंबई।** सुपरस्टार अक्षय कुमार ने मंगलवार को केसरी के अपने सह-कलाकार संदीप नाहर को श्रद्धांजलि दी और उन्हें खुशमिजाज और उत्साही युवा के रूप में याद किया। पुलिस की प्राथमिक जांच के अनुसार अभिनेता संदीप नाहर ने मुम्बई के उपनगरीय इलाके गोरेगांव में अपने फ्लैट में सोमवार को फांसी लगाकर खुदकुशी की थी और अभिनेता ने फेसबुक पर पोस्ट किए एक वीडियो में इसके लिए अपनी पत्नी को जिम्मेदार ठहराया तथा सुसाइड नोट में बॉलीवुड की राजनीति का भी उल्लेख किया है। अक्षय कुमार ने कहा कि कलाकार के निधन की खबर से वह बेहद दुखी हैं। अभिनेता ने ट्विटर पर लिखा, संदीप नाहर के निधन से दिल टूट गया। एक मुस्कुराता युवा जो खाने को लेकर बेहद उत्साही था और मैं उसे केसरी के लिए जानता हूं। जिंदगी का कोई भरोसा नहीं है। कभी भी अगर निराश हों तो मदद लें। उनकी आत्मा को शांति मिले। उन्होंने अक्षय कुमार की फिल्म केसरी और सुशांत सिंह राजपूत की फिल्म एम एस धोनी में काम किया था। पुलिस अधिकारी ने कहा, नाहर को उनकी पत्नी और उनके दोस्तों ने बेडरूम में पंखे से लगे फंदे से लटका पाया। उन्होंने उन्हें नीचे उतारा और वे उन्हें गोरेगांव के एसवीआर अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# नमस्ते वहाला बॉलीवुड से प्रभावित अंतर संस्कृति प्रेम कहानी है : रूसलान मुमताज



**नई दिल्ली।** अभिनेता रूसलान मुमताज ने कहा कि वह यह जानकार आश्चर्यचकित रह गए कि नेटफ्लिक्स पर प्रसारित अंतर संस्कृति प्रेम कहानी नमस्ते वहाला के अपने देश में बहुत लोकप्रिय नाजीरियाई सह अभिनेता बॉलीवुड और भारतीय सितारों, खासतौर पर अमिताभ बच्चन के प्रशंसक हैं। इस फिल्म को भारतीय-नाइजीरियाई रेस्तरां मालिक हमिशा दरयानी आहूजा ने निर्देशित किया है और मुमताज के साथ नाइजीरियाई अभिनेत्री इनी-दिमा ओकोजी हैं। यह प्रेम कहानी एक नाइजीरियाई वकील एवं भारतीय निवेश बैंकर के ईर्दगिर्द घूमती है जो शुरू में परिवार से विरोध का सामना करता है और अंततः उनकी सहमति हासिल कर लेता है।

मुमताज (38) ने बताया कि उन्हें यह काम कस्ट्यूम डिजाइनर राहिल राजा के जरिए मिला जिन्होंने उनकी तस्वीर निर्देशक को भेजी और उनका मानना था कि इस किरदार के लिए वह फिट हैं। मुमताज ने एक साक्षात्कार में कहा, उन्होंने (निर्देशक) मेरी तस्वीर देखी और कहा कि यह बॉलीवुड अभिनेता की तरह दिखता है। इसके बाद उन्होंने और वीडियो मांगे जो राजा ने उन्हें भेज दिया...यह अफ्रीका में करीब एक महीने की शूटिंग अफ्रीकी दर्शक के लिए थी जिसमें केवल दो भारतीय अभिनेता थे, एक मैं और दूसरी सुजाता सहगल जिन्होंने फिल्म में मेरी मां का किरदार निभाया है। उन्होंने बताया, नमस्ते वहाला में नाइजीरिया के सुपरस्टार रिचर्ड मोफे डमिजो एवं जोक सिल्वा ने भी काम किया है और उन्होंने पर्दे पर दिमा ओकोजई के माता-पिता का किरदार निभाया है एवं वहाला का मतलब परेशानी है। वयोवृद्ध कलाकार अंजना मुमताज के बेटे रूसलान मुमताज ने कहा, उन्हें बताया गया कि नाइजीरिया में मोफे डमिजो एवं जोक सिल्वा की ख्याति भारत में अमिताभ बच्चन एवं हेमा मालिनी जैसी है। उन्होंने प्रत्येक की तस्वीर एवं प्रोफाइल दिखाई। उन्होंने कहा, जब मैं मोफे डमिजो से मिला जिन्हें आरएमडी के नाम से लोग जानते हैं तो कहा कि आप से मिलकर मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं, तब उन्होंने कहा कि यह मेरे लिए सम्मान की बात है कि आप भारत से हैं। आप अमिताभ बच्चन के देश से हैं। मुमताज ने बताया, इसके बाद उन्होंने फिल्म खुदा गवाह से लेकर अबतक आई अमिताभ बच्चन की फिल्मों की जानकारी देनी शुरू की। उन्होंने कहा कि वह अमिताभ बच्चन के प्रशंसक हैं। बॉलीवुड को किसी परिचय का जरूरत नहीं है।

# टिहरी में भागीरथी के तट पर बनेगा अंतरराष्ट्रीय वैदिक विद्यालय

**भाषा। देहरादून**

**उत्तराखंड** के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने मंगलवार को कहा कि टिहरी में भागीरथी के तट पर अंतरराष्ट्रीय वैदिक विद्यालय की स्थापना की जाएगी। जहां विद्यार्थियों को संस्कृत भाषा के साथ ही हिंदी और अंग्रेजी का भी ज्ञान दिया जाएगा। टिहरी में बसंत पंचमी के अवसर पर टिहरी झील महोत्सव की शुरुआत करते हुए मुख्यमंत्री रावत ने कहा कि इससे पूरे विश्व के लोग भारतीय संस्कृति का ज्ञान हासिल कर सकेंगे। सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार, मुख्यमंत्री ने कहा कि टिहरी में उत्तराखंड का भविष्य है। उन्होंने कहा कि पहले टिहरी लेक फेस्टिवल की तारीख तय नहीं थी लेकिन अब अधिसूचना जारी कर दी गई है कि यह हर साल बसंत पंचमी पर होगा। हाल में चमोली में आई प्राकृतिक आपदा का जिक्र करते हुए रावत ने कहा कि इस बार झील महोत्सव के आयोजन को लेकर असमंजस की स्थिति थी परंतु हमने निर्णय लिया कि हम आपदा से भी लड़ेंगे और आगे भी बढ़ेंगे। उन्होंने आपदा में अपना जीवन खोने वाले लोगों की आत्मा की शांति के लिए भगवान बदरीनाथ और केदारनाथ से प्रार्थना की। रावत ने कहा कि टिहरी में पर्यटक कुछ दिन रुकें और यहां का लुत्फ उठाएं। उन्होंने कहा कि इसके लिए 1,210 करोड़ रुपए से टिहरी क्षेत्र का विकास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में साहसिक खेलों को बढ़ावा देने के लिए एडवेंचर विंग की स्थापना की गई है जिसका असर राज्य में देखने को मिल रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि उत्तराखंड ही पर्यटन का हब बनेगा। झील महोत्सव में विभिन्न साहसिक खेलों जैसे पैरा ग्लाइडिंग, पैरा मोटर, पैरासेलिंग बोट, स्क्बा ड्राइविंग, हाट एयर बैलून, क्याकिंग, केनोइंग, हाईरोप कोर्स, रॉक क्लाइम्बिंग, जुमारिंग रैपलिंग और ऑल टेरेन बाइक का आयोजन किया जा रहा है।

## मान्या सिंह के माता-पिता ने कहा, यह एक असंभव सपने को संभव बनाने की कहानी

**मुंबई।** मिस इंडिया 2020 रनरअप चुनी गई मान्या सिंह ने मंगलवार को ऑटोरिक्शा की सवारी की। उनके पिता चालक की सीट पर बैठे जबकि उनकी मां ने पीछे की सीट पर बैठकर ब्यूटी क्वीन का हाथ पकड़ रखा था। मान्या के पिता ओम प्रकाश सिंह ऑटोरिक्शा चालक हैं। उनके माता-पिता ने कहा कि यह एक असंभव सपने को संभव बनाने की कहानी है। इस दौरान 18 ऑटोरिक्शा की एक किलोमीटर तक ठाकुर गांव क्षेत्र से ठाकुर विज्ञान और वाणिज्य कॉलेज तक रैली निकाली गई और ओमप्रकाश ने इस रैली का नेतृत्व किया। मान्या के पिता ओमप्रकाश ने पीटीआई-भाषा को बताया, आज जब मैं ऑटो चला रहा था, तब यह अनियंत्रित खुशी थी। मैं कोशिश कर रहा था कि मैं रोऊं नहीं। मुझे याद आया कि कैसे मैं उसे कभी-कभी उसके कॉलेज तक छोड़ता था। आज, मैं उसे उसके सिर पर क्राउन के साथ ले जा रहा था। मुझे लगता है कि मुझे मेरे जीवन की खुशी मिल गई है। 19 वर्षीय मान्या की मां मनोरमा ने रैली के बाद कहा, मैं मान्या के जैसी बेटी पाकर भाग्यशाली हूं। उसने अपने सपने को हासिल करने के लिए दिन-रात एक कर दिया। हम उसके साथ खड़े रहे और उसने यह सब कर दिखाया। अब, मुझे आशा है कि सभी माता-पिता अपनी बेटियों को आसमान छूने के लिए प्रोत्साहित करेंगे। कृपया अपनी बेटियों का समर्थन करें, ताकि वे सपने देखती रहें। मुंबई में जन्मीं मान्या का पालन पोषण उत्तर प्रदेश के छोटे से शहर हाटा में हुआ था। मान्या को पिछले सप्ताह एक समारोह में वीएलसीसी फेमिना मिस इंडिया 2020 रनर-अप का ताज पहनाया गया। ओमप्रकाश (45) अपने परिवार के साथ कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे तो वह अपने आंसुओं को रोक नहीं पा रहे थे जबकि 38 वर्षीय मनोरमा ने अपनी बेटी और छोटे बेटे को शिक्षित करने के अपने संघर्ष को याद किया।